धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, सोमवार

31.07.2023

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

* नगर संस्करण । पेज : 12 | श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी/ चतुर्दशी, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 21 | khabarmantra.net

# आज पेश होगा अनुपूरक बजट, भिड़ेंगे पक्ष-विपक्ष

## मानसून सत्र : माननीयों के वेतन-भत्ता वृद्धि पर भी चर्चा संभव

**उदय चौहान**

**रांची।** दो दिन के अवकाख के बाद सोमवार को विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन राज्य का अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। इसको लेकर सत्ताधारी दलों की तैयारी पूरी हो गयी है। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने विभिन्न मुद्दों को लेकर सत्तापक्ष से भिड़ने का ट्रेलर बीते शुक्रवार को ही दिखा चुका है।

**माननीयों के वेतन वृद्धि का मामला :** सूत्रों के अनुसार विधानसभा में सोमवार को ही विधायकों व मंत्रियों के वेतनादि में वृद्धि का मामला चर्चा में शामिल हो सकता है। बजट सत्र में ही विरोधी दल के विधायक भानु प्रताप शाही ने दिल्ली के तर्ज पर वेतना बृद्धि का आग्रह किया था। जिस पर स्पीकर ने भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया था। इस कमेटी ने अपनी अनुशंसा विधानसभा सचिवालय को सौंप दी है। सूत्रों के अनुसार मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान वन विभाग, शिक्षा विभाग, पर्यटन कला संस्कृति खेल कूद विभाग, उद्योग और खान विभाग से संबंधित सवालों के जवाब होंगे। बुधवार को नगर विकास, भवन निर्माण, पथ निर्माण, परिवहन, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से संबंधित सवालों पर सरकार का उत्तर निर्धारित है। गुरुवार को कृषि, जल संसाधन, खाद्य आपूर्ति, महिला बाल विकास, कल्याण विभाग के प्रश्न-उत्तर होंगे। अंतिम दिन 4 अगस्त को श्रम विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग, राजस्व निबंधन, उत्पाद विभाग से जुड़े सवाल किये जायेंगे। आखिरी दिन सदन नेता सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का समापन भाषण होगा।

(शेष पेज 11 पर)

## मणिपुर घटना के विरोध में आज सदन के बाहर इंडिया का प्रदर्शन

### बीरेंद्र सिंह को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** झारखंड कांग्रेस के संयोजन में रविवार को विपक्षी गंठबंधन आइएनडीआईए की बैठक में मणिपुर का मामला छाया रहा। बैठक में सभी दलों के नेताओं ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया वे एकजुट होकर विधानसभा व राजभवन से लेकर हर जिले में धरना-प्रदर्शन करेंगे। 31 जुलाई को मणिपुर मुद्दे पर विधानसभा के गेट नंबर 3 पर प्रदर्शन करेंगे।

वहीं 01 अगस्त को राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन होगा। गंठबंधन की इस पहली बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मणिपुर की एन बीरेंद्र सिंह की सरकार को बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाये। बैठक में नेताओं ने सीपीएम नेता सुभाष मुंडा की हत्या को वीभत्स घटना करार देते हुए उसकी निंदा की। साथ ही इस बात पर संतोष जताया कि घटना के बाद खुद सीएम इस मामले को लेकर बेहद गंभीर हैं। बैठक के बाद श्री ठाकुर ने पत्रकारों को बताया कि डबल इंजन की सरकार मणिपुर में पूरी तरह से फेल है। वहां आदिवासियों पर हर दिन जुल्म बढ़ता ही जा रहा है। केंद्र सरकार मौन है। राष्ट्रपति को चाहिए कि अब मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दें। मणिपुर हिंसा की आग में जल रहा है। देश के पीएम और उनकी सरकार मूक बनी हुई है।

# अवैध तरीके से संचालित बालगृह सील

## औचक निरीक्षण में एनसीपीसीआर ने पकड़ी कई खामियां

- 17 कोरेक्स की बोतल जब्त, प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने रेनबो बालगृह को रविवार को सील कर दिया। आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने रेनबो बालगृह केऔचक निरीक्षण के दौरान गड़बड़ियां पायी। बालगृह से बिना डॉक्टर के पर्चे के 17 बोतलें कोरेक्स कफ सिरप भी जब्त किया गया। आयोग को सूचना मिली थी कि नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित गिरिजा देवी शाहदेव राजकीयकृत विद्यालय में रेनबो बाल गृह का अवैध तरीके से संचालन किया जा रहा है। जांच के बाद प्रियंक कानूनगो ने बाल गृह के खिलाफ नगड़ी थाना में मामला दर्ज कराया है। गौरतलब हो कि यहां अलग-अलग जगहों से रेस्क्यू किये गये बच्चों को पहले ही प्रेमाश्रय में भेजने को कहा। निरीक्षण में एक बालक मजदूरी करते पाया गया। रजिस्ट्रेशन नहीं होने के बावजूद भी बालगृह गलत तरीके से सरकारी सुविधाएं प्राप्त कर रहा था।

**हटाने के निर्देश के बावजूद थी सात बच्चियां :** जिन सात बच्चियों को अलग-अलग दो बाल गृहों में रखने का आदेश दिया गया था, वो इस बाल गृह में पायी गयी हैं। ये दोनों एनजीओ करोड़ों की विदेशी सहायता व राज्य सरकार के फंड का लाभ उठा रही हैं। एक अन्य मिशनरी संस्था भी बालगृह के बच्चों के नाम पर सरकारी और विदेशी फंड का लाभ उठाती पायी गयीं।

(शेष पेज 11 पर)

## पाक में धमाका 40 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में रविवार को एक इस्लामी राजनीतिक दल के एक सम्मेलन में हुए विस्फोट में 40 लोगों की मौत हो गयी। धमाके में 50 अन्य घायल लोग घायल हैं। 'जियो न्यूज' ने पुलिस के हवाले से बताया कि यह विस्फोट बाजौर के खार में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम-फजल (जेयूआई-एफ) के कार्यकर्ता सम्मेलन में हुआ। यह एक सुसाइड हमला था, जो इतने बड़े पैमाने पर लोगों की जिंदगी पर भारी पड़ा। घायलों और मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है। पुलिस ने कहा कि इस विस्फोट में करीब 200 लोग घायल हो गये और उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# मास्को पर यूक्रेन का लगातार ड्रोन अटैक, एयरपोर्ट बंद

## रूस ने कहा- करारा जवाब देंगे, अमेरिका पर लगाया आरोप

**एजेंसी**

**मास्को।** यूक्रेन ने रूस पर बड़ा और ताबड़तोड़ हमला बोला है। रूस की राजधानी मास्को की दो इमारतों को यूक्रेन ने ड्रोन हमला कर निशाना बनाया है। इन हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ पर दोनों भवनों को क्षति पहुंची है। रूसी सैनिकों ने दो अन्य ड्रोन को मार गिराने का भी दावा किया है। मॉस्को के मेयर के अनुसार, रविवार तड़के रूसी राजधानी पर ड्रोन हमले में दो कार्यालय ब्लॉक क्षतिग्रस्त हो गये। हमले से शहर में एक हवाई अड्डे को बंद करना पड़ा। इस बीच, रूसी सेना ने मॉस्को शहर के ऊपर मंडरा रहे तीन अन्य यूक्रेनी ड्रोनों को रोक दिया। हमले की निंदा कर रूसी रक्षा मंत्रालय ने इसे आतंकवादी हमले का प्रयास कहा है। साथ ही इसका कड़ा जवाब देने की बात कही है। कहा कि ऐसे हमले अमेरिका और उसके नाटो सहयोगियों द्वारा कीव शासन को दी गई सहायता के बिना संभव नहीं हो सकते। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा, मॉस्को शहर में इमारतों पर मानव रहित हवाई वाहनों के साथ कीव शासन के आतंकवादी हमले के प्रयास को विफल कर दिया गया है।

(शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### दो अधिकारियों पर होगी विभागीय कार्यवाही

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी और अंचल अधिकारी चक्रधरपुर बाल किशोर महतो के खिलाफ विभागीय कार्यवाही होगी। उनके खिलाफ अवैध नामांतरण एवं भूमि सुधार न्यायालय, चक्रधरपुर द्वारा पारित आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप है।

### स्पेन को 3-0 से हरा कर भारत चैंपियन

**बार्सिलोना।** स्पेन में बार्सिलोना के टेरासा में आयोजित तीन देशों के टोरनेओ डेल सेंटेनारियो 2023 महिला हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय महिला टीम ने रविवार को फाइनल मुकाबले में स्पेन को 3-0 से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

### कुलगाम में सेना का एक जवान लापता, खोज जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले से शनिवार शाम से सेना का एक जवान कथित तौर पर लापता है। जवान के परिवार ने जानकारी दी है कि कुलगाम जिले के अचथल निवासी जावेद अहमद वानी शनिवार शाम लापता हो गये हैं। जानकारी के मुताबिक लद्दाख क्षेत्र में तैनात वानी छुट्टी पर थे।

### गढ़वा में इनामी सब जोनल कमांडर धराया

**गढ़वा।** गढ़वा पुलिस ने पांच लाख के इनामी उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर मनोज परहिया को गिरफ्तार किया है। मनोज रमकंडा थाना क्षेत्र के गौरियाकरम का निवासी है। मनोज पूर्व में टीएसपीसी उग्रवादी संगठन से जुड़ा था।

### पीएम की बैठक में शामिल होंगे रघुवर

**रांची।** पीएम्र मोदी ने 31 को लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड, बंगाल, ओडिशा के सभी सांसद और संगठन प्रभारियों की बैठक बुलायी है। बैठक रघुवर दास भी शामिल होंगे।

### मोदी को आज लोकमान्य तिलक पुरस्कार मिलेगा

**नयी दिल्ली।** पीएमओ से रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि पीएम मोदी को 1 अगस्त लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार लोकमान्य तिलक की विरासत का सम्मान करने के लिए 1983 में तिलक स्मारक मंदिर ट्रस्ट ने गठित किया था।

### इसरो ने एक साथ 7 सैटेलाइट लॉन्च किया

**श्रीहरिकोटा।** इसरो ने सिंगापुर के सात उपग्रहों को ले जा रहे अपने भरोसेमंद पीएसएलवी रॉकेट से सफल प्रक्षेपण किया और इन उपग्रहों को उनकी कक्षा में स्थापित किया। प्रक्षेपण के करीब 23 मिनट बाद उपग्रह रॉकेट से अलग हुआ।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

# झारखंड, बिहार, यूपी में भारी बारिश की चेतावनी

## आइएमडी ने कई राज्यों में जारी किया अलर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, नयी दिल्ली।** देशभर में झमाझम बारिश का दौर जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएसडी) ने झारखंड, बिहार, यूपी, ओडिशा और गोवा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। स्काईमेट वेदर के अनुसार 24 घंटों के दौरान झारखंड बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पूर्वी मध्य प्रदेश, कोंकण और गोवा और पूर्वोत्तर भारत में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभावना है।

### झारखंड में मानसून सक्रिय

झारखंड में शनिवार देर रात भारी बारिश के साथ मानसून सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि दो अगस्त तक मानसून सक्रिय रहेगा। इस कारण सभी जिलों में बारिश होगी। इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। बंगाल की खाड़ी में एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। इसका करीब पांच दिनों तक असर रह सकता है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने रविवार को बताया कि रांची के अलावा गुमला, सिमडेगा आदि जिलों में भी अच्छी बारिश हो रही है। मानसून की सक्रियता से अगले तीन दिन तक बारिश जारी रहने का अनुमान है। झारखंड में अभी औसत से 49 फीसदी कम बारिश हुई है। इसके कारण यहां धान की रोपनी भी प्रभावित हुई है।

**धनबाद के कई इलाकों में घुसा पानी :** धनबाद में हुई जोरदार बारिश ने लोगों को मुसीबत में डाल दिया है। बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस चुका है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में बहने वाले नाले पर अतिक्रमण कर बिल्डिंग बना दिये गये हैं, इस कारण पानी की निकासी का कोई विकल्प ही नहीं बचा है। तमाम रास्तों पर भी बारिश के पानी का जमाव हो गया है। लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। मूसलाधार बारिश के कारण जिले में बन रहे आठ लेन सड़क के आसपास नावाडीह इलाके में करीब 200 घरों में बारिश का पानी घुस गया है। नीचे के इलाकों के घर में भी पानी घुसा हुआ है।

# आज विष्णु अग्रवाल से पूछताछ

## जमीन घोटाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू स्थित सेना व अन्य जमीन घोटाले मामले में न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल से आज इडी के अधिकारी पूछताछ कर सकते हैं। बीते दिनों इडी ने पूछताछ को लेकर पांचवीं बार उन्हें समन जारी कर 31 जुलाई को पूछताछ के लिए इडी कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। पूछताछ के लिए इडी ने उन्हें अब तक कई बार समन जारी कर चुकी है। लेकिन निजी कारणों व खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए वह इडी ऑफिस नहीं गये। इस महीने उन्हें पांच बार इडी समन जारी कर पूछताछ के लिए बुला चुकी है। पहली बार 17 जुलाई को बुलाया था तब बीमारी का हवाला देकर उन्होंने तीन हफ्ते की मोहलत मांगी थी। बाद में उन्हें फिर से 26 को बुलाया लेकिन उन्होंने इडी को मेल कर कहा कि उनके घर में पूजा है इसलिए वह नहीं आ पायेंगे। रांची के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ और सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री की जांच के सिलसिले में कारोबारी विष्णु अग्रवाल का नाम भी सामने आया था।

## मोदी के मंत्री का दावा नीतीश आयेंगे एनडीए में

**पटना।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को कहा कि भाजपा से नाता तोड़ने वाले नीतीश कुमार किसी भी समय एनडीए में लौट सकते हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश पहले राजग का हिस्सा थे और पिछले बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा को अधिक सीटें मिली थी, इसके बावजूद उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया था। वह फिर एनडीए में लौटेंगे। उन्होंने कहा, कल मैं पटना में था और मुझसे नीतीश कुमार की नाराजगी की खबर के बारे में सवाल किया गया जो बेंगलुरु में विपक्षी पार्टियों की बैठक से पहले ही लौट आये थे।

## मन की बात में बोले मोदी : सर्वजन हिताय भारत की भावना और ताकत

# पेड़ लगायें, पानी बचाने के प्रयासों का हिस्सा बनें

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि मानसून का महीना, बारिश का महीना है, बीते कुछ दिन, प्राकृतिक आपदाओं के कारण, चिंता और परेशानी से भरे रहे हैं। पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि इन आपदाओं के बीच, हम सब देशवासियों ने फिर दिखाया है। आपदा के समय एकजुट हो जाना, सर्वजन हिताय भारत की भावना और ताकत है। रविवार को पीएम मोदी ने अपने चर्चित रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में जल संरक्षण, वृक्षारोपण समेत कई अन्य विषयों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, बारिश का यही समय वृक्षारोपण और जल संरक्षण के लिए भी उतना ही जरूरी होता है। मोदी ने कहा, 'मैं चाहूंगा कि हम सभी पेड़ लगाने और पानी बचाने के इन प्रयासों का हिस्सा बनें।

(शेष पेज 11 पर)

### एकता ही हमारा बल



पीएम मोदी ने मन की बात में हाल के दिनों में कुछ आपदाओं के बीच, हम सब देशवासियों ने फिर दिखाया है, कि, सामूहिक प्रयास की ताकत क्या होती है। स्थानीय लोगों ने, हमारे एनडीआरएफ के जवानों ने, स्थानीय प्रशासन के लोगों ने, दिन-रात लगाकर ऐसी आपदाओं का मुकाबला किया है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा से निपटने में हमारे सामर्थ्य और संसाधनों की भूमिका बड़ी होती है। इसके साथ ही, हमारी संवेदनशीलता और एक दूसरे का हाथ थामने की भावना, उतनी ही अहम होती है। सर्वजन हिताय की यही भावना भारत की पहचान भी है और भारत की ताकत भी है।





वर्तमान में हम सभी वन एवं वृक्ष की आवश्यकता एवं महत्ता से अनभिज्ञ नहीं हैं। वन एवं वृक्ष हमें प्रत्यक्ष रूप से ऑक्सीजन, आयुर्वेदिक औषधियाँ, फल, फूल, काष्ठ, लाह आदि प्रदान करते हुए अप्रत्यक्ष रूप से भू एवं जल-संरक्षण, जैव-विविधता संरक्षण के साथ-साथ पारिस्थितिकी संतुलन बनाये रखने में सहायता प्रदान करता है। आज पृथ्वी पर घटती, हरियाली, बढ़ते मरुस्थलीकरण, पारिस्थितिकी-तंत्र का ह्रास, जल एवं वायु-प्रदूषण, ग्लोबल-वार्मिंग तथा अनियमित जलवायु-परिवर्तन का कारण बन रहा है।

हम झारखंडवासियों को गर्व है कि हमें प्राकृतिक रूप से जल, जंगल तथा जमीन के रूप में प्रचूर संपदा मिली हुई है। हमारे प्रयास से वनों के क्षेत्रफल एवं गुणवत्ता में वृद्धि हुई है, परंतु वह अभी संतोषजनक नहीं है। हमें वृहद् रूप से वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण के संरक्षण, पारिस्थितिकी-तंत्र के असंतुलन, जल एवं वायु-प्रदूषण, ग्लोबल-वार्मिंग आदि पर नियंत्रण प्राप्त करने हेतु सार्थक प्रयास जारी रखना है।

अनुरोध है कि हम संकल्प लें कि इस वर्षा ऋतु में, हम सभी झारखंडवासी कम से कम दो वृक्ष लगायेंगे तथा भविष्य में इसकी देख-भाल करते हुए सुरक्षा प्रदान कर पूर्ण वृक्ष के रूप में विकसित करते हुए सामने उपस्थित कठिनाईयों को दूर करने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

**श्री रविन्द्र नाथ महतो**
माननीय अध्यक्ष, विधानसभा
झारखंड

जोहार !
जय झारखंड

PRNO 303579 (Forest, Environment and Climate Changes) IPRD 23-24

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार

# अधिकारियों की संख्या बढ़ने के बाद भी एसपी रैंक के 28 पद रिक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या बढ़ने के बाद भी एसपी रैंक के 28 पद खाली और प्रभार में हैं। हाल ही में 24 डीएसपी रैंक के अधिकारियों को एसपी रैंक में प्रमोशन दिया गया। इसके बाद झारखंड में एसपी रैंक के अधिकारियों की संख्या बढ़कर 100 हो गई। जिनमें 17 ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। आठ एएसपी के पद पर हैं और नौ केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। इसके अलावा 40 एसपी रैंक के अधिकारी विभिन्न जिलों में एसपी, वाहिनी समादेष्ठा, सीआईडी और एसीबी में पदस्थापित हैं।

**कहां का पद है खाली**
- -सिटी एसपी धनबाद
- -ग्रामीण एसपी धनबाद
- -ग्रामीण एसपी रांची
- -एसपी सीएम सुरक्षा
- -स्पेशल ब्रांच में दो एसपी
- -एसपी ऑपरेशन
- -एसपी एससीआरबी
- -एसपी एसटीएफ
- -जैप 2 कमांडेंट
- -जैप 6 कमांडेंट
- -आईआरबी 2 कमांडेंट
- -आईआरबी 8 कमांडेंट
- -रेल एसपी धनबाद
- -एसपी एसीबी
- -एसपी वायरलेस
- -एसपी जेएपीटीसी
- -एसपी सीटीपीसी मुसाबनी
- -एसपी जंगल वार फेयर स्कूल

**ये हैं सेंट्रल डिपुटेशन पर**
- -पी मुरुगन
- -जया रॉय
- -शिवानी तिवारी
- -अखिलेश वॉरियर
- -अंशुमन कुमार
- -प्रशांत आनंद
- -हरिलाल चौहान
- -प्रियंका मीणा
- -विनीत कुमार

**एसपी स्तर के ये पद हैं प्रभार में**
- -एसपी होमगार्ड
- -आईआरबी 1 कमांडेंट
- -आईआरबी 3 कमांडेंट
- -आईआरबी 4 कमांडेंट
- -आईआरबी 9 कमांडेंट
- -आईआरबी 10 कमांडेंट
- -एसआईआरबी 1 एसपी
- -एसआईआरबी 2 एसपी
- -एसआईएसएफ बोकारो

## दो बैच के 8 आइपीएस में 4 को एसपी रैंक में मिली प्रोन्नति, चार कर रहे इंतजार

झारखंड में दो बैच के आठ आईपीएस में से चार को एसपी रैंक में प्रोन्नति मिल गयी। लेकिन इसी बैच के चार अन्य आईपीएस को अबतक एसपी रैंक में प्रोन्नति नहीं मिल पायी है। झारखंड कैडर के 2018 बैच के मुकेश लुनायत, के विजय शंकर, मनोज स्वगीर्यारी को सात अप्रैल 2022 को सरकार ने एसपी रैंक में प्रोन्नति दे दी। लेकिन इसी बैच के हरविंदर सिंह अभी तक बतौर एएसपी ही काम कर रहे हैं। इसी तरह 2019 बैच के शुभांशु जैन को सरकार ने एसपी रैंक में प्रोन्नति दे दी। लेकिन इसी बैच के ऋषभ गर्ग, सुमित कुमार अग्रवाल और कपिल चौधरी अभी तक एएसपी ही बने हुए हैं।

## आकलन परीक्षा का प्रश्न पत्र देखते ही पारा शिक्षकों का पारा हुआ गरम, कहा

# जेपीएससी से भी कठिन था प्रश्न पत्र

**राजधानी रांची में दो समेत राज्यभर के 81 केंद्रों पर अयोजित की गयी परीक्षा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के करीब 43 हजार पारा शिक्षकों के लिए रविवार को आकलन परीक्षा का आयोजन किया गया था। दो सेंटर राजधानी में भी बनाये गये थे। इस परीक्षा में अकलन परीक्षा का प्रश्न पत्र देखते ही पारा शिक्षकों को पारा हो गरम हो गया। पारा शिक्षकों ने कहा कि आकलन परीक्षा में पूछे गये पेपर जेपीएससी के पेपर से भी कठिन थे। उन्होंने कहा कि जब 1975 में देश में राष्ट्रीय आपातकाल लागू किया गया था, तब भारत का राष्ट्रपति कौन था? इंडोनेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और श्रीलंका में कौन आसियान का सदस्य नहीं है? कौन सी रेखा भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा निर्धारित करती है? कुछ इसी तरह के प्रश्न पारा शिक्षकों के लिए आयोजित आकलन परीक्षा में पूछे गए थे। यही कारण था कि पारा शिक्षकों ने जैक और सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रश्नों का सेट जारी करने पर उन्हें घोर आपत्ति है। संघ सरकार से मांग करती है, कि बिहार की तर्ज पर सौ अंकों की परीक्षा लेकर वेतनमान देने का कार्य करे न की कठिन प्रश्न पूछ कर और मानसिक तनाव दे। अन्य राज्यों में भी सामान्य परीक्षा लेकर ही वेतनमान दिये जा रहे हैं तो फिर झारखंड में सौतेला व्यवहार क्यों।

### आकलन परीक्षा में 43 हजार पारा शिक्षक हुए शामिल

बताते चलें कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से आयोजित इस परीक्षा के लिए राज्य भर में 81 केंद्र बनाये गये हैं। इन केंद्रों पर लगभग 43 हजार पारा शिक्षक शामिल हुए। इस परीक्षा में वैसे पारा शिक्षक शामिल हुए हैं, जिन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) पास नहीं की है। इस परीक्षा को पास करने के बाद पारा शिक्षकों के मानदेय में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की जायेगी। इस परीक्षा को लेकर राजधानी रांची में पारा शिक्षकों के आकलन परीक्षा को लेकर दो केंद्र बनाये गये थे। रांची में मारवाड़ी कॉलेज और निर्मला कॉलेज में सेंटर बनाया गया था। इस परीक्षा में कक्षा एक से पांच में लगभग 36 हजार व छह से आठ में सात हजार शिक्षक परीक्षा में शामिल हुए हैं। परीक्षा ओएमआर शीट पर और सीसीटीवी की निगरानी में आयोजित की गयी। मारवाड़ी गर्ल्स कॉलेज और निर्मला कॉलेज में आयोजित परीक्षा में करीब 1894 अभ्यर्थी शामिल हुए। मारवाड़ी गर्ल्स कॉलेज में लेवल वन में 1539 और लेवल टू में 177 अभ्यर्थी शामिल हुए। वहीं निर्मला कॉलेज में लेवल वन में 123 और लेवल टू में 55 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। डीईओ कार्यालय की ओर से शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से परीक्षा करवायी गयी।

### पारा शिक्षकों में आक्रोश

हृषिकेश पाठक ने कहा कि 20 वर्ष से सेवारत पारा शिक्षकों से टेट से भी कठिन परीक्षा लेना, समझौता के प्रतिकूल पूर्ण अंकों का निर्धारण और परीक्षा फीस आठ सौ रूपये रखना ये सब सरकार की चाल थी, जिसका परिणाम आज शिक्षक भुगत रहे हैं। सरकार चुनाव में किये गये वादा सभी को वेतन मान देने का पूरा नहीं करती है तो विधानसभा चुनाव में पारा शिक्षक सरकार को अपनी ताकत का एहसास करा देंगे। अतुल कुमार, ऋषिकांत तिवारी, बेलाल अहमद, बीरेंद्र राय, सुमित तिवारी, शैलेश सुंडी समेत सभी शिक्षको ने जैक और सरकार के इस प्रकार के प्रश्नों का सेट जारी करने पर आपत्ति दर्ज की है।

## राजेंद्र प्रसाद ने रघुवर दास को दी बधाई



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से शिष्टाचार मुलाकात की और उन्हें तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि रघुवर दास पर भाजपा आलाकमान ने भरोसा जताया है और उन्हें फिर से केंद्रीय टीम में शामिल किया है।

## राज्य सरकार स्थानीय व नियोजन नीति स्पष्ट करे : किसलय तिवारी

**भाजयुमो ने कहा- शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के माध्यम से फिर युवाओं को ठग रही सरकार, सीटेट पास आदिवासी मूलवासी बेरोजगारों को शिक्षक नियुक्ति में अवसर दे राज्य सरकार**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा है कि स्थानीय व नियोजन नीति राज्य सरकार को अविलंब स्पष्ट करना चाहिये। श्री तिवारी रविवार को भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतवर्ष की सबसे निकम्मी, युवा विरोधी एवं रोजगार विरोधी गठबंधन सरकार है। मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाकर सत्ता में आने वाले हेमंत सोरेन सरकार को हर झारखंडी युवा भली- भांति पहचान चुका है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा राज्य के नौजवानों की हर संघर्ष एवं लड़ाई में साथ देने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार लगातार झारखंडी युवाओं को छलावा दे दी है। शिक्षक नियुक्ति के नाम पर एक बार पुनः गठबंधन सरकार ने युवाओं के बड़े तबके को नजर अंदाज करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि हाल ही में शिक्षक नियुक्ति का राज्य सरकार ने विज्ञापन निकाला है। लेकिन, यह दुर्भाग्य है कि इसमें भी लगभग ढाई लाख प्रशिक्षित एवं सीटेट उत्तीर्ण झारखंडी युवा परीक्षा में शामिल होने से वंचित रह जायेंगे। 2016 के बाद झारखंड में सीटेट की परीक्षा नहीं हुई है । परंतु यह दुर्भाग्य है कि राज्य सरकार सीटेट उत्तीर्ण झारखंडी युवाओं को अवसर नहीं दे रही है। झारखंड के बहुत सारे नौजवान बीएड एवं डीएलएड की डिग्री होने के बावजूद शिक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने से वंचित कर दिये गये हैं। वर्ष 2016 के बाद से अब तक झारखंड में शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं ली गई है। I7 वर्षों में लगभग ढाई लाख अभ्यर्थी बीएड एवं डीएलएड करने के बाद टेट का इंतजार कर रहे थे। इसमें झारखंड के आदिवासी- मूलवासी युवा अपनी मेधा के बल पर सीटेट उत्तीर्ण हो चुके हैं । वर्तमान में जो 26001 पदों पर शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया की विज्ञापन निकाली गई है । एनसीटीई के प्रावधान के अनुसार यह ढाई लाख झारखंड के बेरोजगार नौजवान शिक्षक बनने के योग्य है।

उन्होंने कहा कि सत्ता के नशे में मदहोश राज्य सरकार ने युवाओं को अयोग्य मानते हुये परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दे रही है। भाजयुमो मुख्यमंत्री से मांग कर रही है कि अभिलंब विज्ञापन में संशोधन कर सीटेट उत्तीर्ण युवाओं को शिक्षक नियुक्ति परीक्षा में शामिल होने का मौका दें। मुख्यमंत्री अगर राज्य की युवाओं के साथ धोखा देने का प्रयास करेंगे तो भाजयुमो चुप नहीं बैठने वाली है। इस अवसर पर निशांत कुमार, सत्यदेव मुंडा, सूर्यप्रभात भी उपस्थित थे।

## ₹3.28 करोड़ में होगा जामताड़ा पुलिस लाइन का कायाकल्प

**रांची।** जामताड़ा पुलिस लाइन का ₹3.28 करोड़ की लागत से कायाकल्प होगा। इसमें आवासीय भवन और साइट डेवलपमेंट के कार्य होंगे। गृह सचिव द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जामताड़ा पुलिस लाइन में पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के लिए विभिन्न आवासीय भवनों और साइट डेवलपमेंट निर्माण योजना के लिए ₹62.10 करोड़ की स्वीकृति मिली है। पुलिस मुख्यालय ने 16 जून को पत्र लिखकर इस योजना के लिए ₹3.28 करोड़ रुपए के आवंटन निर्गत करने का प्रस्ताव मिला है। ₹3.28 करोड़ का आवंटन किया गया है। आवंटित राशि की निकासी और व्ययन पदाधिकारी रांची एसएसपी होंगे। वहीं राशि निकासी जिला कोषागार रांची से होगी। डीजीपी को निर्देश दिया गया है कि वह राशि की निकासी करने से पूर्व संतुष्ट हो लें कि जिस राशि निकासी की जा रही है, वह सही है और इसकी पूर्व में निकासी नहीं की गयी है। किसी भी प्रकार की अवैध निकासी होने पर निकासी और व्ययन अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

## कोडरमा : आकलन परीक्षा में मिला मुन्ना भाई, गिरफ्तार

**परीक्षार्थी के बदले दूसरा युवक दे रहा था परीक्षा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कोडरमा जिले के जेजे कॉलेज में अयोजित पारा शिक्षकों के लिए आकलन परीक्षा में एक मुन्ना भाई अरेस्ट हुआ है। बताया जा रहा है कि वह एक परीक्षार्थी के बदले परीक्षा देते हुए पकड़ा गया है। सतगावां प्रखंड के मवि शिवपुर के सहायक अध्यापक शंभू पासवान ने अपने बदले परीक्षा में अपने साढ़ू के बेटे को स्कॉलर के रूप में बैठाया था। परीक्षा के दौरान संदेह होने की स्थिति में उसे पूछताछ के बाद पकड़ा गया, जिसका नाम पिंटू बताया गया है और वह गया का रहने वाला है। उसके अलावे मूल परीक्षार्थी सहायक अध्यापक शंभू पासवान के भी पकड़े जाने की सूचना है। बताया जाता है कि इसको लेकर जेजे कॉलेज के प्राचार्य सह केंद्र अधीक्षक के बयान पर कोडरमा थाना में आवेदन दिया गया है। खबर लिखे जाने तक मामला दर्ज कराने की प्रकिया चल रही थी। इस बाबत कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले को लेकर आवेदन आया है, आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## चक्रधरपुर अंचल के सीओ बालकिशोर महतो पर चलेगी विभागीय कार्यवाही

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के अधिकारी व अंचल अधिकारी चक्रधरपुर बाल किशोर महतो के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलेगी। राज्य सरकार ने उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत आइएएस अधिकारी अरविंद कुमार को जांच संचालन पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया है। उनके खिलाफ अवैध तरीके से नामांतरण करने एवं भूमि सुधार न्यायालय, चक्रधरपुर द्वारा पारित आदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप है। पूरे मामले पर चाईबासा के डीसी ने सात फरवरी 2023 को **प्रपत्र-क** गठित कर कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इसके बाद इसकी जांच की गयी प्रथम द्दष्टया आरोप प्रमाणित पाया गया। अब सरकार ने विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। पदाधिकारी को 15 दिनों में जवाब समर्पित करने को कहा है।

## आइएनडीआइए की नजरों में यहां की बहन बेटियों की इज्जत ही नहीं : प्रदीप वर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने आइएनडीआइए गठबंधन पर कड़ा प्रहार किया है। डॉ वर्मा ने कहा कि सत्ता के लिए लालायित इस गठबंधन दलों की नजरों में झारखंड के बहन-बेटियों की इज्जत नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, झामुमो राजद सहित गठबंधन में शामिल दलों को हजारों मील दूर मणिपुर की घटना दिखाई दे रही है लेकिन, राज्य में उनकी नजरों के सामने रोज रोज घट रही दुष्कर्म, हत्या नहीं दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा की लगभग 5500 बहन बेटियों की इज्जत पिछले साढ़े तीन वर्षों में लूटी गई है। जिसमें अधिकांश आदिवासी, दलित समाज की हैं लेकिन, आदिवासी मुख्यमंत्री को इससे कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि रुबिका पहाड़िया को टुकड़ों में काटा जाना, अंकिता को पेट्रोल से जलाया जाना, आदिवासी बेटी को दुष्कर्म के बाद पेड़ से लटका देना, चलती कार में गैंग रेप, ट्रेनिंग करने वाली प्रशिक्षुओं से दुष्कर्म जैसी घटनायें इनके लिए सामान्य घटना है। उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों में 72 महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने की घटनाएं सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि इनके गठबंधन के महिला कार्यकर्ता खुलकर इस सरकार में महिलाओं के साथ घटित हो रही दुर्व्यवहार की घटनाओं पर बोल रही हैं लेकिन आईएनडीआईए के नेता मौन व्रत धारण किये बैठे हैं।

## आइएनडीआइए का उद्देश्य देश में प्रेम और भाईचारा बढ़ाना : आलमगीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के संयोजन में रविवार को आइएनडीआइए में शामिल दलों की पहली बैठक में कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि हमारा उद्देश्य देश में प्रेम और भाईचारा बढ़ाने की है लेकिन एनडीए की मंशा ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि इंडिया का गठन ही देश में शांति और अमन कायम करने के लिए हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए से मुकाबला करने के लिए आज साझा रणनीति बनी है। संसद में केन्द्र सरकार लोकतंत्र का मखोल उड़ा रही है।

उन्होंने कहा कि आइएनडीआईए के सांसद चाहते हैं कि सदन में नियम 267 के द्वारा चर्चा हो। इस चर्चा में मणिपुर की सच्चाई निकलकर सामने आये, लेकिन सत्ता पक्ष सरकार यह चाहती है कि चर्चा मात्र औपचारिकता के लिए हो। परन्तु कांग्रेस एवं विपक्षी दलों को विशेष चर्चा से कम मंजूर नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एवं विपक्षी दल केन्द्र सरकार की दोहरी नीतियों को देश की जनता के समक्ष उजागर करेगी।

### झारखंड में मजबूत है गठबंधन : विनोद पांडेय

झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि आज की साझा बैठक से जनता में यह मैसेज जाएगा कि जैसे केंद्रीय स्तर पर आइएनडीआईए बना है, उतना ही मजबूत झारखंड इंडिया गठबंधन भी है। विनोद पांडेय ने कहा कि आज की बैठक पूरी तरह मणिपुर की घटना पर केंद्रित थी। राज्य में लोकसभा चुनाव और अन्य मुद्दों पर फिर से बैठक की जाएगी।


### मणिपुर सरकार को बर्खास्त करें : खीरू

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने कहा कि मणिपुर की घटना को लेकर हमलोग चिंतित है। आगामी 01 अगस्त को पूरे राज्य के सभी जिलों में एवं राजभवन के समक्ष धरना देने जा रहे हैं, जिसको लेकर मैं अपने संगठन के सभी जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को यह संदेश दे दिया है कि इस धरना में ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल हों। इस धरना के माध्यम से केन्द्र सरकार को आगह करना चाहते हैं कि जितना जल्द हो सके मणिपुर की सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाये।

**ये नेता रहे बैठक में शामिल :** झारखंड इंडिया की बैठक में कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और शहजादा अनवर शामिल हुए। वहीं झामुमो की ओर से केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, लोकसभा सांसद विजय हांसदा और राज्य कोऑर्डिनेशन कमिटी के सदस्य फागु बेसरा शामिल हुए। सीपीआई से स्टेट कमिटी सदस्य अजय सिंह, तृणमूल कांग्रेस से जेपी साहू शामिल हुए। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से वरिष्ठ नेता राजेश यादव, रंजन कुमार और अरशद अंसारी शामिल हुए। जनता दल यू से प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो। वहीं आम आदमी पार्टी की झारखंड इकाई के प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव, प्रीतम कुमार मिश्रा और अन्य शामिल हुए।

## शिक्षक वेतनमान को लेकर स्कूली शिक्षा सचिव का नया आदेश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड के शिक्षकों के वेतनमान को लेकर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने नया आदेश जारी किया है। इसकी जानकारी उन्होंने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को 28 जुलाई, 2023 को दी है। यह आदेश गैर-सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों (सामान्य सहायता प्राप्त विद्यालयों सहित) में विहित प्रक्रिया पूर्ण करते हुए नियुक्त सहायक शिक्षकों के वेतनमान को लेकर है। गैर-सरकारी सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक विद्यालयों (सामान्य सहायता प्राप्त विद्यालयों सहित) में 30 अगस्त, 2022 अथवा उसके पूर्व विज्ञापित पदों पर 30 अगस्त, 2022 अथवा उसके पूर्व विहित प्रक्रिया पूर्ण करते हुए नियुक्त एवं संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा 30 अगस्त, 2022 अथवा उसके पूर्व अनुमोदित एवं पद पर योगदान कर चुके सहायक शिक्षकों को 9300-34800+ ग्रेड पे 4200 रुपये में अनुमोदन किया गया है, को अनुमोदित वेतनमान में वेतनादि एवं बकाया वेतनादि का भुगतान देय होगा। यह संबंधित जिला शिक्षा अधीक्षक की जवाबदेही होगी कि प्रत्येक ऐसे मामले में स्वीकृत पद प्रकाशित विज्ञापन में पद की योग्यता एवं वेतनमान और उसके अनुरूप नियुक्ति एवं उसके अनुमोदन और प्रमाण पत्रों के सत्यापन से संबंधित तथ्यों की शीघ्रता एवं पारदर्शितापूर्वक छानबीन करेंगे। भुगतान की कार्रवाई करेंगे।

## मामला वाणिज्यकर विभाग में एक ही पद पर वर्षों से जमे रहने का

# विश्वजीत पर सरकार मेहरबान, आइबी रांची से हटाकर दिया आइबी रांची का अतिरिक्त प्रभार

**आइबी मुख्यालय में पोस्टिंग और गिफ्ट में मिला सचिव वाणिज्य कर न्यायाधिकरण और राज्य कर उपायुक्त दक्षिणांचल**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वाणिज्य कर विभाग में पिछले दिनों 44 अधिकारियों का तबादला किया गया था। इनमें एक नाम विश्वजीत कुमार सिन्हा का भी है। श्री सिन्हा आईबी रांची में डीसी के पद पर कार्यरत थे। टर्म पूरा होते ही इनका स्थानांतरण डीसी के पद पर आईबी मुख्यालय कर दिया गया। परंतु आईबी रांची डीसी का इन्हें अतिरिक्त प्रभार दे दिया गया। वह पूर्व की भांति आईबी रांची में डीसी के पद पर बने रहेंगे। इतना ही नहीं, इन्हें रांची दक्षिण अंचल का डीसी और सचिव वाणिज्य कर न्यायाधिकरण का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। यही कारण है कि पिछले तीन दिनों से विश्वजीत सिन्हा विभाग में चर्चा के विषय बने हुए हैं। विभाग के अन्य अधिकारियों का कहना है कि कमिश्नर के करीब होने का उन्हें तोहफा मिला है।

### 7 सालों से एक ही पद पर जमे हैं कई अधिकारी

वाणिज्यकर विभाग में एक नाम और है ब्रजेश कुमार का। बताया जाता है कि यह भी विभाग के बड़े कृपा पात्र हैं। यही कारण है कि आईबी रांची में पिछले सात सालों से जमे हैं। 2013-14 में आईएएस अधिकारी केके खंडेलवाल के कृपा पात्र रहे ब्रजेश को आईबी रांची में पोस्टिंग मिली थी। इस दौरान वह आईबी मुख्यालय के अतिरिक्त प्रभार में भी थे। तीन साल बाद इनकी पोस्टिंग मुख्यालय में कर दी गयी और आईबी रांची अतिरिक्त प्रभार में दे दिया गया। अब, एक साल पूर्व पुनः उनकी पोस्टिंग आईबी रांची में कर दी गयी। इसी तरह डीसी संगीता लाल भी मुख्यालय से पश्चिमी अंचल घूम रही हैं। संगीता लाल डीसी मुख्यालय के पद पर कार्यरत थीं और पश्चिमी अंचल का अतिरिक्त प्रभार था। अब उनका पदस्थापन पश्चिमी अंचल में कर दिया गया है और मुख्यालय में डीसी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कुछ इसी तरह विभाग ने मेहरवानी संजय कुमार पर भी दिखाया है। संजय कुमार को राज्यकर सहायक आयुक्त के पद पर देवघर से हटाकर दुमका भेजा और साहिबगंज तथा पाकुड़ को गिफ्ट में दे दिया।

> विश्वजीत सिन्हा विभाग में एक काबिल अफसर है। पिछले वित्त वर्ष राजस्व वृद्धि में उनकी अहम भूमिका थी। विभाग में अधिकारियों की भी कमी है। यही कारण है कि मुख्यालय में पदस्थापन के साथ उन्हें आईबी रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जहां तक ट्रिब्यूनल की बात है तो वैट खत्म होने के बाद से यहां मामले कम आते हैं। इस कारण इनकी पोस्टिंग यहां भी कर दी गयी है।
>
> **संतोष वत्स, कमिश्नर, सेल्स टैक्स, झारखंड**

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने बढ़ते अपराध के खिलाफ दिया धरना



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि राज्य सरकार अपराध रोकने में नाकाम रही है। श्री तिवारी रविवार को राजभवन के समक्ष एक दिवसीय धरना को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची में दिन-दहाड़े राजनीतिक कार्यकर्ता सुभाष मुंडा की गोली मार कर हत्या कर दी गयी और हत्यारे अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन राजधानी में हत्या, लूट, दुष्कर्म आदि घटनायें घट रही है। इससे पता चलता है कि पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों में पुलिस का खौफ खत्म हो गया है। इस अवसर पर विरेन्द्र सिंह, आशीष शीतल मुंडा, मनोज कुमार, अविनाश कुमार, अशोक ठाकुर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना के बाद राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

## मंत्री के काफिले में सायरन बजाने पर दर्ज हो प्राथमिकी : सुधीर

**रांची।** अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर मंत्री के काफिले में सायरन बजाने पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मॉनसून सत्र के पहले दिन मंत्री के काफिले में सायरन बजने से दो महिला अधिवक्ता हड़बड़ी में दिवाइडर से टकरा गयीं और गंभीर रूप से घायल हो गयीं। उन्होंने बताया कि दूसरों को न्याय दिलाने मे भूमिका निभाने वाले अधिवक्ता जब उच्च न्यायालय के सामने ही अन्याय के शिकार हो रहे हैं तो मुख्य न्यायाधीश का हस्तक्षेप करना आवश्यक हो जाता है। उन्होंने कहा है कि पुलिस वाहन, सेना वाहन, एंबुलेंस, अग्निशामक वाहन के अलावा किसी वाहन में सायरन नहीं बजाया जा सकता है। लेकिन, नेताओं-मंत्रियों के काफिले मे सायरन और हूटर से पूरे राज्य की जनता परेशान है।

## रांची में होंगे तीन सिटी एसपी, जोन वाइज की जायेगी पोस्टिंग

**रांची।** राजधानी रांची में बढ़ती जनसंख्या और नगर निगम क्षेत्र के विस्तार को लेकर अब एसपी सिटी के तीन पद होंगे। वर्तमान में एक पद है अन्य दो पद सृजित होगा। सृजित पदों में एसपी सिटी साउथ और एसपी सिटी नॉर्थ का पद होगा। वहीं, ग्रामीण एसपी के क्षेत्र से नामकुम थाना, टाटीसिलवे थाना, कांके थाना व नगड़ी थाना का क्षेत्र सिटी एसपी के अधीन लाया जाएगा। इसके अलावा एएसपी लॉ एंड ऑर्डर के साथ डीएसपी धुर्वा या सचिवालय डीएसपी का भी एक नया पद होगा। इनके अंदर में धुर्वा थाना और तुपुदाना थाना होगा। सचिवालय क्षेत्र की सुरक्षा इन्हीं के जिम्मे होगी। रांची एसएसपी किशोर कौशल ने पुलिस मुख्यालय को रिपोर्ट भेज दी है। भेजी गयी रिपोर्ट पर सोमवार को गृह विभाग के बीच सुपुर्द कर दिया जाएगा।

**बीआइटी मेसरा क्षेत्र में एक अंचल इंस्पेक्टर रखा जाएगा :** हटिया डीएसपी के अंदर पुंदाग, अरगोड़ा, जगन्नाथपुर और एयरपोर्ट डोरंडा थाना रहेगा। इसके अलावा खेलगांव और बीआइटी मेसरा क्षेत्र में एक अंचल इंस्पेक्टर रखा जाएगा। वहीं खेलगांव, तुपुदाना, बीआइटी मेसरा, तुपुदाना ओपी, पुंदाग ओपी, एयरपोर्ट ओपी को भी थाना बनाया जायेगा।

### सीसीएल मुख्यालय सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# बच्चों के अधिकारों की हर हाल में हो रक्षा: डॉ मुंजपरा महेंद्रभाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ मुंजपरा महेंद्रभाई ने कहा कि किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल व संरक्षण) अधिनियम, 2015 को 2021 में संशोधित किया गया था, जिसने देशभर में बाल संरक्षण प्रणालियों को मानकीकृत किया है। इस प्रकार सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा की जाए और देश के हर कोने में बच्चों के कल्याण के लिए कदम उठाए जाएं। केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से रांची के सीसीएल सभागार में रविवार को आयोजित बाल संरक्षण, बाल सुरक्षा और बाल कल्याण पर क्षेत्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। मौके पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक काननूगो भी मौजूद थे। संगोष्ठी में चार राज्यों पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड एवं ओड़िशा के 1200 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।



### बच्चों को गोद लेना हुआ आसान

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि जुवेनाइल जस्टिस एक्ट में संशोधन के बाद बच्चा गोद लेने की प्रक्रिया आसान हुई है। अब जिलाधिकारी के माध्यम से ही बच्चा एडॉप्ट करने की प्रक्रिया की जा सकती है। मिशन वात्सल्य और किशोर न्याय अधिनियम में बदलाव के कारण बाल संरक्षण कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन जैसी महत्वाकांक्षी योजना बन पायी। भारत का किशोर न्याय अधिनियम काफी वृहद है। हम सबों को मिलकर इसके लिए धरातल पर काम करना है।

### बाल संरक्षण, सुरक्षा व कल्याण को लेकर जागरूकता जरूरी

संगोष्ठी को महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ मुंजपरा महेन्द्रभाई, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो, महिला एवं बाल विकास विभाग के अपर सचिव संजीव कुमार चड्ढा ने संबोधित किया। इस मौके पर झारखंड राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव भी उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में किशोर न्याय अधिनियम, नियमों में संशोधन पर ध्यान केन्द्रित किया गया। गोद लेने की प्रक्रियाओं पर इसके प्रभाव को भावी दत्तक माता-पिता द्वारा साझा किए गए अनुभव को रेखांकित किया गया।

### देश में 389 विशेष पॉक्सो अदालत का गठन

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ मुंजपरा महेन्द्रभाई ने कहा कि बच्चों के सर्वोत्तम हित और उनके स्थायी पुनर्वास में समुदाय को शामिल करते हुए सरकार ने गैर-संस्थागत देखभाल पर जोर दिया है। यह बच्चे को पारिवारिक वातावरण में बढ़ने और उसकी कठिन परिस्थितियों के आघात और सीमाओं को दूर करने का अवसर प्रदान करता है। केंद्र सरकार प्रति माह प्रति बच्चे चार हजार रुपये फॉस्टर केयर और आफ्टर केयर के रूप में स्पांसर करती है। पिछले साल 62,000 से अधिक बच्चों को इससे लाभान्वित किया गया था। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को यौन उत्पीड़न तथा उन्हें नुकसान पहुंचाने वाले अपराधों से बचाने के लिए दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम, 2012 से संबंधित मामलों की त्वरित सुनवाई एवं निपटान के लिए 389 विशेष पॉक्सो अदालतों सहित 1023 फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों (एफटीएससी) की शुरूआत की गई है।

### खबर एक नजर में



सुभाष मुंडा हत्याकांड मामले में आदिवासी मूलवासी मोर्चा ने रविवार को कैंडल मार्च निकाला।

### रिम्स में इलाज के दौरान 78 वर्षीय कैदी की मौत

**सरायकेला मंडल कारा से इलाज के लिए लाया गया था रिम्स**

रांची। रिम्स में इलाज के दौरान 78 वर्षीय कैदी दुलाल महतो की मौत हो गई है। बताते चलें कि कैदी चांडिल थाना क्षेत्र के सरायकेला खरसावां जिले का रहने वाला था। मंडल कारा सरायकेला से विशेष जांच एवं इलाज के लिए 5 जुलाई को एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में भर्ती किया गया था, जहां सेहत में सुधार नहीं होने के बाद 12 जुलाई को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर किया गया था। इलाज के क्रम में रविवार को कैदी की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### लोक जनशक्ति पार्टी की बैठक

**रांची।** जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला पदाधिकारियों की बैठक रविवार को प्रदेश कार्यालय ड्यूक मेंशन लाइन टैंक रोड में हुई। बैठक कों संबोधित करते हुए दिनेश सोनी ने कहा कि पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने यह निर्णय है की जिला के कुछ पदाधिकारी निष्क्रिय है और कुछ पदाधिकारी पार्टी को तोड़ने में लगे हुए हैं इन्हीं सब बातों को देखते हुए जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास का कमेटी को भांग किया जाता है और जल्द ही नई कमेटी की घोषणा कि जाएगी। बैठक में आनंद वर्मा सरवन कुमार प्रदीप कुमार पासवान अमित प्रजापति, रंजीत शुक्ला, रोहित कुमार, भास्कर कुमार, राजेंद्र कुमार, मुन्ना गौतम, ललन वर्मा एवं प्रमोद सिंह उपस्थित थे।

### बरियातू पुलिस ने ट्रैफिक के प्रति जागरूक किया

**रांची।** रांची एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर रांची ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त प्रयास से रांची शहर में चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के मददेनजर बरियातू थाना पुलिस ने बरियातू के लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी। बरियातू थाना के समीप चले इस अभियान में लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी। बरियातू थाना में पदस्थापित दारोगा सुजीत होनहांगा ने सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जानकारी लोगों को उपलब्ध कराया। इस अवसर पर बरियातू इंस्पेक्टर ज्ञानरंजन समेत कई समाजसेवी उपस्थित थे।

### जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष आप में शामिल



**रांची।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय चापू टोली में रविवार को मिलन सामरोह का आयोजन किया गया। माधुरी सोरेंग के नेतृत्व में जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अल्बर्ट एक्का और प्रदेश प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने अपने सैंकड़ो समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है। इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष अजय भगत ने कहा की आम आदमी पार्टी का जनाधार झारखण्ड में दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है आज पार्टी में शामिल होने वाले नये कार्यकर्ताओं का पार्टी में स्वागत है। पार्टी प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी सदस्यों का पार्टी में स्वागत है आप जैसे लोगों से पार्टी और अरविन्द केजरीवाल के हाथों को मजबूती मिलेंगी। सदस्ता कार्यक्रम के बाद आम आदमी पार्टी ने अपने कार्यालय से चापू टोली आदिवासी चौक तक कैण्डल मार्च कर मणिपुर घटना का विरोध किया। इसअवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष हरि सिंह, डॉ. अविनाश कार्यकारी सचिव नरायण, प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी सईद अख्तर, सोशल मीडिया संयोजक प्रीतम कुमार,महानगर अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक कुमार, दिनेश गुप्ता,ग्रामीण अध्यक्ष अशोक उराव, कार्यकारी अध्यक्ष आनंद कुमार,सहित अन्य उपस्थित थे।

### 8 जिलों के डीएसओ और 4 जिले के एडीएसओ बदले

**रांची।** खाद्य आपूर्ति विभाग ने 8 जिलों के जिला आपूर्ति पदाधिकारी और 4 जिलों के सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी को बदल दिया है। विभाग के अवर सचिव संजय कुमार ने सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नव पदस्थापित स्थान पर योगदान देने को कहा है ।जारी अधिसूचना के अनुसार जिन जिला आपूर्ति पदाधिकारियों को बदला गया है उनमें गौतम कुमार भगत को कोडरमा का जिला आपूर्ति पदाधिकारी बनाया गया है। इसी तरह सुदर्शन मुर्मू को गोड्डा, वासुदेव प्रसाद को लातेहार, प्रमोद राम को खूंटी, गुलाम समदानी को गिरिडीह, रंजीता टोप्पो को रामगढ़, राजीव रंजन को गढ़वा और पूनम कच्छप को गुमला का जिला आपूर्ति पदाधिकारी बनाया गया है। इनके अलावा 4 सहायक आपूर्ति पदाधिकारियों में श्याम नाथ पाठक को बुंडू में पदस्थापित करते हुए मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। इनके अलावा भीम उरांव को खूंटी। फिलिक्स आनंद कुमार एकका को नगर उंटारी, गढवा और राजशेखर को मधुपुर, देवघर का सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी बनाया गया है।

## भाजपा महानगर कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केके गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को रांची महानगर क्षेत्र में मोदी मन की बात सुनी गयी। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास धुर्वा मंडल में, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पांकी के विधायक शशिभूषण मेहता ने हरमू मंडल के बुथ संख्या 309 एवं 310 नव प्राथमिक विद्यालय आनन्दपुरी सुना। इसके अलावा विधायक सीपी सिंह अपर बाजार मंडल के बुथ संख्या 152 एवं विधायक नवीन जायसवाल अपने आवासीय कार्यालय में, समरी लाल बरियातु मंडल में मन की बात सुनी।

महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से बुथ के कार्यकर्त्ता में सक्रियता बढ़ती है। मुख्य रूप से सुबोध सिंह गुडडू, सत्यनारायण सिंह, वरूण साहु, बलराम सिंह, राजु सिंह, रमेश सिंह, रोमित नारायण सिंह, अनिता वर्मा, रामलगन राम, प्रमोद नाथ शाहदेव, ओमप्रकाश पाण्डेय, सुवेश पाण्डेय, बिनोद महतो, इंद्रजीत यादव, संतोष मिश्रा, रामजी प्रसाद आदि ने मोदी मन की बात सुना।

## इस बार होगी अमृत दही हांडी प्रतियोगिता

**हांडी फोड़ प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन फॉर्म आज से मिलेगा, 30 अगस्त तक किया जा सकेगा जमा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जन्माष्टमी पूर्वी क्षेत्र का सबसे बड़ा पर्व है जो काफी वर्षों से चल रहा है, अभी अमृत काल भी चल रहा है, इसलिए इस उत्सव का नाम इस बार अमृत दही हांडी प्रतियोगिता रखा गया है। अमृत दही हांडी उत्सव के साथ भजन संध्या का भी कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। यह जानकारी रविवार को श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति के संरक्षक व सांसद संजय सेठ ने दी। उन्होंने बताया कि अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 6 व 7 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। लगातार 13 वर्ष से जन्माष्टमी महोत्सव मनाया जा रहा है। इस बार 6 सितंबर को बाल गोपाल सजाओ प्रतियोगिता व झांकी प्रतियोगिता के साथ महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा। जिसमें 10 वर्ष तक के बच्चे श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बच्चे, बच्चियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। दूसरे दिन 7 सितंबर को संध्या 5:00 बजे से अमृत दही-हांडी फोड़ प्रतियोगिता सह भजन संध्या सहित नृत्य नाटिका का भव्य विशाल आयोजन किया जाएगा। आगे उन्होंने बताया कि अमृत दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम व महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे। जिसका रजिस्ट्रेशन समिति में गोविंदाओं की टीम को करवाना अनिवार्य होगा।

मौके पर समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार भी रखा जायेगा। पुरुष गोविंदा टीम के लिए हांडी 25 फीट पर वह महिला गोविंदा के लिए 15 फीट पर बांधी जाएगी, वहीं पुरुष गोविंदा को हांडी फोड़ने का समय 5 मिनट जबकि महिला गोविंदाओं को 3 मिनट का समय दिया जाएगा। 18 साल से ऊपर के पुरुष एवं महिला गोविंदा हांडी फोड़ प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। इस बार शहर को कृष्ण जन्म उत्सव पर रंग बिरंगी पताकाओं और फूलों से सजाया जाएगा। हांडी फोड़ प्रतियोगिता का रजिस्ट्रेशन फॉर्म सोमवार से प्राप्त होगा। फिरायलाल में केडिया साइकिल के राजेंद्र केडिया से स्टेशन रोड में पतंजलि से सतीश सिंहा से प्राप्त किया जा सकेगा। रजिस्ट्रेशन फॉर्म 30 अगस्त तक ही जमा लिये जाएंगे। इस अवसर पर संरक्षक सी पी सिंह, अजय मारू, प्रमोद सारस्वत आदि उपस्थित थे।

## संस्कृति व राष्ट्रभक्ति पर केंद्रित रहा मन की बात का 103वां एपिसोड : बाबूलाल

**बाबूलाल ने देवघर में तो राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास धुर्वा में और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने रांची स्थित आवास में कार्यक्रम को सुना**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रकृति, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक बदलाव पर केंद्रित मन की बात का 103वां एपिसोड है। श्री मरांडी रविवार को पीएम मन की बात पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि मन की बात देशवासियों के लिए प्रेरक है। उन्होंने कहा कि राज्य के 29 हजार बूथ सहित 5800 शक्ति केंद्र पर हजारों कार्यकर्ताओं एवं आम जनता ने लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात को सुना। स्वंय श्री मरांडी ने देवघर विधानसभा क्षेत्र के आम गाछी शक्ति केंद्र स्थित मलहारा बूथ संख्या 347 पर मन की बात कार्यक्रम को सुना।

उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों, संवेदनशीलता एवं सर्वजन हिताय का संदेश युवाओं को प्रेरित करने वाला है। उन्होंने कहा कि इसमें परंपराओं और विरासत पर गर्व की गाथाएं हैं। वहीं, नशामुक्ति अभियान की प्रेरणा है। अमृत महोत्सव मेरी माटी, मेरा देश का आह्वान है। उन्होंने कहा कि हज यात्रा पर अकेली गई महिलाओं का आत्म विश्वास देश की लाखों बहनों को बल प्रदान करेगा। उन्होंने प्रत्येक माह अंतिम रविवार को 11 बजे पूर्वाह्न प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम को सुनने का आग्रह किया। इसके अलावा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास धुर्वा में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा रांची स्थित आवास में और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह हरमू के बूथ में मन की बात सुना। सूत्रों के अनुसार सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय सहित सभी प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सांसद-विधायकगण अपने-अपने क्षेत्र के बूथ पर कार्यक्रम में शामिल हुये।

## रांची पुलिस को मिली 316 वांटेड की सूची सीआइडी ने जल्द खोजने का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राजधानी रांची में बढ़ते अपराध के मददेनजर सीआईडी ने रांची पुलिस को 316 वांटेड की सूची सौंपी है। सूची में हत्या, चोरी, डकैती, छिनतई, रेप, पॉकेटमारी और ठगी करने वाले अपराधी भी हैं। 316 अपराधियों में से 85 अपराधियों को शातिर अपराधी की श्रेणी में रखा गया है। इन अपराधियों पर दस या उससे अधिक केस दर्ज हैं। जो शातिर अपराधी जेल से बाहर हैं, उनपर थाना हाजिरी और जिला बदर की कार्रवाई होगी।

**स्पीडी ट्रायल बनेगा पुलिस का हथियार, अपराधियों को मिलेगी सजा :** रांची पुलिस ने शहर के 11 गैंग के 104 अपराधियों की अलग से लिस्ट तैयार की है। इस लिस्ट में अमन साव, अमन श्रीवास्तव, सुजीत सिन्हा, लामा गैंग, रोहित मुंडा गैंग आदि शामिल हैं। गैंग में शामिल जेल में बंद अपराधियों को स्पीडी ट्रायल के माध्यम से पुलिस सजा दिलवायेगी।

**जेल के मुलाकाती पर भी नजर**

जेल में बंद अपराधी और उनसे मुलाकात करने वालों पर रांची पुलिस नजर रख रही है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर दो जेल नोडल अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। प्रतिनियुक्त किये गये नोडल पदाधिकारी जेल में बंद अपराधियों की गतिविधि की जानकारी जुटा कर अपने वरीय पदाधिकारी को देंगे। इसके अलावा नोडल पदाधिकारी जिला पुलिस की ओर से संपूर्ण जेल की बाहरी सुरक्षा के प्रभार में रहेंगे। कैदियों को जेल से कोर्ट तक ले जाने और आने के दौरान निर्धारित मानदंडों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उसका निराकरण करते हुए अपने वरीय पदाधिकारी को रिपोर्ट सौंपेंगे।

### आजसू पार्टी का मिलन समारोह, अशोक गहलोत समेत कई लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

# आजसू पार्टी जनविश्वास को एकत्र कर नेतृत्व देगी : सुदेश

**स्वयं के साथ राज्य के निर्माण के लिए राजनीति में भागीदारी सुनिश्चित करें**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जनता के विश्वास को एकत्र कर नेतृत्व देने का काम करेंगे। लोग पद में रहना पसंद करते हैं लेकिन दायित्व बोध नहीं करा पाते। जहां अभाव है वहीं आजसू पार्टी के नेतृत्व की जरूरत है। हम अपना भाग्य अपने कलम से लिखना चाहते हैं। उक्त बातें आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष श्री सुदेश कुमार महतो हरमू, रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में चतरा के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए जनप्रतिनिधियों के बीच कही। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति योग्यता पर नहीं दूसरे की कमी पर चल रही है। राजनीति ही सभी समस्याओं को हल करने का कुंजी है। सरकार की जिम्मेदारी होती है अपने लोगों को सुरक्षित वातावरण दें, लेकिन आज घर से निकल रहा हर एक व्यक्ति भयभीत और असुरक्षित महसूस कर रहा है। सरकार एक शक्ति है सरकार को निर्णय नहीं कर पाने का भी अपराध स्वीकार करना चाहिए।

इस अवसर पर अशोक गहलोत ने कहा कि मैं अपने पुराने घर में आकर खुशी महसूस कर रहा हूं और पूरी ऊर्जा के साथ चतरा की जनता की आवाज को बुलंद करूंगा। पार्टी के विचारों को हर घर तक पहुंचाने का काम करूंगा। मिलन समारोह में चतरा जिला के अधिवक्ता, जिला के जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पूर्व मुखिया, वार्ड पार्षद सहित विभिन्न दलों के लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

**इन्होंने ली सदस्यता :** जिला परिषद सदस्य प्रताप पुर संतोष राणा, पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रताप पुर विक्रम यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य हंटरगंज रानू दास, टिकर पंचायत मुखिया रघुनंदन पासवान, चिरिदिरी पंचायत मुखिया घनशयाम पासी, बारागांवा पंचायत मुखिया महेंद्र साव, तरवागड़ा पंचायत मुखिया दिलीप दास, मीरपुर पंचायत मुखिया महेंद्र उजाला, बेंगकला जगेश्वर भुइयां, उप मुखिया सिदकी संदीप यादव, पूर्व मुखिया बैजनाथ भुइयां, पूर्व मुखिया बैजनाथ सिंह, पूर्व मुखिया बिनोद यादव,पूर्व मुखिया संजय दांगी, पंचायत समिति सदस्य बबलु पासवान, पंचायत समिति सदस्य रामस्वरूप दांगी, पंचायत समिति सदस्य मनोज यादव, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा यादव, पंचायत समिति सदस्य अजय दास, पंचायत समिति सदस्य बीरेंद्र चंद्रवंशी, पंचायत समिति सदस्य पुरुषोत्तम पासवान, पंचायत समिति सदस्य प्रमोद सिंह, पंचायत समिति सदस्य संजय दांगी, सुबोध सिंह पंचायत समिति सदस्य, भोक्ता समाज चतरा जिला सचिव विजय गंझू, नाई समाज चतरा जिला उपाध्यक्ष, शक्ति कुमार सिंह चतरा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, अधिवक्ता निर्मल दांगी, अधिवक्ता रमेश यादव समेत शामिल हैं।

मिलन समारोह में पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता देवशरण भगत, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, केंद्रीय सचिव पारसनाथ सिंह, कार्यकारी चतरा जिला अध्यक्ष शिवलाल दांगी, केंद्रीय सदस्य अवध सिंह, रांची महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष चतरा जिला छोटू सिंह भोक्ता, राजेश कुमार, राजा दुबे, अजय यादव, अनिल सिंह, कृष्णा साव, हीरा निषाद, अजय यादव समेत सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नेट-2023 में पहली बार बीएयू के 25 छात्रों को मिली सफलता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी), नई दिल्ली द्वारा आयोजित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)- 2023 में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 25 विद्यार्थियों को सफलता मिली है। इस परीक्षा में पीजी एवं पीएचडी पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत एवं पूर्ववर्त्ती स्नातक छात्रों में कृषि संकाय से 15, वानिकी संकाय से 3, वेटनरी संकाय से 7 छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। इस वर्ष कृषि संकाय के दो छात्रों सिमरन सिम्ब्रुई एवं दीपक मिश्रा तथा वानिकी संकाय से डॉ अभय कुमार ने राष्ट्रीय स्तर पर दोहरी सफलता हासिल की है। वहीं, डॉ अभय कुमार ने लगातार पांचवे वर्ष एएसआरबी-आईसीएआर नेट परीक्षा क्वालीफाई कर अपनी प्रतिभा दिखाई है।

सफल छात्रों में कृषि संकाय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग से पल्लवी भारती एवं वर्षा कुमारी, विज्ञान विभाग से पीयूष कुमार जयसवाल, चित्रोंपाला देहुरी एवं सिमरन सिम्ब्रुई, कीट विज्ञान विभाग से राहुल साहू एवं आकाश गौरव, आनुवंशिकी एवं पौधा प्रजनन विभाग से अर्जुन कुमार अग्रवाल, रौनक कुमार, सुरभि सिन्हा एवं दीपक कुमार मिश्रा, पौधा रोग विभाग से ज्योति कुमारी, कृषि मौसम एवं पर्यावरण विभाग से सत्य प्रज्ञान कार, उद्यान विभाग से नवीन कुमार रंजन के अलावा प्रिया पल्लवी शामिल है। वहीं, वानिकी संकाय से कृषि वानिकी से डॉ अभय कुमार, अंकित कुमार झा तथा पूर्व पीजी छात्रा अंशु कुमारी शामिल है। अंशु कुमारी वर्त्तमान में वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून में पीएचडी (कृषि वानिकी) कर रहीं है. इसी, तरह वेटनरी संकाय से दो पूर्ववर्त्ती छात्रों में डॉ पवन कुमार वर्मा (पशु उत्पादन एवं प्रबंधन) तथा डॉ सुजीत उमर (गर्भ विज्ञान) ने आईसीएआर नेट परीक्षा क्वालीफाई किया है। वहीं राज्य के एकमात्र मात्स्यिकी विज्ञान महाविद्यालय, गुमला के पहले सत्र (2017-21) के पांच स्नातकधारी पूर्ववर्त्ती छात्रों एवं देश के प्रतिष्ठित मात्स्यिकी महाविद्यालयों में पीजी पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं में विजय गुप्ता (मत्स्य संसाधन), किशुन सोरेन (मत्स्य प्रसंस्करण प्रौ.), सूरज कुमार (जलीय जीव एवं स्वास्थ्य प्रबंधन), रंजू कुमारी (मत्स्य पोषण व आहार प्रौ) तथा काजल कुमारी (मत्स्य फिजियोलॉंजी एवं बायोकेमिस्ट्री) को सफलता मिली है।

## अग्रवाल सभा की वार्षिक आमसभा में लिया गया निर्णय

# 24 सितंबर को वैवाहिक परिचय सम्मेलन 23 नवंबर को सामूहिक विवाह का आयोजन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची की वार्षिक आमसभा महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में रविवार को सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस आमसभा में अग्रवाल सभा की नई कमेटी द्वारा 1 वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया।

बैठक में अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने वर्ष 2022- 23 की प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सभा की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अग्रवाल सभा ने एक वर्ष मे 50 से भी अधिक सामाजिक, जनसेवा एवं जन कल्याणकारी कार्य किए हैं। भवन में 40 केवी का सोलर पावर प्लांट लग रहा है जिससे बिजली का उत्पादन में भवन आत्मनिर्भर हो जाएगा। भवन में लगभग 1000 स्क्वायर फुट का मल्टीप्लस हॉल बनाया जा रहा है। तथा एक हॉल को पूर्ण वातानुकूलित किया जाएगा। वार्षिक आम- सभा मे वर्ष 2022-23 के आय-व्यय का अंकेक्षित ब्यौरा पेश किया गया। तथा सर्वसम्मति से जे.एन. अग्रवाल एंड कंपनी को अंकेक्षक नियुक्त किया गया।

आम सभा में सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने बताया कि अग्रवाल सभा द्वारा 24 सितंबर को संपूर्ण मारवाड़ी समाज का वैवाहिक परिचय सम्मेलन तथा 23 नवंबर को सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। आम सभा में कई सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए एवं कई सुझाव भी दिए। अग्रवाल समाज के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि बैठक का संचालन मंत्री मनोज चौधरी ने की तथा धन्यवाद-ज्ञापन वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ने किया। आम सभा में-भागचंद पोद्दार, प्रमोद अग्रवाल, अजय डीडवानिया, विजय कुमार खोवाल, सुरेश चंद्र अग्रवाल, डॉ ओम प्रकाश प्रणव, पवन पोद्दार, विनोद कुमार जैन, ललित कुमार पोद्दार, बसंत कुमार मित्तल, कौशल राजगढ़िया, चंडी प्रसाद डालमिया, अशोक नारसरिया, कमल कुमार केडिया, प्रेम मित्तल, संजय सर्राफ, मनोज रूईया, राजेंद्र केडिया, आनंद जालान, निर्मल बुधिया, नरेश बंका, रमाशंकर बगड़िया, किशन पोद्दार, सज्जन सर्राफ, सुनील पोद्दार समेत बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

## सेंट्रल मुहर्रम कमिटी ने उपायुक्त एवं एसएसपी का जताया आभार

**रांची।** मुहर्रम का एतिहासिक रूप से सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी रांची ने उपायुक्त रांची एवं एस एस पी रांची का आभार व्यक्त किया। रविवार को सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के सरपरस्त मो. सईद, अध्यक्ष जावेद गद्दी, महासचिव अकीलुर्रहमान, प्रवक्ता मो. इसलाम एवं उपाध्यक्ष आफताब आलम ने संयुक्त रुप से बयान जारी कर रांची में एतिहासिक रूप से मुहर्रम वर्ष 2023 के सफलता पूर्वक सम्पन्न होने पर विशेष रूप से उपायुक्त राहुल कुमार सिंहा एवं एस एस पी किशोर कौशल का आभार व्यक्त करते हुए उनका शुक्रिया अदा किया। सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान एवं प्रवक्ता मो. इसलाम ने कहा कि मुहर्रम को ऐतिहासिक रूप से सफलता पूर्वक संपन्न किए जाने के लिए हर कदम पर सेंट्रल मुहर्रम कमिटी को उपायुक्त एवं एसएसपी का सराहनीय मार्ग दर्शन हमेशा मिलता रहा और यही कारण है कि मुहर्रम का जुलूस ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ।

## समर्पण शाखा का तीन दिवसीय मेला 3 अगस्त से



**खबर मन्त्र संवाददता**

**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा का तीन दिवसिये सावन मेला 3,4,5 अगस्त को अग्रेसन भवन अपर बाजार में लगाया जाएगा। यह जानकारी रविवार को अध्यक्ष स्वेता भाला ने दी। उन्होंने कहा कि सावन मेला समर्पण शाखा कई सालों से करती आ रही है, कुछ महिलाएं होती है जिनके अंदर बहुत सा हुनर होता है। वह अपने घर में रहकर बहुत कुछ सामान बनाती है जैसे अचार पापड़, राखी, सजाने के सामान, कपड़े इसके अलावा बहुत सारा कुछ क्रिएटिविटी करती है, लेकिन उनको उनके सामान सेल करने के लिए कस्टमर नहीं मिलते ऐसी महिलाओं को पहचान दिलाने के लिए हम सावन मेले का आयोजन करते है। लोग एक ही प्लेटफार्म के नीचे कई तरह की वस्तुएँ खरीद सकते है। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया मेले में स्टाल की बुकिंग कम्पलीट हो गई है। मेले की तैयारियाँ जोर शोर से चल रही है, मेले में राखियां, कपड़े, ज्वेलरी, बेडशीट, सिल्क की साड़ी, भगवान की पोशाक व अन्य स्टाल लगेंगे। इस मेले में बाहर के भी स्टाल रहेंगे। महिलाओं के लिए मनोरंजक कार्यक्रम की भी व्यवस्था रखी गयी है। मेले की संयोजिका ज्योति अग्रवाल, राधा ड्रोलिया, सरिता बथवाल, कविता सोमानी, रितु पोद्दार और पूजा अग्रवाल हैं।


## लंगर ए इमाम हुसैन का हुआ एहतेमाम



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डोरंडा मनीटोला फिरदौस नगर स्तिथ खानकाह मजहरिया मुनअमिया में 11वीं मुहर्रम के अवसर पर रविवार को शाम 7:00 बजे से खानकाह के सज्जादा नशी मौलाना सैयद शाह अल्कमा शिबली कादरी साहब के जानिब से फातिहाखानी व लंगर ए इमाम हुसैन का एहतेमाम किया गया। इसमें फातिहा खानी से प्रोग्राम की शुरुआत हुई। उसके बाद सिजरा खानी वा जिक्रे इमाम हुसैन हुआ, जिसमे हुजूर सैयद शाह मौलाना अल्कमा शिबली साहब ने लोगों को करबला के मकसद को लोगो को बताया और इमाम हुसैन की राह पर लोगो को चलने की हिदायत दी। सच्चाई की राह पर चलने की बाते बतायी और नमाज के पाबंद होने की बाते कही। बुराई से तौबा करने की हिदायत दी। उसके बाद हुजूर गौस ए पाक के नाम पर फातिहा खानी हुई। उसके बाद मिलाद ए हुसैन पढ़ा गया। अंत मे सलातो सलाम और दुआ के साथ लोगों को ईमाम हुसैन की शरबत और लंगर खिला कर लंगर ए ईमाम हुसैन का समापन हुआ। मौके पर सैयद आरिज सिमनानी, सैयद अदनान सैयद अबू कुहाफा हेजाजी, सैयद अबू जरा हम्मादि, सैयद दानिश, कमरू, सब्बीर, शाहिद खान, रियाज, फारुख, हाजी नेयाज, मो सेराज, राजा आदि मौजूद थे।

## टेक्सास के गवर्नर ने युद्ध में तबाह हुए क्षेत्रों में श्रीश्री रविशंकर के शांति स्थापना के प्रयासों की प्रशंसा की



**बेंगलुरु/रांची।** ऐतिहासिक गर्व के क्षण में भारतीय आध्यात्मिक गुरु एवं मानवतावादी श्री श्री रविशंकर ऐसे पहले एवं एकमात्र आध्यात्मिक गुरु हैं, जिन्हें 30 यूएस कैनेडियन सिटीज ने सम्मानित किया है। होवार्ड काउंटी, मैरीलैंड एवं टेक्सास के राज्यों में श्री श्री रविशंकर डे मनाने की घोषणा की गयी है। इस घोषणा में गुरुदेव के निर्देशन में, आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान द्वारा सेवा करने, शांति एवं आनंद का प्रसार करने, विवाद समाधान, पर्यावरण के लिए कार्य करने एवं ध्रुवीकृत विश्व का निर्माण करने के लिए समुदायों को साथ लाने के अथक प्रयासों का सम्मान एवं संज्ञान लिया गया है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने श्रीश्री रविशंकर के शांति स्थापना के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा- गहरी प्रतिबद्धता एवं उत्साह के साथ गुरुदेव और उनके अनुयायियों ने युद्ध में तबाह क्षेत्रों की यात्रा की, कठोर कैदियों को परामर्श दिया एवं कट्टर विरोधियों के मतभेदों का समाधान किया।

## अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने ट्रांसजेंडर के लिए आयोजित किया कैंसर स्क्रीनिंग शिविर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल रांची ने रामदास सामुदायिक केंद्र, जमशेदपुर में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए एक कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया। डॉ सतीश कुमार शर्मा, सलाहकार, मेडिकल आंकोलॉजी, डॉ विनीता कुमारी, सलाहकार, रेडिएशन आंकोलॉजी और डॉ प्रेरणा चौधरी, सलाहकार, पैथोलॉजी द्वारा लगभग 60 ट्रांसजेंडर की जांच की गयी। डॉ सतीश शर्मा ने जागरूकता भाषण भी दिया। उन्होंने कहा कि इलाज से रोकथाम बेहतर है। इस अवसर पर अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी विकास कुमार सिंह और मनोरंजन कुमार रॉय उपस्थित थे।

## नैतिक मूल्यों के कारण डीएवी संस्था की अलग पहचान : डॉ शूर




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉ जेपी शूर ने कहा कि सम्मानित व पुरस्कृत होना बड़े गौरव की बात होती है। डॉ शूर रविवार को हेहल डीएवी स्कूल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह मुकाम लगन, कड़ी मेहनत, जिद व जुनून से मिलता है।

उन्होंने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि अभी तो आसमान की उंचाईयां तय करनी है। चुनौती भरे रास्तों में अवसरों का फायदा लेकर बुलंदियां छुयें। शिक्षित व संस्कारित होकर समाज व देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने आर्य समाज एवं स्वामी दयानन्द सरस्वती, महात्मा हंसराज, आनन्द स्वामी के विषय पर प्रकाश डाला। इस दौरान जेईई मेन्स, जेईई एडवांस, नीट एवं सीयूईटी जैसी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शॉल ओढ़ा कर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स जोन बी के क्षेत्रीय सहायक पदाधिकारी एमके सिन्हा ने अपने स्वागत भाषण दिया।

उन्होंने कहा कि आज सिर्फ विद्यार्थियों की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिये एकत्र नहीं हुये हैं। बल्कि हमारे मूल्यों और नैतिकता को सम्मान देने के लिये यह जरूरी है। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर अरुण कुमार, ओपी मिश्रा, डॉ उर्मिला सिंह, वीके पाण्डेय, एसके सिन्हा, टीपी झा, प्रज्ञा सिंह तथा विभिन्न डीएवी विद्यालयों के गणमान्य प्राचार्य आदि उपस्थित थे।

## कृष्णायण अखंड काव्यार्चन का हुआ ऑनलाइन आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित साझा महाकाव्य कृष्णायण पर कृष्णायण अखंड काव्यार्चन का ऑनलाइन आयोजन रविवार को किया गया। इस काव्य पाठ में विशेष रूप से भाग ले रहीं बिंदु प्रसाद रिद्दमा की रचना क्रोधित कृष्ण सभा से निकले। रथ पर कर्ण बिठाया पहले... पाठ से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का ऑनलाइन प्रसारण भी किया गया था।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण साहित्योदय चैनल पर किया गया। अखंड काव्यार्चन में देश विदेश के कई रचनाकार शामिल हुए। इस अखंड काव्यार्चन में प्रख्यात गीतकार डॉक्टर बुद्धिनाथ मिश्र, हास्य सम्राट अरुण जेमिनी, अजय अंजाम, बेबाक जौनपुरी, गौरव चौहान, गौरी मिश्रा ,अमित शर्मा, डॉ शोभा त्रिपाठी ,वीणा शर्मा सहित कई लब्धप्रतिष्ठ रचनाकार शामिल हुए हैं।

इस कार्यकम की अध्यक्षता डॉक्टर सुरिन्दर कौर नीलम ने किया। काव्य पाठ के लिए मंजू भारद्वाज ,पुष्पा पांडे, संगीता सहाय, रिम्मी वर्मा, सरिता शुक्ला, रंगोली सिंहा, विनय कुमार वर्मा ,डॉ अमित कौर की सहभागिता रही।

## याद किये गये उर्दू के प्रसिद्ध कवि अजफर जमील




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इराकी लाइब्रेरी व स्टडी सेंटर में एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया था, जिसमें उर्दू के प्रसिद्ध कवि अजफर जमील को याद किया गया। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कई प्रमुख व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनके साहित्यिक योगदान पर चर्चा किया। इस अवसर पर शोक सभा की अध्यक्षता कर रहे माही एवं समझ के संयोजक इबरार अहमद ने कहा अजफर जमील ने उर्दू के कदीम शायरी रिवायात और उस दौर के शोरा-ए-कराम का गहरा मोताला (अध्ययन) किया था। तरक्की पसंद तहरीक से भी उनकी वाबस्तगी (संबंध) रही थी और प्रकाश फिकरी, सिद्दीक मुजीबी, वहाब दानिश, सरवर साजिद, अनवर ईरज जैसे जदीद शोरा-ए-कराम के भी हम असर रहे हैं। ये तमाम चीजें इनकी शायरी के कैनवस को बहुत वसी (विस्तृत) करती है और साथ में इनके निजी जिन्दगी का तजुर्बा और समाज का बारीक बीनी से किया गया मुशाहिदा उन्हें एक बड़ा और मुनफरिद (अद्वितीय) शायर बनाता है। आदमी जब जिन्दगी की तल्खियाँ झेलता है, तनकीद के तीर-ओ-नस्तर का शिकार होता है तो ऐसे वक्त में माँ की ममता का आँचल दुखी लोगों का पनाहगाह होता है। तमाम अच्छाईयों और बुराईयों के बावजूद माँ अपने बच्चों को अपने ममता के साये में पनाह देती है और बेपनाह मोहब्बत लुटाती है। इसलिए अजफर जमील अपनी माँ से टूट कर मोहब्बत किया करते थे। जब उनकी माँ का इंतेकाल हुआ तो वे पूरी तरह से टूट चुके थे। माँ के मोहब्बत में लिखी गई उनकी नज्में माँ और बेटे के अटूट रिश्ते को दशार्ता है। यह सिर्फ उर्दू शायरी में ही नहीं बल्कि दुनिया के किसी भी जुबान के शायरी में एक अहम मकाम रखता है। इनकी वफात उर्दू अदब की दुनिया में एक बड़ा नुकसान है। हसीब अख्तर जावेद (सेवानिवृत्त डीडीसी) ने कहा कि अजफर जमील एक उम्दा शायर थे और आम लोगों के दुख दर्द उनकी शायरी में देखने को मिलती है। उनकी शायरी आने वाली नस्लों के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

## कृष्णा नगर कॉलोनी के श्रद्धालुओं ने दर्शन किये बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरु नानक सत्संग सभा कृष्णा नगर कॉलोनी से 483 श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को जमशेदपुर स्थित शहीद बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा दर्शन करने गया। गुरु नानक सेवक जत्था की पहल पर आयोजित इस यात्रा में सभी श्रद्धालु सुबह 8:30 बजे कृष्णा नगर कॉलोनी से 11 एसी बसों एवं 20 कारों के काफिले में रवाना हुए.यह जत्था रांची से चलकर दोपहर 11:45 बजे साकची स्थित गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा पहुंचा, वहां माथा टेकने के बाद सभी श्रद्धालु एकत्रित होकर प्रभात फेरी की शक्ल में गुरुद्वारा साहब पहुंचे. स्त्री सत्संग सभा की गीता कटारिया, मनजीत कौर, शीतल मुंजाल,नीता मिढ़ा, इंदु पपनेजा, रेशमा गिरधर,नीतू किंगर, ममता थरेजा, बबीता पपनेजा सूरा सो पहचानिए जो लरै दीन के हेत पुरजा पुरजा कट मरै कबहु ना छाडे खेत.... एवं ऐसे गुर को बल बल जाइए आप मुकत मोहे तारे..... जैसे कई शबद का गायन करते हुए सजने वाले विशेष दीवान में समूह साध संगत के साथ शामिल हुए और वहां कीर्तन श्रवण किया। दीवान की समाप्ति के बाद सभी श्रद्धालुओं ने वहां गुरु का लंगर भी चखा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि जत्थे में शामिल सभी पुरुष सफेद कुर्ता पायजामा और सभी महिलाएं सफेद सलवार सूट और केसरिया दुपप्ते में शामिल थे। सत्संग सभा की ओर से सभा के अध्यक्ष द्वारकादास मुंजाल ने शहीद बाबा दीप सिंह गुरुद्वारा कमेटी को विशेष रूप से तैयार किया गया । इस यात्रा के अयोजन में गुरु नानक सेवक जत्था के मनीष मिढ़ा, पवनजीत सिंह, आशु मिढ़ा, नवीन मिढ़ा, पंकज मिढ़ा, अश्विनी सुखीजा, कमल मुंजाल, उमेश मुंजाल, कमल धमीजा, प्रवीण मुंजाल, चंदन मुंजाल, रवि मिढ़ा, हर्षित अरोड़ा आदि ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## आइआइटी के पूर्ववर्ती छात्रों ने किया पौधरोपण



**खबर मन्त्र संवददाता**

**रांची।** आइआइटी एलुमनी एसोसिएशन रांची चैप्टर के सदस्यों ने जुपमी (झारखंड शहरी योजना एवं प्रबंधन संस्थान) के परिसर में रविवार को पौधारोपण किया। मौके पर आईआईटी के स्नातक व झारखण्ड पुलिस के एडीजी-अभियान लटकर ने एसोसिएशन के तरफ से किये जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी।

ज्ञात हो कि गत माह एसोसिएशन ने झारखण्ड पुलिस के जवानों को योग से जुड़ने का प्रशिक्षण दिया था। यह आयोजन स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक राकेश नंदकुलियार के मार्गदर्शन मे रांची स्मार्ट सिटी प्रबंधन के सहयोग से संपन्न हुआ।

इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ संजय लाटकर (एडीजी -अभियान), उपाध्यक्ष सी एम चुग, सचिव डॉ अनुपम घोष एवं संयुक्त सचिव डॉ अनल सिन्हा के अलावा अन्य सदस्य रणधीर कुमार( आयुक्त- भविष्य निधि), डॉ राजीव कुमार, चंदन, अनुष्का, रूपाली, शेखर देव, सुधांशु, आरके वर्मा, निवेश एवं नरगिश उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में एसोसिएशन के सदस्यों ने झारखंड को हरा भरा रखने की शपथ ली। कार्यक्रम का समापन सदस्यों के स्मार्ट सिटी के कैंपस भ्रमण से हुआ।

## शिव शिष्यता संस्था ने लगाये 71 हजार से अधिक पौधे



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भगवान शिव के प्रति लोगों में आस्था बढ़ाने वाले हरिंद्रानंद जी की धर्मपत्नी नीलिमा आनंद जी के 71वें जन्मोत्सव के पर शिव शिष्यता संस्था की ओर से पूरे देश में 71 हजार से अधिक पौधारोपण किया गया। इसी को लेकर राजधानी रांची में भी संस्था के वर्तमान संचालक अर्चित आनंद और बरखा आनंद ने 500 से अधिक लोगों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया।

इस संबंध में संस्था के संचालक अर्चित आनंद ने कहा कि सावन के पावन महीने में भगवान शिव की भक्ति सभी शिवभक्त करते हैं। इसके बावजूद भगवान शिव के द्वारा बनाए गए इस दुनिया की रक्षा की चिंता हम नहीं करते। इसीलिए सच्चे शिव भक्त वो हैं जो अपनी पूजा से दूसरे को लाभान्वित करते हैं। वैसे भक्तों को भगवान शिव अवश्य अपना आशीर्वाद देते हैं।

अर्चित आनंद ने कहा कि असली भक्ति तभी है जब हम अपनी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने पर्यावरण को सुरक्षित रखें और अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं। ज्यादातर लोग पत्थरों की मूर्ति और दीवार पर लगे फोटो पर अगरबत्ती लगाने को ही पूजा समझते हैं। जबकि असली पूजा समाज और देश में रहने वाले लोगों के लिए बेहतर वातावरण बनाना है।

उन्होंने कहा है कि बेहतर वातावरण बनाने के लिए लोगों को अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करना होगा तभी हम अपने भगवान और ईश्वर की सच्ची भक्ति कर पाएंगे। पौधारोपण करने पहुंचे शिव भक्तों ने कहा कि 'चलो शिव की ओर, बनो शिव की तरह' का नारा लगाने वाले शिव शिष्य हरिंद्रानंद फाउंडेशन हमेशा ही लोगों के बेहतर जीवन को लेकर काम करता रहा है।

इस सावन में भी हरिंद्रानंद फाउंडेशन के पदाधिकारियों की तरफ से पूरे देश में रह रहे शिव भक्तों को यह निर्देश दिया गया कि अपने आसपास के क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर वातावरण को स्वच्छ बनाएं ताकि सावन में गिरने वाले बारिश के पानी से उन पेड़ों की सिंचाई हो सके।

पूरे देश में शिव शिष्यों के द्वारा लगाए गए पेड़ों के संरक्षण को लेकर भी शिव शिष्य हरिंद्रानंद फाउंडेशन के संरक्षक अर्चित आनंद ने कहा कि जो पेड़ लगाए गए हैं। उनके संरक्षण को लेकर भी संस्था प्रतिबद्ध है।

## श्री कृष्ण प्रणामी ने किया अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे ट्रस्ट के सदस्यों ने रविवार को ब्रशलीन स्वामी श्री राधिकादास जी महाराज के 101 वें प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में संस्था के सदस्यों ने 101 दीप प्रज्वलित कर भजन संकीर्तन कर के गुरू जी महाराज का जन्मदिवस बहुत ही धूमधाम पूर्वक मनाया। गुरुजी राधिकादास जी महाराज के जन्मदिवस पर संस्था के सदस्यों के ने भजन संकीर्तन किया। अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण संस्था कि वरिष्ठ सदस्या मंगला देवी मोदी की पुत्रवधू गौतम स्नेह मोदी की देखरेख में संस्था के सदस्यों द्वारा किया गया।

स्पीड न्यूज

## खलारी व्यवसायी संघ ने मारपीट की निंदा की



**खलारी।** शनिवार की घटना को लेकर खलारी के व्यवसाय संघ सोनू मोटर के घर पहुंचे और बताया कि सोनू मोटर के दुकान पर बंदी करने वाले जो मारपीट किए हैं उसका हम व्यवसाय संघ घोर निंदा करते हैं तथा इस तरह की घटना व्यवसाय संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। साथ जो भी यह घटना किया है उस पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

## वज्रपात से दो बैल मरे, किसान हतास

**राहे।** प्रखंड क्षेत्र के धनसिंह महतो का दो बैल का मौत बज्रपात से हो गया है।दोनों बैल का बाजार कीमत 80 हजार का बताया जा रहा है। घटना के सम्बंध में ग्रामीणों ने बताया कि 4 बजे के आसपास तेज आवाज के साथ बज्रपात हुआ था। दोनों बैल घर के बाहर पेड़ के नीचे बंधे हुये थे। वज्रपात के साथ ही दोनों बैल का तत्काल मौत हो गयी। इधर घटना की सूचना पर जिप सदस्य बादल महतो, मुखिया प्रतिनिधि रमेश सिंह मुंडा, पंचायत समिति प्रतिनिधि सुभाष महतो, धर्मेंद्र महतो ने गांव जाकर किसान से मुलाकात कर मुआवजा राशि दिलाने का आश्वासन दिये।

## इनमोसा कार्यालय का उद्घाटन आज

**पिपरवार।** बचरा में इनमोसा के कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को किया जाएगा। इसे लेकर इनमोसा केंद्रीय समिति सीआईएल महामंत्री पीएन मिश्रा, सीआईएल कार्यकारी अध्यक्ष विजय सिंह, अध्यक्ष रामराज सिंह सहित डीपी मौर्य,अनिल सिंह, समीर चक्रवर्ती, डीके पांडेय का आगमन पिपरवार संगम विहार में हुआ। इस मौके पर अनिल कुंवर, एसडी राम, इकबाल हुसेन, मानोज सिंह, रुपलाल महतो, योधन प्रसाद, सुरेश कुमार, सिध्नाथ सिंह, उमेश उरांव, मोजहिद इमाम मौजूद थे।

## राय पंचायत में झापा कमेटी का गठन

**खलारी।** राय पंचायत अतर्गत सामुदायिक भवन में झारखंड पार्टी की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति पंचायत कमेटी का गठन किया गया। कमिटी गठन में आकाश कुमार महतो को राय पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष विक्रम महतो, संगठन सचिव फलिन्दर प्रजापति और सचिव आनंद को बनाया गया।

## बेड़ो : सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**बेड़ो।** तुको गांव के समीप बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर एक ठेला लेकर जा रहे दंपति को बाइक सवार धक्का मार दिया, जिससे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र साहू ने स्वजनों के सहयोग से ऑटो द्वारा तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद बेड़ो पहुचाया। जहां घायलों की पहचान दंपति 62 वर्षीय राम कैलाश साहू व पत्नी 62 वर्षीय बालमईन देवी तुको बेड़ो निवासी व बाइक सवार जमगाई खरका भरनो गुमला निवासी 28 वर्षीय महादेव लोहरा के रूप में हुई।

# मखमंदरो में एक योजना का दो बार शिलान्यास

**सांसद-विधायक और जिप अध्यक्ष में टकराव**

● **जिला परिषद की है योजना, 15 लाख की आयेगी लागत**

अलग-अलग शिलान्यास





खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के मखमंदरो में रविवार को शाम एक ही योजना का दो बार शिलान्यास किया गया। इससे सांसद-विधायक और जिप अध्यक्ष के बीच टकराव की स्थिति देखने को मिली। सांसद संजय सेठ व विधायक नवीन जायसवाल ने निर्मला भगत की गैर मौजूदगी में 15 लाख की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास कर दिया। थोड़ी देर बाद श्रीमती भगत वहां पहुंची और दोबारा आधार शिला रख दी। फर्क सिर्फ इतना था सांसद-विधायक के साथ संवेदक विभाग के कनीय अभियंताए पंचायत प्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता थे, जबकि जिप अध्यक्ष संग आजसू के लोग और पंचायत के मुखिया व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिलापट्ट में सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीता तिर्की, लहना मुखिया मेरी भगत और ग्राम प्रधान दीपक टोप्पो का नाम अंकित है।

**क्या है मामला**

जिप अध्यक्ष की ओर से गांव में सामुदायिक भवन की स्वीकृति दी गयी है। इसका निर्माण जेएसएलपीएस कोष से होना है। शिलान्यास के लिये पांच बजे का समय निर्धारित था। सांसद ने श्रीमती भगत का इंतजार किया। लेकिन विधायक व्यस्तता की बात कह उनके आने से पहले ही नारियल फोड़ चले गये। इसे लेकर जिप अध्यक्ष ने कड़ी नाराजगी जतायी और योजना का दोबारा शिलान्यास कर सेठ और जायसवाल पर पंचायत प्रतिनिधियों को अपमानित करने का आरोप लगाया।

## ग्रामीणों ने किया रूक्का में रिसोर्ट निर्माण का विरोध

**ओरमांझी।** शिव मंदिर परिसर रूक्का में रविवार को मुखिया सविता देवी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें रूक्का में रिसोर्ट निर्माण का विरोध किया गया। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिला परिषद कमिश्नर मुंडा की उपस्थिति में ग्रामीणों ने कहा कि डीसी रांची के आदेश पर 26 जून को पंचायत सचिवालय में बैठक कर रुक्का डैम स्थित खाली पड़ी पांच एकड़ जमीन को रिसोर्ट निर्माण के लिए आवंटन कर दिया किया गया। अब ग्रामीण उक्त रिसोर्ट निर्माण का विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के लोग रूक्का डैम के विस्थापित हैं। रिसोर्ट निर्माण से गांव के पशुओं को चारा स्थल भी छिन जाएगा।

## नगड़ी में आदिवासी-मूलवासी संगठनों ने निकाला कैंडल मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** सीपीआईएम नेता सुभाष मुंडा के हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार को आदिवासी एवं मूलवासी संगठनों द्वारा नगड़ी में कैंडल मार्च निकाला गया। कैंडल मार्च चेक नाका चौक से नगड़ी मंदिर चौक तक गया। उसके बाद वापस नारों बाजार होते हुए चेकनाका चौक पहुंचा, जहां 2 मिनट मौन के बाद मार्च का समापन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने सुभाष के हत्यारों को फांसी दो, प्रशासन चोरों को संरक्षण देना बंद करो, हत्यारे की गिरफ्तारी जल्द करो के नारे लगाए। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप, समाजसेवी कलाम आजाद, कपिल महतो, नीमा तिर्की, भरत काशी, त्रिलोकी महतो, बजरंग महतो, गुलरेज अंसारी, महादेव उरांव, कमल, जलधर महतो, अजय कच्छप, मानू तिग्गा, सोमनाथ उरांव, नरेश उरांव, अनुज उरांव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# बुंडू टोल प्लाजा पर आजसू का धरना शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू स्थित रांची टाटा राष्ट्रीय मार्ग 33 पर टोल प्लाजा में रविवार सुबह लगभग ग्यारह बजे आजसू पार्टी का अनिश्चतकालीन धरना शुरू हो गया। उक्त धरने को माकपा द्वारा भी समर्थन दिया गया। माकपा के पिंटू मोदक द्वारा माला पहना कर धरना में बैठे आजसू नेताओं को सम्मानित भी किया गया। धरने के शुरू होने के साथ ही बुंडू टोल प्लाजा में टोल टैक्स की वसूली ठप करा दी गई। धरने की अध्यक्षता कर रहे राजकिशोर कुशवाहा ने बताया कि उनकी मांगें जब तक मानी नहीं जाएंगी तब तक धरना जारी रहेगा। धरनार्थियों से वार्ता के लिए सर्वप्रथम बुंडू सीओ राजेश डुंगडुंग और उनके बाद बुंडू एसडीएम अजय कुमार साव, डीएसपी अजय कुमार, बीडीओ संध्या मुंडू भी धरना स्थल, बुंडू टोल प्लाजा पहुंचे। आंदोलन पर बैठे लोगों से अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार साव ने वार्ता कर समझाने की कोशिश किया, लेकिन वार्ता सफल नहीं हुई। टोल प्लाजा के प्रबंधक से अनुमंडल प्रशासन की बातचीत हो रही है। जिसमें आंदोलनकारियों की मांग पर विचार किया जा रहा है।



**धरना में हुए शामिल**

धरना पर बैठे प्रमुख आजसू पार्टी के नेता जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज किशोर कुशवाहा केंद्रीय सचिव संजय महतो जिला परिषद सदस्य मानकी विजय सिंहए गुंजन मुंडा, जिला परिषद सदस्य बुंडू परमेश्वरी शांडिल ताराचंद सिंह मुंडा हरिहर महतो गोवर्धन मछुआ जगदीश गुप्ता योगेश्वर महतो जगदीश महतो आदि लोग बैठे हैं। इनके समर्थन में सीपीआईएम के नेता रंजीत मोदकए भाजपा नेता रंजीत लहरी सामाजिक कार्यकर्ता शत्रुघ्न महतो के अलावा अन्य लोग शामिल हुए।

## दलादिली चौक पर तीन को होगी श्रद्धांजलि सभा, जुटेंगे कार्यकर्ता

**सुभाष मुंडा हत्याकांड**

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** कॉमरेड सुभाष मुंडा के सम्मान में तीन अगस्त को श्रद्धांजलि सभा होगी। दलादिली चौक पर दिन के दस बजे से होने वाले कार्यक्रम में देश भर से हजारों माकपा नेता और कार्यकर्ताओं का महाजुटान होगा। राज्य और लोकल कमेटी की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है। सभा में पुलिस कार्रवाई की समीक्षा की जायेगी। 82 घंटे बीत जाने पर भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से लोगों का गुस्सा बढ़ रहा है। वह अनिश्चितकालीन और उग्र आंदोलन की मूड में हैं। हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिये मुख्यमंत्री पर सीबीआई जांच कराने का दबाव बनाया जायेगा। पार्टी प्रतिनिधिमंडल की ओर से श्री सोरेन को इस आशय का पत्र भी दिया जा सकता है।

**एसआईटी है असफल**

सिटी एसपी सुभांशु जैन की अध्यक्षता में गठित एसआईटी को असफल बताया जा रहा है। टीम सिर्फ एक पहलू की जांच कर रही है। श्री मुंडा के बढ़ते कद से कई दलों के दिग्गज अपनी साख को लेकर चिंतित थे। इसे राजनीतिक हत्या से जोड़ कर भी देखा जाना चाहिये। जीवन-बसर के लिये जमीन व्यवसाय करना कोई गुनाह नहीं है। कॉमरेड मुंडा जमीन कारोबार से जुड़े थे।

**एक नजर में**

## राज्यपाल के एकेडमी एडवाइजर पहुंचे हुंडरू फॉल

**सिकिदिरी।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के एकेडमी एडवाइजर प्रोफेसर ई बाला गुरुस्वामी रविवार को हुंडरू फाल के प्राकृतिक का मनोरम नजारा देखने पहुंचे। इस दौरान वे हुंडरू फाल के लुभावना और मनमोहक नजारा देख काफी खुश हुए। हुंडरू फाल में दो घंटे रहे और प्राकृतिक सुंदरता को करीब से देखा। मौके पर उन्होंने कहा कि हुंडरू फाल झारखंड राज्य की धरोहर है। हुंडरू फाल के रख-रखाव और साफ सफाई देख उन्होंने पर्यटक मित्रों के कार्यों की काफी प्रशंसा की। सुरक्षा व्यवस्था की कमान सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि संभाल रहे थे। मौके पर अनगड़ा सीओ पुष्पक रजक, कनीय अभियंता गौतम कुमार, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर बेदिया, बालेश्वर बेदिया, अशोक मुंडा, सिकंदर रजवार, पर्यटक मित्र विष्णु कुमार बेदिया, मनोज कुमार बेदिया, मेघनाथ बेदिया, हरिचरण बेदिया, राजेश बेदिया, जीतवाहन भोगता, नागेश्वर बेदिया, रंजन बेदिया, बुधराम बेदिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## हाथियों ने रौंद डाली सब्जी की फसल

**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के राणाडीह और नरसिंह-लोवाडीह गांव में शनिवार रात को गांव में प्रवेश कर जम कर उत्पात मचाया है। हाथियों के झुंड ने किसान राजकिशोर महतो और केशव महतो के एक एकड़ में लगे सब्जी के फसल को खाया और नष्ट किया है। हाथियों का झुंड कई दिनों से हेसाडीह के जंगल आसपास में जमे हुये है। किसानों ने वन विभाग को सूचना देकर मुआवजा की मांग की है।

## कल्याणपुर कपड़ा दुकान की दीवार तोड़कर चोरी

**पिपरवार।** कल्याणपुर बड़गांव मुख्य मार्ग मे लाईफ स्टाईल नामक कपड़ा दुकान मे बीती रात्री में अज्ञात चोरो ने दीवार तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान संचालक सुनील गुप्ता ने बताया कि सुबह मे दुकान आने पर चोरी की घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पिपरवार पुलिस को दी।उन्होंने बताया कि चोर दुकान का दीवार तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। भुक्तभोगी ने बताया कि दुकान में रखे ब्राडेड जींस, टी सर्ट, सर्ट, जूता, सूट सहित अन्य समानो की चोरी हुई है।

## इटकी में निकला मुहर्रम जुलूस

**इटकी।** इटकी में रविवार को मुहर्रम जुलूस निकाला गया व अस्त्र शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया गया। रानीखटंगा मुहर्रम कमेटी के तत्वावाधान में निकाले गये जुलूस में शामिल विभिन्न अखाड़ा के लोग रेलवे स्टेशन के समीप स्थित मुहर्रम खेल मैदान पहुंचे व अपने खेलों का हैरतअंगेज प्रदर्शन किया। जुलूस में रानीखटंगा के अलावा कुंदी बारीडीह झिंझरी व सकरपदा सहित कई गांवों के अखाड़ाधारी शामिल हुए। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर अरुण कुमार, थाना प्रभारी अमित प्रशांत, आरिफ रजा, खुर्शीद अंसारी, तबरेज अंसारी, अफरोज अंसारी व कुर्बान अंसारी, इमरान अंसारी शामिल थे।

## सिकिदिरी-हुंडरू पथ पर गिरा पेड़, घंटों आवागमन बाधित, पर्यटकों को परेशानी

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-हुंडरू फॉल पथ पर हेसातु के पिपराटोली गांव के समीप पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। रविवार होने के कारण भारी संख्या में पर्यटक हुंडरू फॉल घूमने आए थे। सड़क बाधित होने से पर्यटकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने स्वर्ण रेखा जल विद्युत परियोजना के अधिकारियों से संपर्क किया गया। चूंकि परियोजना शक्तिगृह संख्या दो जाने का यह मुख्य मार्ग है, परंतु अधिकारियों द्वारा सकारात्मक जवाब नहीं मिलने पर हेसातू के पूर्व पंचायत समिति सदस्य महेश गंझु के नेतृत्व में ग्रामीणों के सहयोग से करीब तीन घंटे के बाद सड़क पर गिरे पेड़ को हटाया गया । इसके बाद आवागमन चालू हुआ।

## तैलिक साहू सभा ने सुलझाये पारिवारिक विवाद

**रातू।** झारखंड तैलिक साहू सभा अध्यक्ष महेश महतो की अध्यक्षता में उनके संडे मार्केट स्थित आवासीय परिसर में बैठक हुयी। इसमें कांके सुकुरहुटू निवासी सीताराम साहू की पुत्री किरण देवी और ठाकुरगांव में रहने वाले लखन साहू के पुत्र जीतराम साहू के बीच पारिवारिक विवाद को सलझाने पर चर्चा की गयी। बैठक करीब चार घंटे तक चली। सभा ने दोनों पक्ष की दलीलें सुनी। इसके बाद जीतराम को पत्नी किरण देवी के साथ रहने और उसकी हर जरूरतों का ख्याल रखते हुए दूसरे के बहकावे में नहीं आने की सलाह दी। इस पर जीतराम हामी भर किरण के साथ जिंदगी गुजारने की कस्में खायी। किरण पति के साथ ससुराल जाने पर सहमत हुयी।

## छापर में झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन

**ठाकुरगांव।** झामुमो बुढ़मू प्रखंड कमेटी के तत्वावधान में रविवार को प्रखंड के छापर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष भुनेश्वर साहु शामिल हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार यहां के मूलवासियों समेत आदिवासियों का सर्वांगीण विकास कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता पाने के लिये विभिन्न तरह के हथकंडों का सहारा ले रही है। मौके पर विभिन्न पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास

**अनगड़ा।** प्रखंड के गुड़ीडीह में पूर्व डिप्टी सीएम एवं सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने रविवार को स्वास्थ्य उप केंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर पूर्व डीप्टी सीएम श्री महतो ने कहा कि इस स्वास्थ्य उप केन्द्र के बन जाने और यहा स्वास्थ्य सुविधा शुरू हो जाने के बाद गुड़ी डीह सहित आस पास के ग्रामीणों को काफी लाभ होगा । उन्होंन ग्रामीणो से भवन के निर्माण कार्य की निगरानी रखने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नही करने की अपील की । मौके पर जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुन्डा आजसू पार्टी के बीरेन्द्र सिंह भोक्ता पस दिलीप बेदिया मुखिया विजय उरांव सज्जाद आलम बबलू अन्सारी राजू महली चादमनी देवी सुषमा देवी विक्रम हजाम सोनाराम मुन्डा सहित पार्टी कार्यकर्ता एवं काफी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

## खलारी : हेसालोंग बाजार की भूमि बचाने के लिए ग्रामीण हुए एकजुट



**खलारी।** हेसालोंग सप्ताहिक बाजार का जमीन पर अवैध कब्जा किये जाने के विरुद्ध ने एक जुट हुए गांव के ग्रामीण। हेसालोंग शिव मंदिर परिसर में बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता अरविंद कुमार साहू व संचालन ग्राम प्रधान रविंद्र मुंडा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि खाता न0 78 प्लाट न0 747ए748 में कुल एक एकड़ 36 डिसमिल गैरमजरूआ जमीन पर फर्जी तरीके से गांव के कुछ लोग अंचल के मिलीभगत से अपने नाम करा लिया है, इसलिए बाजार की सरकारी जमीन को बचाने के लिए अध्यक्ष अरविंद कुमार उपाध्यक्ष कुलदीप प्रसाद सचिव रविन्द्र मुण्डा उपसचिव प्रीतम प्रसाद रमेश प्रसाद पंकज कुमार कोषाध्यक्ष पवन साहू सहित अन्य को बनाया गया। साथ ही अवैध कब्जा करने वालों पर विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की गई।

## मनातू में महिलाओं को मिला कोर कार्बन चूल्हा

**250 महिला लाभान्वित जताया आभार**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** कांके प्रखंड के पंचायत ग्राम मनातू में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ग्रामीण जिला के मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि अशोक नायक ने रविवार को गृहणियों के बीच कोर कार्बन चूल्हे का वितरण किया। इसमें 250 महिलाएं लाभान्वित हुयी। उन्होंने श्री नायक के प्रति आभार जताते हुये खुशी जाहिर की। इससे पूर्व ग्रामीणों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। मौके पर मुखिया पुनम देवी, पूर्व मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि ठानों मुंडा, सांसद प्रतिनिधि शशिभूषण महतो, ग्राम प्रधान राजेश मुंडा, अनिल महतो, मोतीलाल महतो, तुलसी गोप, पंकज कुमार, श्याम प्रकाश, निर्मल महतो, सुजीत महतो, मनोज यादव, पुस्मांति देवी, अनिता देवी, रीता देवी, किरण देवी, सबिता देवी, लखी देवी, सरस्वती देवी, रेखा देवी, मंझो देवी, पुष्पा देवी, ललिता देवी, सबिता देवी, मनोज महतो, देवांति देवी, सदानंद सिंह और भाजपा ग्रामीण जिला के मीडिया प्रभारी रामकुमार दुबे आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।



## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा उर्फ माइकल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तर पर मन की बात कार्यक्रम का 103वा संकरण को टीवी के माध्यम से सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 103वें एपिसोड को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा बाढ़ और प्राकृत आपदाओं की चर्चा की पीएम मोदी ने लोगों से जल संरक्षण और वृक्षारोपण करने की अपील की। यह कार्यक्रम पिपरवार क्षेत्र के सभी बूथ और 6 शक्ति केंद्रों में सुना गया। कार्यक्रम उपरांत मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि सभी देशवासियों को पीएम मोदी के इस कार्यक्रम को देखना व सुनना चाहिए। ताकि प्रत्येक नागरिक को यह पता लग सके कि हमारे देश के प्रधानमंत्री की देश हित में क्या कार्य योजना है। इस मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा उर्फ माइकल ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो संजय कुमार उदय शर्मा अरविन्द सिंह आदित्य केशरी कारण महतो रामप्रसाद महतो रामलाल महतो जगदीश भोगता धनराज भोगता अजय रजक राधा देवी उर्मिला देवी राघबेंद्र कुमार धनेश्वर महतो शामिल थे।

## बारिश नहीं होने से सुखाड़ की ओर बढ़ रहा झाखखंड

**अनगड़ा।** झारखंड धीरे-धीरे सुखाड़ की ओर बढ़ रहा है। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से अनगड़ा सहित जिले के कई प्रखंडों में किसान धान की रोपनी नहीं कर पाए हैं। बारीस के अभाव में धान के बीचड़े बूढ़े हो रहे हैं। किसान बारिश होने की आस में आसमान की ओर टकटकी लगाए बैठे हुए हैं। अनगड़ा के विभिन्न इलाको में अभी दस प्रतिशत भी रोपनी नहीं हो पायी है। कुछ किसान अपने कुआं और ट्यूबवेल से पटवन कर रोपनी कर रहें हैं, लेकिन बारिश नहीं होने पर ये धान भी नहीं हो पाएगे, क्योकि धान के लिए खेतों मे पर्याप्त पानी की आवश्यकता पड़ती है।

## मुहर्रम के संदेश को हमें आत्मसात करने की जरूरत : रामटहल चौधरी

**मुहर्रम मेला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** सेंट्रल मुहर्रम कमेटी हरचंडा सिलदिरी ओरमांझी द्वारा रविवार को हरचंडा स्कूल मैदान में त्याग और बलिदान का पर्व मुहर्रम को लेकर मेला लगाया गया। मेले में चकला, डहु, बरवे, हरचंडा, बसाती, डडदाग सहित कई गांव से मुहर्रम जुलूस अपने-अपने खलीफाओं व अंजुमन कमेटी के नेतृत्व में रंग-बिरंगी ताजिया व झंडा लेकर पहुंचे। कमेटी द्वारा मेला पहुंचे अतिथियों का स्वागत पगड़ी बांध कर किया गया। वहीं मेला में शानदार अस्त्र-शस्त्र चालन प्रदर्शन करने वालों को अतिथियों द्वारा तलवार व मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि रामटहल चौधरी मुहर्रम ने कहा कि मुहर्रम त्योहार हमें त्याग, बलिदान और अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश देती है। मुहर्रम त्योहार के संदेश को हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। कार्यक्रम में डीएसपी खिटोफर केरकेट्टा, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, पूर्व उपप्रमुख मुनतजीर अहमद रजा, आयोजन कमेटी के अध्यक्ष सलीम अंसारी, सचिव जियाउल अंसारी खुर्शीद आलम आदि शामिल थे।

# मुहर्रम मेला : पारंपरिक हथियारों से दिखाये हैरतअंगेज करतब

## चान्हो बाजारटांड़ में लगा मुहर्रम मेला

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड के कई स्थानों पर शनिवार को मोहर्रम का जुलूस एवं मेले का आयोजन किया गया। अवसर पर चान्हो बाजारटांड़ में सेंट्रल मोहर्रम कमेटी द्वारा मोहर्रम मेले का आयोजन किया गया। मोहर्रम मेले का शुभारंभ स्थित बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की द्वारा किया गया। वहीं दूसरी तरफ सेंट्रल कर्बला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष शफीक अंसारी की ओर से एक मंच स्थापित कर अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मंच में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, जिप सदस्य चान्हो पूर्वी सह समाजसेवी आशुतोष तिवारी, जिला परिषद प्रतिनिधि रबुल अंसारी, समाजसेवी प्रमेशर भगत, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष विजय महतो, रमेश कुमार साहू सहित अन्य को माला पहनाकर और पगड़ी, बैज पहना कर स्वागत किया गया। मंचासीन सभी अतिथियों ने मोहर्रम एवं कर्बला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ही के दिन नबी के नवासे हजरत इमाम हुसैन का अपने 72 सहयोगियों के साथ शहादात नाशीब हुआ था। उन्हीं की याद में मोहर्रम मनाया जाता है।



## ढोल-तासे के साथ पहुंचे दर्जनों गांव के अखाड़े

दर्जनों गांव से अपने निशान, ताजिया के साथ अखाड़ा जुलूस की सक्ल में अपनी वेश भूषा के साथ पारंपरिक अस्त्र-शास्त्र एवं ढोल नगाड़े और डीजे के साथ मोहर्रम मेले में शामिल हुए और अस्त्र शास्त्र का प्रदर्शन किये। वहीं बच्चे और महिलाएं मेले का खूब लुत्फ उठाया। रंग बिरंगी मिठाइयां एवं बच्चो के खेल सामग्री मेले को चार चांद लगा रहीं थी। मौके पर सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष जुल्फान अंसारी, कोषाध्यक्ष मो ग्यास, मो मुजीबुल्ला, मो गफ्फार, अजीत सिंह, मो एस्तेयक, अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, आलमगीर आलम आदि मौजूद थे।

## तरंगा और चोरेया जुलूस का हुआ संगम

दूसरी तरफ तरंगा एवं चोरेया की जुलूस सौहार्द पूर्ण तरीके से हमेशा की तरह चोरेया गांव में घुमाए इसकी शुरूआत जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी एवं भाजपा नेता सन्नी टोप्पो ने लाठी भांज कर किया। बताते चले चोरेया तरंगा की जुलूस एक अनोखा संगम है। एक तरफ से गंगा जमुनी तहजीब को दशार्ता है। चोरेया गांव में दूसरे समुदाय के बहुतार्थ आबादी है इसके बावजूद हर कदम पर वे जुलूस का स्वागत करते हैं तथा मिलजुल कर जुलूस का साथ देते हैं यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। जिसे देखने के लिए काफी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं।



# बच्चों को बचाइये


दिल्ली में बच्चों की तस्करी के हालात चिंताजनक हैं। कोरोना से पहले के मुकाबले महामारी के बाद के चरण में बाल तस्करी के मामलों में 68 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एक एनजीओ के नये अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। चाइल्ड ट्रैफिकिंग इन इंडिया : इनसाइट फ्रॉम सिचुएशनल डेटा एनालिसिस एंड नीड फॉर टेक-ड्रिवन इंटरवेंशन स्ट्रेटजी शीर्षक वाली एक व्यापक रिपोर्ट में इन आंकड़ों का खुलासा किया गया है। इस रिपोर्ट को गेम्स 247' और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन (केएससीएफ) ने संयुक्त रूप से मिलकर तैयार किया है। यह रिपोर्ट रविवार को विश्व मानव तस्करी निरोधक दिवस के मौके पर जारी की गई। इसमें वर्ष 2016 से 2022 के बीच बच्चों की तस्करी के आंकड़े पेश किए गए हैं। इसके अनुसार, बाल तस्करी की सर्वाधिक घटनाओं के लिहाज से उत्तर प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश शीर्ष तीन राज्यों में शामिल हैं। जिलावार देखें तो बाल तस्करी में सबसे ऊपर जयपुर शहर है। सूची के अन्य शीर्ष चार स्थान पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के इलाके शामिल हैं। निश्चित तौर पर बच्चे देश का भविष्य है यह सिर्फ नारों तक सीमित न रह जाये। आज देश को तीसरी आर्थिक शक्ति बनाने की बात चल रही है। यह बात भी होनी चाहिए इससे कोई गुरेज नहीं होना चाहिए लेकिन निर्धनता और मानव तस्करी के शिकार हमारे बच्चों को पुलिस प्रशासन और कानून का संरक्षण मिले यह आवश्यक है। इस दिशा में केन्द्र और राज्य सरकारों को समन्वय बैठा कर ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। बाल संरक्षण वैश्विक स्तर पर देश की सबसे बड़ी जबावदेही है। देश के सभी राज्यों में यह एक बड़ा खतरनाक रुप लेता जा रहा है। ऐसे कृत्य करनेवाले अपराधिक गुटों की पहचान कर उन्हें नियंत्रित करना भी राज्यों का दायित्व है।

# सही कदम

भारत सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को चौथी पीढ़ी की 4 जी सेवायें शुरू करने के लिए स्पेक्ट्रम आवंटन के साथ ही इसके 5 जी सेवा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से बुधवार को चार वर्ष के लिए 1.64 लाख करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह मंजूरी दी गयी। सरकार ने दूरसंचार क्षेत्र को रणनीतिक क्षेत्र मानते हुये और टेलीकॉम बाजार में संतुलन बनाये रखने के लिए बीएसएनएल की मौजूदगी के महत्व को रेखांकित करते हुये इस पैकेज को मंजूरी दी है। बीएसएनएल ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीकॉम सेवाओं की पहुंच में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसके साथ ही स्वेदशी प्रौद्योगिकी और आपदा राहत में भी कंपनी की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही सरकार बीएसएनएल को इस पैकेज के बल पर वित्त वर्ष 2026-27 तक लाभ की स्थिति में पहुंचाना चाहती है। इस पैकेज में नकदी के साथ ही सरकार की बैंक गारंटी और इक्विटी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल को गांवों में नेटवर्क के विस्तार में मदद के लिए भारत ब्राडबैंड निगम लिमिटेड (बीबीएनएल) का बीएसएनएल में विलय करने का निर्णय लिया गया है जिससे बीएसएनएल के ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क की क्षमता बढ़कर 14 लाख किलोमीटर से अधिक हो जायेगी। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल आत्मनिर्भर 4 जी प्रौद्योगिकी का उपयोग करेगी। इसके साथ ही बीएसएनएल की अधिकृत पूंजी 40 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपये हो जायेगी। निश्चित तौर पर इस सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी का पुर्नजीवित होना देश के लिये आवश्यक है क्योंकि इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्र को निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ा नहीं जा सकता है।

# हर वर्ग की संवेदना को स्पर्श करते प्रेमचंद



- मुरलीधर

**प्रेमचंद** उनका साहित्यिक नाम था और बहुत वर्षों बाद उन्होंने यह नाम अपनाया था। उनका वास्तविक नाम धनपत राय था। जब उन्होंने सरकारी सेवा करते हुए कहानी लिखना आरम्भ किया, तब उन्होंने नवाब राय नाम अपनाया। बहुत से मित्र उन्हें जीवन-पर्यन्त नवाब के नाम से ही सम्बोधित करते रहे। जब सरकार ने उनका पहला कहानी-संग्रह, सोजे वतन जब्त किया, तब उन्हें नवाब राय नाम छोड़ना पड़ा। बाद का उनका अधिकतर साहित्य प्रेमचंद के नाम से प्रकाशित हुआ। इसी काल में प्रेमचंद ने कथा-साहित्य बड़े मनोयोग से पढ़ना शुरू किया। एक तम्बाकू-विक्रेता की दुकान में उन्होंने कहानियों के अक्षय भण्डार, तिलिस्मे होशरूबा का पाठ सुना। इस पौराणिक गाथा के लेखक फैजी बताए जाते हैं, जिन्होंने अकबर के मनोरंजन के लिए ये कथाएं लिखी थीं। एक पूरे वर्ष प्रेमचंद ये कहानियाँ सुनते रहे और इन्हें सुनकर उनकी कल्पना को बड़ी उत्तेजना मिली। कथा साहित्य की अन्य अमूल्य कृतियाँ भी प्रेमचंद ने पढ़ीं। इनमें सरशार की कृतियाँ और रेनाल्ड की लन्दन-रहस्य भी थी। गोरखपुर में बुद्धिलाल नाम के पुस्तक-विक्रेता से उनकी मित्रता हुई। वे उनकी दुकान की कुंजियाँ स्कूल में बेचते थे और इसके बदले में वे कुछ उपन्यास अल्प काल के लिए पढ़ने को घर ले जा सकते थे। इस प्रकार उन्होंने दो-तीन वर्षों में सैकड़ों उपन्यास पढ़े होंगे। इस समय प्रेमचंद के पिता गोरखपुर में डाकमुंशी की हैसियत से काम कर रहे थे। गोरखपुर में ही प्रेमचंद ने अपनी सबसे पहली साहित्यिक कृति रची।

हिंदी कहानियों के विकास के इतिहास में प्रेमचंद का आवागमन एक महत्वपूर्ण घटना है। इनकी कहानियों में समाज का पूरा परिवेश उसकी कुरूपता और असमानता, छुआछूत, शोषण की विभीषिका कमजोर वर्ग और स्त्रियों का दमन आदि वास्तविकता प्रकट हुई है। उन्होंने सामान्य आदमी का जीवन अत्यंत निकट से देखा था तथा खुद उस जिंदगी को भोगा भी था। धार्मिक और सामाजिक रूढ़ियों पर भी उन्होंने तीव्र व्यंगय किया।

प्रेमचंद के बारे में राजेंद्र यादव ने लिखा है वेश्या, अछूत, किसान, मजदूर, जमींदार, सरकारी अफसर, अध्यापक, नेता, क्लर्क, समाज के प्रायः हर वर्ग पर प्रेमचंद ने कहानियां लिखी है और राष्ट्रीय चेतना के अंतर्गत विशेष उत्साह आदि से लिखा है , मगर मूलतः उनकी समस्या तत्कालीन दृष्टि से वांछनीय अवांछनीय शुभ-अशुभ के चुनाव की है।प्रेमचंद साहित्य में समस्या का हल उसके साथ ही देते हैं।

> प्रेमचंद के बारे में राजेंद्र यादव ने लिखा है वेश्या, अछूत, किसान, मजदूर, जमींदार, सरकारी अफसर, अध्यापक, नेता, क्लर्क, समाज के प्राय: हर वर्ग पर प्रेमचंद ने कहानियां लिखी है और राष्ट्रीय चेतना के अंतर्गत विशेष उत्साह आदि से लिखा है , मगर मूलत: उनकी समस्या तत्कालीन दृष्टि से वांछनीय अवांछनीय शुभ-अशुभ के चुनाव की है।प्रेमचंद साहित्य में समस्या का हल उसके साथ ही देते हैं।

राष्ट्रीय चेतना में प्रेमचंद गांधी से प्रभावित थे ,तो आर्थिक विषमता को दूर करने के लिए वे साम्यवाद का सहारा लेते हैं। प्रारंभिक कहानियों में प्रेमचंद पूर्णता आदर्शवादी दिखाई देते हैं। बड़े घर की बेटी, पंच परमेश्वर, नमक का दारोगा, उपदेशद्ध आदि कहानियों में कर्तव्य,त्याग, प्रेम, न्याय, मित्रता, देश सेवा आदि प्रतिष्ठित हुई है। बाद में कहानियों में आदर्शवाद यथार्थ में बदल जाता है पूस की रात, बूढ़ी काकी, दूध का दाम, सद्गति कहानियों में जीवन का नग्नतम यथार्थ दिखाई देता है। उनके तथा उनके युग की कहानी साहित्य पर तत्कालीन राजनीति और सामाजिक परिस्थितियों के प्रभाव स्पष्ट दिखाई देते हैं।

गोरखपुर में प्रेमचंद को एक नये मित्र महावीर प्रसाद पोद्दार मिले और इनसे परिचय के बाद प्रेमचंद और भी तेजी से हिन्दी की ओर झुके। उन्होंने हिन्दी में शेख सादी पर एक छोटी-सी पुस्तक लिखी थी, टॉल्सटॉय की कुछ कहानियों का हिन्दी में अनुवाद किया था और प्रेम-पचीसी की कुछ कहानियों का रूपान्तर भी हिन्दी में कर रहे थे। ये कहानियाँ सप्त-सरोज शीर्षक से हिन्दी संसार के सामने सर्वप्रथम सन 1917 में आयीं। ये सात कहानियाँ थीं:- मुंशी प्रेमचंद पहले अंग्रेजी में लिखते थे और इसके बाद उसे हिन्दी अथवा उर्दू में अनूदित कर विस्तारित करते थे। बड़े घर की बेटी,सौत,,सज्जनता का दण्ड,पंच परमेश्वर नमक का दारोगा, उपदेशपरीक्षा,प्रेमचंद की सर्वश्रेष्ठ कहानियों में इन कहानियों की गणना होती है। प्रेमचंद की कृतियाँ भारत के सर्वाधिक विशाल और विस्तृत वर्ग की कृतियाँ हैं। उन्होंने उपन्यास, कहानी, नाटक, समीक्षा, लेख, सम्पादकीय, संस्मरण आदि अनेक विधाओं में साहित्य की सृष्टि की, किन्तु प्रमुख रूप से वह कथाकार हैं। उन्हें अपने जीवन काल में ही उपन्यास सम्राट की पदवी मिल गयी थी। उन्होंने कुल 15 उपन्यास, 300 से कुछ अधिक कहानियाँ, 3 नाटक, 10 अनुवाद, 7 बाल-पुस्तकें तथा हजारों पृष्ठों के लेख, सम्पादकीय, भाषण, भूमिका, पत्र आदि की रचना की। जिस युग में प्रेमचंद ने कलम उठाई थी, उस समय उनके पीछे ऐसी कोई ठोस विरासत नहीं थी और न ही विचार और प्रगतिशीलता का कोई मॉडल ही उनके सामने था सिवाय बांग्ला साहित्य के। उस समय बंकिम बाबू थे, शरतचंद्र थे और इसके अलावा टॉलस्टॉय जैसे रूसी साहित्यकार थे। लेकिन होते-होते उन्होंने गोदान जैसे कालजयी उपन्यास की रचना की जो कि एक आधुनिक क्लासिक माना जाता है। उन्होंने चीजों को खुद गढ़ा और खुद आकार दिया। जब भारत का स्वतंत्रता आंदोलन चल रहा था तब उन्होंने कथा साहित्य द्वारा हिन्दी और उर्दू दोनों भाषाओं को जो अभिव्यक्ति दी उसने सियासी सरगर्मी को, जोश को और आंदोलन को सभी को उभारा और उसे ताकतवर बनाया और इससे उनका लेखन भी ताकतवर होता गया। प्रेमचंद इस अर्थ में निश्चित रूप से हिन्दी के पहले प्रगतिशील लेखक कहे जा सकते हैं। 1936 में उन्होंने प्रगतिशील लेखक संघ के पहले सम्मेलन को सभापति के रूप में संबोधन किया था। उनका यही भाषण प्रगतिशील आंदोलन के घोषणा पत्र का आधार बना। श्रीनाथ सिंह ने ग्रामीण परिवेश की कहानियाँ लिखी हैं, वो एक तरह से प्रेमचंद की परंपरा के तारतम्य में आती हैं। प्रेमचंद एक क्रांतिकारी रचनाकार थे, उन्होंने न केवल देशभक्ति बल्कि समाज में व्याप्त अनेक कुरीतियों को देखा और उनको कहानी के माध्यम से पहली बार लोगों के समक्ष रखा। उन्होंने उस समय के समाज की जो भी समस्याएँ थीं उन सभी को चित्रित करने की शुरूआत कर दी थी। उसमें दलित भी आते हैं, नारी भी आती हैं। ये सभी विषय आगे चलकर हिन्दी साहित्य के बड़े विमर्श बने।

## खास बात

### खाओ और मौज करो

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**कल** भजनखबरी के हाथ एक पैम्पलेट लगा। छपा था, क्या आप रोजगार हैं, क्या आप जिंदगी से खुश हैं? तो आप नीचे दिए मोबाइल नंबर पर फोन कर हमारे सुनहरे अवसर का लाभ बिल्कुल मत उठाइए। भजनखबरी को बड़ा अजीब लगा। भला कोई इस तरह का पैम्प्लेट छपवाता है। उसने दिए नंबर पर फोन लगाया। कहने लगा, अरे भाई! कोई रोजगारों के लिए पोस्टर बनाता है? पोस्टर तो हमारे जैसे बेरोजगारों के लिए बनाना चाहिए। सामने वाले ने कहा, भाई कुत्ता आदमी को काट ले तो सामान्य बात है, वही आदमी कुत्ते को काट ले तो यह विशेष। और आपको तो पता है कि आदमी किस तरह विशेष की ओर कैसे खींचा चला आता है। जो भी हो बताइए आप क्या चाहते हैं? भजनखबरी ने कहा, देखिए मैं बेरोजगार हूँ। मैंने डिग्री तक की पढ़ाई की है। इस डिग्री ने मेरे लायक कुछ किया नहीं। इसलिए यह मेरे लिए केवल कागज का टुकड़ा है। कुल मिलाकर घर वालों के सीने पर चढ़कर खाता हूँ। जब वे डाँटने लगते हैं तो तब बाहर की सैर पर निकल पड़ता हूँ।

अरे वाह! हमें बिल्कुल आप जैसा आदमी चाहिए था। आखिरकार भगवान ने हमारी सुन ही ली। आप हमारे रिक्वायरमेंट के लिए फिट बैठते हैं, सामने वाले ने कहा। इस पर भजनखबरी ताज्जुब खाते हुए पूछने लगा, भाई साहब ऐसी कौनसी नौकरी है जिसमें हमारे जैसों को खाने और घूमने की तनख्वाह मिलती है? सामने वाले ने कहा, भाई हमारी कंपनी का नाम है, गोखाटो। गो का मतलब जाओ, खा मतलब खाओ और आटो का मतलब अपने आप पैसा कमाओ। आपको मोबाइल पर ग्राहकों के ऑर्डर आयेंगे। आपको करना केवल इतना है कि ग्राहकों के मनपसंद वाले हाटलों से फुड ले जाकर उनके बताए पते पर समय रहते पहुँचाना है। यह सब काम करने के लिए गाड़ी हम देंगे। समझे! ग्राहक तुम्हें फाइव स्टार रेटिंग दे। ग्राहक खुश तो समझो तुम्हारी चांदी ही चांदी। भजनखबरी खुश हो उठा। किंतु चेहरे पर एक बहुत बड़ा प्रश्न चिह्न बना हुआ था। सामने वाला भजनखबरी से कहने लगा, मैं जानता हूँ तुम्हारे मन में क्या चल रहा है।

# शिव के वरद पुत्र

## विचार-प्रवाह

**-अशोक प्रवृद्ध**

**विद्यापति** शिव एवं शक्ति दोनों के प्रबल भक्त थे। शक्ति के रुप में उन्होंने दुर्गा, काली, भैरवि, गंगा, गौरी आदि का वर्णन अपनी रचनाओं में यथेष्ठ किया है। मिथिला के लोगों में यह बात आज भी व्याप्त है कि जब महाकवि विद्यापति काफी उम्र के होकर रुग्न हो गए तो अपने पुत्रों और परिजनों को बुलाकर यह कहा कि मेरी इच्छा है कि मैं गंगा के किनारे गंगाजल को स्पर्श करता हुआ अपने दीर्घ जीवन की अन्तिम सांस लूं। अतः आप लोग मुझे गंगालाभ कराने की तैयारी में लग जाएं। परिवार के लोगों ने महाकवि का आज्ञा का पालन करते हुए चार कहरियों को बुलाकर महाकवि के जीर्ण शरीर को पालकी में सुलाकर सिमरिया घाट गंगालाभ कराने के लिए चल पड़े। आगे-आगे कहरिया पालकी लेकर और पीछे-पीछे उनके सगे-सम्बन्धी। रात-भर चलते-चलते जब सूर्योदय हुआ तो विद्यापति ने पूछा- भाई, मुझे यह तो बताओ कि गंगा और कितनी दूर है? साथ चलने वालों ने बताया कि अभीकरीब पौने दो कोस दूर है । इस पर महाकवि ने वहीं अपनी पालकी रोक देने की आज्ञा दी और कहा कि गंगा यहीं आएंगी। साथ चलने वालों के गंगा तक चलने की प्रार्थना करने पर भी वे नहीं माने और कहते रहे कि हमें और आगे जाने की जरुरत नहीं। गंगा यहीं आएगी। इतना कहकर महाकवि ध्यानमुद्रा में बैठ गए। पन्द्रह-बीस मिनट के अन्दर गंगा अपनी उफनती धारा के प्रवाह के साथ वहां पहुंच गयी। सभी लोग आश्चर्य में थे। सर्वप्रथम गंगा को दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया, फिर जल में प्रवेश कर एक गीत की रचना की और प्रार्थना करते हुए उसमें अपनी प्राण त्याग दी ।

झारखण्ड में इंडिया के हेमंत सोरेन की सरकार में कल रात गिरिडीह में महिला को निर्वस्त्र कर के बेरहमी से पिटाई।

हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।मोमबत्ती गैंग, अवॉर्ड वापसी गैंग, बॉलीवुड, सभी कोई चुप।ये नकली सेक्युलर सरकार के राज की घटना है इसलिए इसको नही उठाना चाहिए।

**– महेश पोद्दार, सांसद**

## आपके ट्वीट

बोकारो जिले के खेतको में मुहर्रम जुलूस के दौरान दुर्घटना से 4 लोगों की मृत्यु और 10 लोगों के घायल होने का दुःखद समाचार मिला। शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

**– हेमंत सोरेन**





**राष्ट्रीय** शिक्षा नीति के 3 वर्ष पूरे होने के सुअवसर पर आयोजित शिक्षा समागम के दूसरे दिन नन्हें दोस्तों से आनंददायी मुलाकातः नन्हीं आंखों में कितने बड़े सपने पल रहे हैं,नन्हीं जुबान से कितनी बड़ी बातें कर रहे हैं, सीखा रहे हैं।

**– अन्नपूर्णा देवी**

# नारायणा, झारखंड में बंचित छात्रों पर देगा विशेष ध्यान

**अनुष्का**

**स्कॉलास्टिक** एप्टीट्यूड टेस्ट के टॉप रैकर्स को मिलेगा करोड़ों कैश अवार्ड एवंइस परीक्षा से नारायणा के किसी भी कोर्स में 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप पाने का मौका

राज्य के जमशेदपुर, धनबाद और रांची में संस्थान की शाखा है। देश की अग्रणी इंजिनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान नारायणा आई.आई.टी./नीट एकेडमी, राँची द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट का आयोजन 01 अक्टूबर, 15 अक्टूबर एवं 29 अक्टूबर 2023 को ऑफलाईन और 08 अक्टूबर से 12 अक्टूबर 2023 तक ऑनलाईन मोड में आयोजित की जायेगी।इस प्रतियोगिता परीक्षा में छात्र हमारी वेबसाईट पर घर बैठे बेवसाइट ऑनलाईन आदेवन कर सकते है या नजदीकी नारायणा केन्द्र पर जाकर परीक्षा से 5 दिन पहले तक आवेदन कर सकते है तथा उपरोक्त वेबसाईट पर परीक्षा का सिलेबस, सेम्पल प्रश्न पत्र तथा परीक्षा की सारी जानकारी उपलब्ध है। इस तरह का आयोजन न केवल राँची बल्कि भारत में अपने आप में एक अनूठा पहल है, जिसके माध्यम से सातवीं कक्षा से लेकर ग्यारहीं कक्षा में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए नारायणा की यह पहल काफी उत्साहवर्धक साबित होती है।

राँची केन्द्र के निदेशक दीपक शुक्ला ने बताया कि यह परीक्षा ऑबजेक्टीव टाईप का होगा एवं इसमें साइन्स, मैथ्स एवं मेन्टल एबिलिटी से प्रश्न पूछे जाएगें। इस टेस्ट का मकसद छात्रों में प्रतियोगी

## शिक्षा



क्षमता विकसित करना है। यही नहीं इस टेस्ट के जरिए छात्र ऑल इंडिया लेवल पर अपनी रैंकिंग भी जान सकते हैं, साथ ही साथ विद्यार्थियों को ये जानने का मौका मिलेगा कि अभी तक उनकी एन.टी.एस.ई., ओलिमपियाड, के.वी.पी.वाई, आई.आई.टी. नीट एवं विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा का कितनी तैयारी हो चुकी है। श्री दीपक शुक्ला ने बताया कि इस परीक्षा में भाग लेने वाले सभी छात्रों में से राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष रैंक पाने वाले छात्रों को लाखों कैश अवार्ड पाने का अवसर मिलेगा, साथ ही जो विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन करेंगे, उस छात्र को नारायण के किसी भी कोर्स में दाखिला लेने पर 100 प्रतिशत तक स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी। श्री शुक्ला ने बताया कि नारायणा स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट की परीक्षा में जिस स्कूल के छात्र टॉपर होंगे उस स्कूल एवं संस्थान को कैश अवार्ड के साथ-साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट के माध्यम से नारायणा का उद्देश्य देश के सर्वोच्च रैंकिंग वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं आई.आई.टी. जे.ई.ई. एवं नीट के लिए सबसे प्रतिभाशाली छात्रों का चयन कर के भविष्य के डॉक्टरों एवं इंजिनियरों को तैयार करना है।

श्री शुक्ला ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य यह है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक चुनौतियों के कारण अपने सपनों से समझौता न करें क्योंकि नारायणा ग्रुप ऐसे छात्रों को आगे लाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगा। नारायणा न केवल इंजिनियरिंग एवं मेडिकल इन्स्टीच्यूट के रूप में बल्कि एक ग्रुप के रूप में नारायणाः अपनी इंजिनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, डेन्टल कॉलेज, जूनियर कॉलेज आदि के लिए पूरे भारत में अपना एक अहम स्थान रखता है।

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### गडकरी के बोल

**ऐसे** में लोग असमंजस में हैं कि जो पं. नेहरू लगातार भाजपा के निशाने पर रहा करते थे, उनको लेकर यह सदाशयता क्यों? पिछले दिनों केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा था कि लोकतंत्र के लिये कांग्रेस का मजबूत होना जरूरी है, उसकी जगह यदि क्षेत्रीय दल लेते हैं तो यह लोकतंत्र के हित में नहीं है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है?

**–आनंद प्रतिहस्त, रांची**

### भ्रम की स्थिति

**जाहिर** बात है जो पार्टी कांग्रेस मुक्त भारत की बात करे, उसी के दिग्गज नेता कांग्रेसयुक्त भारत की बात करने लगें तो हैरत होना स्वाभाविक है। ऐसे में सवाल उठता है कि ये बयान पार्टी की किसी रणनीति का हिस्सा हैं या फिर भाजपा के दिग्गज नेता मन की बात करने लगे हैं। या फिर पार्टी के भीतर कमतर मूल्यांकन के चलते ये प्रतिरोध के स्वर उभर रहे हैं।

**– सुजाता सिंह, रांची**

# बिजली क्षेत्र की बिगड़ती हालत और महंगी होती बिजली

**नागेन्द्र सिंह**

**उदय** योजना के तहत वित्तीय सहायता मुहैया कराई गई जो प्रमुख रूप से राज्य सरकारों द्वारा जारी किए गए बॉन्ड के रूप में थी। इन्हें सरकारी बैंकों ने खरीदा और इनके माध्यम से 2019 तक वित्तीय और परिचालन सुधार किए जाने थे। व्यापक लक्ष्य यही था कि समग्र तकनीकी और वाणिज्यिक (एटीऐंडसी) नुकसान को 15 फीसदी तक लाया जाए और आपूर्ति की समग्र लागत तथा एसीएस-एआरआर के नाम से प्रचलित कुल हासिल सालाना राजस्व के अंतर को समाप्त किया जाए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक के बॉन्ड जारी किए गए जबकि वितरण कंपनियों के प्रदर्शन में कोई खास सुधार नहीं हुआ। एटीऐंडसी नुकसान बढ़कर 21.7 फीसदी हो गया जबकि एसीएस-एआरआर का अंतर 50 पैसे प्रति यूनिट हो गया। यहां तक कि एसीएस-एआरआर अंतर में मामूली सुधार भी मोटे तौर पर इसलिए हुआ क्योंकि बिजली की कीमतों में सार्थक और पारदर्शी सुधार के बजाय उद्योग जगत समेत प्रीमियम उपभोक्ताओं के लिए शुल्क दरों में भारी इजाफा किया गया। यह तब जबकि बिजली क्षेत्र पर उत्पादकों का बकाया बढ़ता जा रहा था। खासकर स्वतंत्र विद्युत उत्पादकों और राज्य सरकारों से मिलने वाली प्रत्यक्ष शुल्कवाली

## उर्जा

बिजली सब्सिडी 2016 से करीब 32 फीसदी बढ़ी है। देश में विद्युत वितरण सुधार के लिए तीन लाख करोड़ रुपये की योजना इस बात को रेखांकित करती है कि तमाम राज्यों समेत देश का राजनीतिक वर्ग इस क्षेत्र की बुनियादी ढांचागत कमी को दूर कर पाने में विफल रहा है और वह है: शुल्क दरों में सुधार। इस नए कार्यक्रम का नाम-रिफॉर्म बेस्ड ऐंड रिजल्ट लिंक्ड रीवैंप्ड डिस्ट्रिब्यूशन स्कीम, इसके उद्देश्य को सामने रखता है। सन 2015 में उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की यह दूसरी योजना है लेकिन बीते 15 वर्षों में यह इस तरह की पांचवीं योजना है। इससे पता चलता है कि कैसे इस बीच तमाम केंद्र और राज्य सरकारें राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील इस क्षेत्र के मूल्य सुधार से हिचकती रहीं और लक्षित लाभार्थियों की सब्सिडी कम करने से भी पीछे हटती रहीं। नई योजना ने मूल उदय केलक्ष्य को 2024-25 तक बढ़ा दिया है और बिजली क्षेत्र की अन्य सभी सुधार योजनाएं इसमें समाहित होंगी। उदाहरण के लिए ग्रामीण विद्युतीकरण, पारेषण नेटवर्क सुधार और कृषि क्षेत्र के लिए स्वच्छ ऊर्जा नेटवर्क जैसी योजनाएं। परंतु इसमें कुछ उपयुक्त समायोजन किए गए। ऋण वितरण को कुछ न्यूनतम बुनियादी मानकों से जोड़ा गया है और फंड जारी करने के पहले हर वर्ष इसकी समीक्षा की जाएगी। असल परीक्षा यह है कि सरकार अपने इरादों में कितनी कामयाब हो पाती है। मई 2020 में जब स्पष्ट था कि उदय के लक्ष्य हासिल नहीं होंगे, तब वितरण कंपनियों को 1.2 लाख करोड़ रुपये का राहत पैकेज दिया गया ताकि वे अपना बकाया निपटा सकें। आवंटन इस आधार पर किया गया कि महामारी के कारण मांग में अचानक कमी आई। इस बार स्मार्ट मीटरिंग और कृषि फीडरों को अलग और सौर ऊर्जा चालित करने पर जोर है। दोनों पहल अहम हैं क्योंकि सौर पंप सेट राज्यों को कृषि क्षेत्र की भारी बिजली सब्सिडी से बचा सकते हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# रामगढ़ में अवैध शराब और लेबल जब्त

## झारखंड के महंगे ब्रांड की बोतल में भरी जा रही थी अरुणाचल की सस्ती शराब

संवाददाता

**रामगढ़।** सहायक उत्पाद आयुक्त अजय कुमार गोंड ने रविवार को रामगढ़ में शराब माफियाओं के ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली सस्ती शराब के साथ महंगी ब्रांड के नकली लेवल और बोतल जब्त किए।

उन्होंने बताया कि झारखंड के शराब दुकानों में बिकने वाली महंगी ब्रांड की शराब के अंदर सस्ती शराब भरकर बेचने का गोरखधंधा चल रहा था। गुप्त सूचना पर गोला थाना पुलिस के साथ बंदा बाजारटांड़ क्षेत्र में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अरुणाचल प्रदेश में बिकने वाली शराब की बोतलें, झारखंड में बिकने वाले नामी ब्रांड की शराब की खाली बोतलें, नकली होलोग्राम, क्यूआर कोड व लेबल आदि जब्त किया गया।



# चौपारण में व्यवसायी को अगवा कर लूटपाट

### बोलेरो में सवार चार अपराधियों ने चैन, अंगूठी समेत अन्य सामान छीने

खबर मन्त्र संवाददाता

**चौपारण।** जीटी रोड के ब्लॉक मोड़ के समीप स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र एक प्रतिष्ठित व्यवसायी बालेश्वर वर्णवाल का रविवार के सुबह एक बोलेरो सवार लोगो ने उनके घर के समीप से अगवा कर लिया। वे सोने चांदी का व्यवसायी है तथा अपना मूर्ति मार्केट में सोने चांदी की दुकान चलाते हैं। मूर्ति मार्केट में अन्य भाई का भी दुकान है। अगवा करने वाले लोग बालेश्वर साव से सोने का चेन, सोने की अंगूठी, मोबाईल, चश्मा एटीएम तथा दो हजार नगद लूट लिया। अगवा करने वाले लोग दनुआ घाटी में गमछा बांध कर छोड़ दिया। सूचना।



घटना के बाद बालेश्वर वर्णवाल ने स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज कराया जिसमे कहा कि सुबह मेरे घर के समीप एक बोलोरो रुका और किसी का पता बताने को कहा। जब मैं बोलोरो के समीप पहुंचा तो उसपर सवार लोग घेर कर बेलोरो में बैठकर बस स्टैंड चलने को कहा इसके बाद बोलोरो बिहार के गया जिले के भलुआ तक पहुंचा, इस बीच सब कुछ लूट लिया और गमछा बांधकर दनुआ घाटी में छोड़ दिया।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

इस बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर ने बताया कि उक्त घटना के संदर्भ में लिखित शिकायत दर्ज की गई है फिलहाल अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया जाएगा और प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। हालांकि उन्होंने लोगों को इस घटना से सीख लेते हुए आगे ऐसे अनजान लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी।

## बलकुदरा में फुटबॉल टूर्नामेंट 10 अगस्त से

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झामुमो बलकुदरा पंचायत कमेटी की बैठक रविवार को रिचीबंधा नया टोला स्थित फुटबल ग्राउंड में हुई। बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री सह झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के 48वें जन्मदिवस के पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी ग्राम पंचायत बलकुदरा में फुटबॉल टूर्नामेंट कराने पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि 10 अगस्त को बलकुदरा में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। केक काटकर सीएम हेमंत सोरेन जन्मदिन धूमधाम से मनाने के साथ फुटबल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जायेगा। मौके पर योगेन्द्र यादव ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए झामुमो हर संभव मदद करेगी। उन्होंने बताया कि फुटबल टूर्नामेंट का फाइनल मैच 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के दिन खेला जायेगा।

## सड़क, बिजली और पानी के लिए आंदोलन करेगा आजसू

**बासल (रामगढ़)।** बीचा एवं हरिहरपुर गांव के ग्रामीणों ने आजसू पार्टी के बैनर तले रविवार कोसरकार से सड़क निर्माण के लिए अपनी आवाज बुलंद की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी एवं विशिष्ट रूप से आजसू के केंदीय सचिव विजय साहू उपस्थित थे। ग्रामीणों ने एक स्वर में सरकार से सड़क निर्माण की मांग की। चौधरी ने कहा कि जब अपने हक के लिए जनता को संघर्ष करना पड़े तो समझिए की राजा निष्क्रिय है। बड़कागांव विधानसभा में कांग्रेस पार्टी के राज परिवार ने विकास के लिए जनता को काफी संघर्ष करवाया है। उन्होंने कहा कि जैसे एक परिवार ने देश को बर्बाद किया वैसे हीं यहां भी एक परिवार ने ही बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को बर्बाद किया है। जो दुभाग्यपूर्ण है। उन्नत समाज के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधा सड़क के लिए जनता को संघर्ष करना पड़ रहा है। विस्थापितों को अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा। श्री चौधरी ने लोगों से हक-अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जब तक क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास नहीं हो जाता आजसू पार्टी संघर्ष करती रहेगी। जिस बड़कागांव विधानसभा को पूरे देश में नंबर वन रहना चाहिए था आज वो विधानसभा निचले पायदान पर है।

# महिला ने दो युवकों पर लगाया दुष्कर्म और मारपीट का आरोप

### ग्रामीणों ने बरही थाने में किया प्रदर्शन, गिरफ्तारी की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** धनवार एवं करियातपुर पंचायत के दर्जनों की संख्या में ग्रामीण धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में बरही थाना पहुंचकर पुलिस प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए महिला द्वारा आरोपित युवकों पर मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की मांग किया गया। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बरही पुलिस प्रशासन को दिए गए आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की कोई करवाई नहीं होने के कारण आक्रोशित होकर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह एवं महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी से मुलाकात किया। धनवार निवासी पीड़िता अनीता देवी पति राजू प्रसाद केसरी उम्र 44 वर्ष ने बरही थाना में दुष्कर्म एवं मारपीट के संबंध में धनवार के दो युवक राहुल अंबेडकर उर्फ रामू रविदास पिता स्वर्गीय प्रभु रविदास, लक्ष्मण रविदास पिता सुरेश रविदास के ऊपर दुष्कर्म कर दुर्व्यवहार करने एवं जान से भी मार देने का धमकी देने के संबंध में आरोप लगाया है। महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी ने बताया कि घटना का लिखित आवेदन उन्हें रविवार को प्राप्त हुआ है। जिस पर वह आगे की कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर रही है। महिला को मेडिकल के लिए भेजा जाएगा। इस मामले में किसी भी दोषी व्यक्ति को बख्सा नहीं जायेगा।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, धनवार पंचायत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, बरसोत पंचायत मुखिया मोतीलाल चौधरी, समाजसेवी भगवान केसरी, धनवार उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, अशोक केसरी, मनोज केसरी, राजेश केसरी, उमेश केसरी, सुनील केसरी सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज नर्सिंग होम में लगा हृदय रोग जांच शिविर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब अफ भुरकुंडा के सौजन्य से रविवार को ट्रेकर स्टैंड भुरकुंडा स्थित राज नर्सिंग होम में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर लगाया गया। शिविर में रांची के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ ड अरुण कुमार द्वारा 70 लोगों की स्वास्थ्स जांच की गई। वहीं 30 लोगों का ईसीजी किया गया। साथ ही सभी का शुगर जांच भी किया गया। मौके पर चिकित्सकों ने शिविर में पाये गये



मरीजों को उचित परामर्श देते हुए कहा कि स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का निर्माण होता है। इसलिए हल्की-फुल्की भी शारीरिक तकलीफ हो तो चिकित्सको से जरूर मिलें। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन माला शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में हृदय रोग, स्वांस से संबंधित रोगियों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। जिसे देखते हुए लायंस क्लब अफ भुरकुंडा ने हृदय एवं धमनियों से संबंधित रोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया है। उन्होंने कहा कि क्लब अपने सामाजिक दायित्वों के तहत आगे भी क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य लाभ दिलाता रहेगा।

## भुरकुंडा में राष्ट्रीय सेवा मंच ने गरीबों को कराया भोजन

**भुरकुंडा।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक बाजार भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुल-पत्तल बेचने आये गरीबों को भोजन कराया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल, प्रो.रामानुज सिंह एवं शिक्षक भुपेन्द्र वर्णवाल उर्फ रिंकू ने दर्जनों गरीब महिला-पुरूष व बच्चों के बीच पुरी-सब्जी व जलेबी का वितरण किया। मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि मंच द्वारा पिछले 8 वर्षों से गरीबों को भोजन कराया जाता रहा है जो कि आगे भी जारी जारी रहेगा।

# विष्णुगढ़ : 350 एकड़ में लगाये गये पेड़

### हेठली बोदरा में बागवानी की पूरे प्रखंड में चर्चा

शैलेन्द्र पाठक

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड प्रक्षेत्र में मनरेगा के तहत बिरसा मुंडा हरित आम बागवानी योजना के तहत पिछले तीन वर्षों में लगभग 350 एकड़ में लगाये गए पेड़ आज लहलहा रहा है। बागवानी का उद्देश्य खाली पड़े भूमि में बागवानी लगा कर रोजगार के अवसर को बढ़ावा देना है।

पिछले तीन वर्ष पूर्व लगाये गए बागवानी में आम का पौधा अब पेड़ का आकार लेने लगे है। इससे जहां एक और प्राकृतिक लहजे से बेहतरीन है तो वहीं दूसरे और आने वाले वक्त में बेहतर रोजगार के साधन भी अलपिटो पंचायत के लहराती बगिया गांव के आसपास के लोगों को अनायास हीं इस और आकर्षित कर रहा है। कुछ बागवानी के पौधो का ग्रोथ कम हुआ हो जिसके अनन्य कारण है,



लेकिन ज्यादातर बागवान की बगिया लहरा रहा है। अलपिटो पंचायत के हेठली बोदरा में पुष्पा देवी के जमीन में लगे लगभग एक एकड़ में बागवानी में आम के अलावे शीशम, सागवान, टिंबर जैसे इमारती लकड़ियां समेत फलदार, व स्वास्थ्य वर्द्धक पेड़ जिसमें , नारियल,कटहल अमरुद, केला, नींबू आदि के पेड़ लगाये गए है। बागवानी में वैराइटीज पौधे लगाये गए है` हालांकि विभाग द्वारा सारे पौधे भलें हीं ना मिला हो लेकिन बगिया के शौक रखने वाले खुद अन्य वस्तुओ के पेड़ लगाये है।

इस बगिया के बागवान रंजीत पाठक जो हर दिन अपनी बगिया के सेवा में सुबह के दो से तीन घंटे का समय अवश्य देते हैं।

बागान में लगे पौधे को सींचने के लिए इन्होंने बाल्टी से तकरीबन एक हजार मीटर दूर लगे चापाकल के जरिये गर्मी में बगिया को सिंचाई कर नन्हे पौधे को बड़ा किया है` जिससे बागवानी की हरियाली देखते हीं बनती है। इस आम बागवानी की चर्चा केवल अलपीटो पंचायत के गांव में हीं नहीं अपितू प्रखंड स्तर पर पर भी की जाती है।

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात




**रामगढ़।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 103वां संस्करण रामगढ़ जिले के सभी केंद्रों पर रविवार को सुना गया। इसी क्रम में वार्ड न.6 के अंतर्गत बूथ न.49,50,51 के बूथ अध्यक्षों ने प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में इस कार्यक्रम को उनकी उपस्थिति में सुना। कुंटू बाबू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम के अंतर्गत कठिन परिस्थितियों पर भी जनता का सहयोग और सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों की ताकत से निरंतर देश को आगे ले जाने की बात कही। उन्होंने अमरनाथ गुफा एवं स्वामी विवेकानंदजी का जिक्र कर देश की हजारों वर्ष पुरानी सनातन संस्कृति और उसकी प्रमाणिकता की ओर इशारा करते हुए अंतरराष्ट्रीय जगत में हमारी आस्था का बढ़ता दायरा भी बताने की कोशिश किया जो कबीले तारीफ थी। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी,अरविंद सिंह,सुरजीत सिंह छाबड़ा,मुन्ना खटीक,मणिशंकर ठाकुर,मनोज उपस्थित थे।

### पतरातू में मुहर्रम को ले लगा मेला



**पतरातू।** रजा ए मुस्तफा कमेटी, पतरातू ने मोहर्रम को लेकर पतरातू बाजार में मेला और अखाड़ा आयोजित। कार्यक्रम के समाजसेवी निशी पांडेय,पतरातू थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह, मुखिया गिरजेश कुमार, कयूम अंसारी, वाहिद अंसारी, सरफराज अंसारी, हमिद अंसारी को कमेटी के लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। निशी पांडेय ने कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन की शहादत हमें जुल्म और नाइंसाफी के खिलाफ आवाज बुलंद करने और सच्चाई की राह पर चलने की प्रेरणा देती है। इसके पूर्व पतरातू, जयनगर व सांकुल गांव से आकर्षक ताजियों के साथ मोहर्रम जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल मुस्लिम धर्मावलंबियों के लोग या हुसैन या हुसैन, सरकार की आमद मरहबा, अल्लाह हू अकबर के नारे लगाते हुए पतरातू बाजार में आयोजित अखाड़ा व मेला में पहुंचे। यहां उक्त गांवों के युवकों ने लाठी, तलवार, फरसा, भूजाली आदि से हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। कार्यक्रम में कांग्रेस, पतरातू प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, वारिस खान, अनिल सिंह आदि भी उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के डॉ अरशद, लइक कुरैशी, बख्तावर खान, खुर्शीद आलम, मो नसीम, राजू कुरैशी आदि का योगदान रहा।

### दुर्घटना मृत्यु दावा का हुआ भुगतान



**रजरप्पा।** चितरपुर निवासी सीसीएल कर्मी स्व. बिनोद नायक की मृत्यु पिछले जनवरी माह में कलाली फोरलेन के समीप सड़क दुर्घटना में हो गईं थी। जिसका मृत्यु दावा 1,38,177 रुपए भुगतान उनकी माता किरण देवी को दुर्घटना दावा (एक लाख) चेक के माध्यम से भारतीय जीवन बीमा के अभिकर्ता राजकुमार पोद्दार ने दिया।

### डटमा मोड़ से ट्रक की हुई चोरी

**कुजू।** चैनपुर निवासी मुकेश प्रसाद ने अपनी ट्रक चोरी होने को लेकर कुजू ओपी में आवेदन दिया है। दिये गये आवेदन में कहा है कि भेलगढ़ा, घाटो निवासी उनका ट्रक चालक मो असगर गत 28 जुलाई की संध्या करीब 6 बजे उनका 14 चक्का ट्रक संख्या जेएच02एडब्लू-7963 को डटमा मोड़ में खड़ा कर मुहर्रम त्योहार मनाने घर चला गया। जब मैं ट्रक देखने के लिए रविववार दोपहर 12 बजे कुजू डटमामोड़ पहुंचा तो ट्रक को गायब पाया। मुकेश ने कुजू ओपी पुलिस से ट्रक की खोजबीन की गुहार लगाई है।

### उज्ज्वला दीदियों ने सुनी मन की बात

कुजू। सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति के नेतृत्व में बूथ संख्या 248 के कार्यकर्ता व उज्जवला दीदियों ने बोंगावार स्थित मोती राम कॉम्प्लेक्स में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सूना। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनते हुए अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। बाद में कार्यकर्ताओं ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह को बधाई आभार व्यक्त किया। मौके पर जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि रघुवर दास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने से भाजपा और मजबूत होगी। साथ ही राज्य के कार्यकताओं में एक नई उर्जा आयेगी। मौके पर प्रकाश केशरी, शांति देवी, आशा कुमारी, कौशल्या देवी, मंसरी देवी, मीना देवी, अनिता देवी, बिन्दु देवी, ललिता देवी, बचनी देवी आदि मौजूद थे।

### बच्चों के बीच फुटबॉल किट वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत में अंडर-14 वर्ष के बच्चों के बीच रविवार को खेल सामग्री का वितरण किया गया। मुखिया सत्यवंती देवी ने खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का वितरण करते हुए उनका हौसला आफजाई की। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने बताया कि अंडर 14 वर्ष के फुटबल खिलाड़ियों का चयन कर फुटबल किट का वितरण किया गया है ताकि बच्चों को खेल-कूद में दिक्कत न होग। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कम उम्र से ही बच्चों को खेल के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि आगे जाकर यह भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ग्राम पंचायत का नाम रोशन कर सकें। मुखिया ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी करियर की असीम संभावनाएं हैं। बच्चे खेल के माध्यम से भी अच्छा नौकरी लेकर देश की सेवा कर सकते हैं।

## एक नजर में

### रांची में आज धरना देंगे बड़कागांव के पत्रकार



**बड़कागांव।** पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर बड़कागांव बीएम मेमोरियल स्कूल में रविवार को जेजेए की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता पत्रकार नरेश कुमार व संचालन संजय सागर ने किया। जिला अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता कहा कि संगठन ही शक्ति है। जेजेए के द्वारा रांची के बिरसा चौक में पत्रकार सुरक्षा अधिनियम लागू करने को लेकर दो दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित की जा रही है। यह धरना 31 जुलाई एवं 1 अगस्त तक चलेगा। हजारीबाग से 31 अगस्त को अधिक संख्या में पत्रकार भाग लेंगे। इसके बाद उपाध्यक्ष अर्जुन सोनी, जिला सचिव अजय मिश्रा,कार्यकारिणी सदस्य अभय सिन्हा, केरेडारी प्रखंड के अध्यक्ष सुमंत शाहा, उमेश दांगी ने भी संगठन की नीति सिद्धांत एवं उपलब्धि अपना अपना विचार रखा ।बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान चलाने, बैठक में कमेटी का पुनर्गठन करने,पत्रकारों की गरिमा बनाए रखने संबंधित चर्चा की गई। संगठन की सदस्यता एवं पुनर्गठन को लेकर सर्वसम्मति से नरेश कुमार कार्यकारी अध्यक्ष मनोनयन किए गए। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन गिरी, उमेश दांगी, आनंद कुमार,पिंटू कुशवाहा, विकास रंजन, मोहम्मद रियासत हसन, राजेश कुमार उपेंद्र कुमार, रंजीत साव, आशीष कुमार साहू, संजय राम, शिव नारायण साहू, ईश्वर कुमार, अरुण गुप्ता, सुनील कुमार, अशोक कुमार बंटी, पवन कुमार दास आदि शामिल थे।

३० है पी ५ : बैठक में शामिल पत्रकार

### चुरचू प्रखंड में धान की रोपनी शुरू

**चरही ।** चुरचू प्रखंड के चरही फुसरी,कजरी,बहेरा, सडवाहा, इंद्रा,जरबा,बासाडीह,हरहद,कजरी,चनारो सहित कई क्षेत्रों में धनरोपनी का कार्य शुरू हो गया है ।क्षेत्र के किसान पहले से ही खेतों को जुताई कर तैयार कर लिए थे ।बारिश नहीं होने के कारण खेतों में लगाए गए धान के बिचड़े सही रूप से तैयार नहीं हो पाए थे ।इधर चार दिनों से हो रही लगातार बारिश होने के कारण धान के बिछड़े रोपनी लायक तैयार हो गए हैं ।किसान बिचड़ों को उखाड़कर अपने-अपने खेतों में लगाने के कार्य कर दिए हैं ।किसान जल्द ही खेती के कार्यों को निपटाने में लग गए हैं ।ताकि आने वाले समय में दूसरे फसल को लगाने की तैयारी कर सके ।क्षेत्र के किसान कहते हैं कि किसी तरह से तो धनरोपनी का कार्य तो कर लिया जायेगा ।अगर अच्छी बारिश हुई तो,कुछ धान के फसल हो सकते हैं ।आगे यह भी कहते हैं कि धनरोपनी के बाद मौसम ने धोखा दिया तो क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता ।इससे मवेशी भी प्रभावित हो सकते हैं ।फिलहाल किसान धनरोपनी के कामों में व्यस्त हो गए हैं।

### दुकान में आग से लाखों की संपति जली



**पदमा।** शनिवार को एनएच -33 के समीप एक दुकान में आग लग गया । दुकान मालिक अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि रोज की तरह में दुकान बंद कर के घर गया और लगभग दो घंटे के बाद सूचना मिला कि आपके दुकान में आग लग गया है तो में तुरंत आनन फानन में पहुंचा और अपने इधर-उधर के भी लोगों को बुलाकर आग बुझाने का प्रयास करने लगा । जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो चुका था । लगभग तीन लाख रुपये का समान था जो पूरी तरह जल कर राख हो गया। साथ ही साथ कहां के हमारा कमाने का वही एक सहारा था जो अब वह भी छिन गया। वही टेम्पू मालिक मदारी मेहता ने बताया कि आज से पांच दिन पहले हमारे होटल में आग लगा दिया गया था जोकि होटल में रखे कपड़ा टेबल आदि छोटे-छोटे सामान जल गए थे ।

### महिला ने न्याय की लगायी गुहार

**दारू।** दारु थाना क्षेत्र के पुनाई की सुनीता मसोमात पति स्वर्गीय महेंद्र भुइयां ने गाँव के दिनेश्वर महतो पति गणेश महतो पर जमीन जमीन हड़पने गाली गलौज करने का आरोप लगाई है ।इस संबंध में एसटीएससी थाना में मामला दर्ज करने को लेकर आवेदन दी है ।आवेदन में कहा है कि मेरा 24 डिसमिल जमीन दबंगई कर हड़पने का प्रयास कर रहे हैं । पीड़ित महिला अपनी सास भोली देवी, ससुर जागो भुईयां और दो छोटे-छोटे बच्चों के साथ थाना पहुंचे ।आवेदन में कहा है कि हम लोगों को जातिसूचक कह कर अपमानित किया जाता है ।इस संबंध में महिला के पड़ोसी दिनेश्वर महतो ने बताया कि उन दोनों के बीच जमीनी सम्बन्धी विवाद चल रहा है लेकिन छेड़छाड़ और बदसलूकी का आरोप गलत है महिला झूठे आरोप लगा रही है।

### मुआवजा को ले महिलाओं ने किया प्रदर्शन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी क्षेत्र के लपंगा बस्ती मुहर्रम मैदान के समीप पिछले 10 जुलाई को अब्दुल खरीफ के मकान ढलाई के क्रम में मजदूर हाईटेंशन करंट के चपेट में आने से घायल हो गया था। जिसके बाद मजदूर दीपक कुमार साव 42 वर्ष नापो बड़कागांव निवासी को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया। जहां ईलाज के दौरान दीपक कुमार साव की रविवार को मौत हो गई। मृत्यु के बाद मृतक की पत्नी चंचल राज गुप्ता उर्फ उमा देवी और नापो बड़कागांव के ग्रामीण भदानीनगर ओपी में शव के साथ विरोध करते हुए आवेदन देकर मुआबजे की मांग किए। ओपी प्रभारी राजदीप कुमार के पहल पर दोनो पक्षों को आपस में बैठाया गया। जिसमें समझौता करने की बात कही गई। दोनो पक्षों के वार्ता के बाद मकान मालिक अब्दुल खरीफ ने 2 लाख 50 हजार रूपया मुआवजा देने की बात कही। जिस पर मृतक पक्ष ने सहमति जताई। खलीफ के तरफ से तत्काल 50 हजार रूपया दिया । बाकी की रकम 10 दिनो में देने की बात कही। दोनों पक्षों के बीच ओपी में सहमति पत्र बनाया गया। इसके बाद शव को परिजनों ने उठाया।

### पोटंगा पंचायत कमेटी का हुआ गठन

**उरीमारी (रामगढ़)।** संथाल समाज दिशोम मांझी कर्णपुरा परगना की बैठक रविवार को जुबला सरना स्थल में हुई। इसकी अध्यक्षता बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सूरज बेसरा व संचालन मोहन सोरेन ने किया। बैठक में सर्वसममति से पोटंगा पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें बिनोद हेम्ब्रोम को अध्यक्ष, बिरसा हेम्ब्रोम को सचिव, राजेन्द्र सोरेन को कोषाध्यक्ष व उदन सोरेन को संगठन मंत्री बनाया गया। मौके पर सूरज बेसरा, मोहन सोरेन, सन्नी सोरेन, बिनोद हेम्ब्रोम, विश्राम सोरेन, बिरसा हेम्ब्रोम, अजय बेसरा, रविन्द्र सोरेन, उदन सोरेन, राजेन्द्र सोरेन, सुकर मांझी, उदन सोरेन, महेश मांझी, संजुल सोरेन, आजाद हांसदा, बबलू मुर्मू, किशोर सोरेन, हीरालाल हांसदा, मुंशी मुर्मू, संजय मरांडी, राजेन्द्र टुडू, पप्पु लाल मांझी, मनाराम टुडू, बुधन हेम्ब्रोम, सोमरा मांझी, बंशीलाल मुर्मू, जुगल सोरेन, हरिलाल मांझी, अनिल मांझी, बाबुराम मांझी, लालधारी मुर्मू, भुनेश्वर मांझी, जीतन बेसरा, चारो सोरेन, दशाराम मुर्मू, बिश्राम टुडू, संजय मुर्मू, सोनू लाल मुर्मू, साहेब राम मांझी, छोटेलाल मांझी, बिशुनु हेम्ब्रोम, नरेश मुर्मू, गंगाराम मांझी, तालो किस्कू, बुचा मांझी, राजेश टुडू, दसई टुडू, बच्चु मुर्मू, मनुलाल सोरेन, गोविन्द मांझी, रमेश मुर्मू, तलु टुडू सहित कई लोग मौजूद थे।



# श्रावण मास का आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व

बासुकीनाथ पाण्डेय

**हिन्दू** पंचांग में काल गणना एवं बारह मासों की पृष्ठभूमि वैज्ञानिकता पर आधारित है। जिसमें श्रावण या सावन मास पांचवे स्थान पर है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार जुलाई-अगस्त माह का समय श्रावण मास या सावन का होता है। यह मास जल के लिए जाना जाता है. साथ ही यह सृष्टि का सृजन काल भी होता है। श्रावण मास में शिव जी कैलास में रमते हैं। कैलास का अर्थ है शांति प्रदान करने वाला। जो आनन्द और उत्सव का प्रतीक है।

कालिदास ने अष्टमूर्ति शिव से कल्याण की कामना करते हुए कहा है-ह्या सृष्टिःस्त्रष्टुराद्याह्लअर्थात जो विधाता की प्रथम सृष्टि अर्थात जलमीय मूर्ति है। हमारा सम्पूर्ण पर्यावरण शिवमय है। पृथ्वी,जल,अग्नि,वायु,आकाश इन पंचमहाभूतों के साथ सूर्य, चंद्र एवं यज्ञकर्ता ये आठ शिव के रूप हैं। सृष्टि की अभिलाषा से विधाता ने जल की रचना कर उसमें बीज का निक्षेप किया जिससे चराचर जगत की सृष्टि का आविर्भाव हुआ। मनुस्मृति के अनुसार–अप एव ससजादौ तासु वीर्यभवासृजत ।। श्लोक1.8अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया।

जल समस्त जगत का आधार है। शिव के आठ रूप ही समस्त पर्यावरण का प्रतीक है। इन्ही तत्वों की अंतः क्रिया से समस्त सृष्टि या पर्यावरण का प्रसार हुआ। अतः सभी शिवमय अर्थात मंगलमय हैं। शिव का अर्थ है कल्याण। ह्यशिह्लका अर्थ है पापों का नाश करने वाला एवं ह्यवह्ल का अर्थ है देने वाला। इस प्रकार श्रावण मास में सम्पूर्ण वातावरण शिव तत्त्व का चरम होता है। जो सहजता से उपलब्ध होता है। यह मास भगवान शिव के पूजन के लिए सर्वश्रेष्ठ माना गया है।

प्रकृति की इस क्रिया का अनुसरण मानव भी अपने आराध्य शिवलिंग पर जल चढ़ाकर करते हैं। श्रावण का अर्थ श्रवण से संबंधित है। चूंकि सभी शिवभक्त इस पवित्र मास में भजन, कीर्तन एवं कथाओं को सुनते एवं गुणगान करते हैं जिससे उन्हें अध्यात्म ज्ञान की एवं अभिषेक से शांति व शीतलता की प्राप्ति होती है।

श्रावण मास भगवान शिव एवं माता पार्वती को अत्यंत प्रिय होने के कारण इन्हें समर्पित है।इस मास में भोलेनाथ का पूजन-अर्चन,जप-तप, भजन-कीर्तन, जलाभिषेक, रुद्राभिषेक करने, रामचरित मानस, एवं राम नाम संकीर्तन का विशेष महत्व एवं फल है।

देवों के देव महादेव मार्ग की समस्त बाधाओं एवं कष्टों को दूर करने वाले हैं। पुरातन को नष्ट कर नूतनता का मार्ग प्रशस्त करते हैं इसलिए कल्याणकारी हैं। पौराणिक कथा अनुसार देवी पार्वती ने सावन मास में निराहार, निर्जला रह कठिन व्रत एवं तपस्या कर शिवजी को प्रसन्न कर पति रूप में प्राप्त किया। इसलिए उन्हें अत्यंत प्रिय है। शिवपुराण के अनुसार शिव स्वयं ही जल हैं। अतः जल से अभिषेक कर आराधना करने से उत्तम फल की प्राप्ति होती है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस मास में भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं।अतः इन चार महीनों में सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शंकर ग्रहण करते हैं, इसलिए श्रावण मास के प्रधान देवता होते हैं।

मान्यता है कि मार्कंडेय ऋषि की आयु कम थी लेकिन उनके पिता मरकंडु ऋषि

### शिव स्वयं जल हैं, काल को नियंत्रित करने वाले महाकाल

ने उन्हें अकालमृत्यु से दूर कर दीर्घायु करने हेतु शिवजी की विशेष पूजा एवं कठिन तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया जिससे मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए इसलिए शिव जी को महाकाल भी कहा जाता है।

पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन में सबसे पहले जल का हलाहल विष निकला जिसकी ज्वाला से देवता,असुर जलने लगे। उनकी कांति फीकी पड़ने लगी। सभी ने भगवान शिव से प्रार्थना की तब उस विष को हथेली पर रखकर पी गए किंतु उसे कंठ से नीचे नही उतरने दिया। उस कालकूट विष के प्रभाव से शिव जी का कंठ नीला हो गया इसलिए शिव जी को नीलकण्ठ कहते हैं। उनकी हथेली से थोड़ा विष धरती पर गिर गया जिसे नाग ,बिच्छू एवं अन्य जंतुओं ने ग्रहण किया जिसका अंश आज भी हम देखते हैं।

विष के ताप से व्याकुल होकर शिव जी ने तीनो लोको में भ्रमण किया किंतु उन्हें शान्ति नही मिली। वे अंत में पृथ्वी पर आए और पीपल के वृक्ष के पत्तो को हिलता देख उसके नीचे बैठ गये जहां उन्हें शांति मिली। शिव जी के साथ सभी देवी-देवताओ ने अपनी शक्ति पीपल वृक्ष में समाहित कर दी, जिससे पीपल भोलेनाथ को शीतल छाया और जीवनदायिनी वायु प्रदान करने लगा।चन्द्र देव ने पूर्ण शक्ति से शीतलता दी, शेषनाग शिव के कंठ में लिपटकर उस कालकूट विष के दाह को कम करने लगे, इंद्र देव और गंगाजी निरंतर उनके शीश पर जलवर्षा करने लगी। विष ही विष के प्रभाव को कम कर सकता है अतः सभी देवता भांग, धतूरा, बेलपत्र शिव जी को खिलाकर कर उनके विष के ताप को कम करने का प्रयास करने लगे। जिससे शिव जी को शांति मिली और शिव जी श्रावण मास भर पृथ्वी पर ही रहे।

शिव जी ने प्रसन्न हो चन्द्रमा, पीपल, शेषनाग, सभी को वरदान दिया कि जो भी प्राणी मुझे जल, गंगाजल, बेलपत्र, पुष्प, भांग धतुरा, दूध अर्पित करेगा उसे संसार के दैहिक, दैविक और भौतिक तीनों प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलेगी एवं शिवलोक की प्राप्ति होगी।

श्रावण मास में कांवर यात्रा कर शिव की आराधना की जाती है। सोमवार को शिवलिंग में जलाभिषेक एवं दूधाभिषेक के साथ पूजन-अर्चन करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिव जी को कमल, बेलपत्र, मदार, धतूरा, हरसिंगार, कनेर, बेला, चमेली, शमी, दुर्वा इत्यादि चढ़ाने से शिव की कृपा प्राप्त होती है। श्रावण मास में बारह ज्योतिलिंगों का दर्शन एवं जलाभिषेक करने से अश्वमेध यज्ञ के समान फल की प्राप्ति होती है। इस तरह श्रावण मास आध्यात्म की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। व्रत उपवास करने से शारीरिक मलों की शुद्धि भी होती है, जिससे आगामी ॠतुओं में कार्य करने के लिए शरीर ऊर्जा ग्रहण करता है।

***बरषा रितु रघुपति भगति तुलसी सालि सुदास। राम नाम बर बरन जुग सावन भादव मास।।*** प्रारंभिक संकल्प, पूजा, न्यास, अंग करने के बाद रुद्र को दोहराया जाना चाहिए। पंचामृतस्नान और ध्यान। रूद्र जप का फल इस प्रकार बताया गया हैः

**जप की संख्या जप का फल--**

**1 रूद्र बाला ग्रह (बच्चों को होने वाली आम बीमारियों) से मुक्ति।**

**3 रूद्र किसी के सामने आने वाली आसन्न कठिनाइयों से मुक्ति।**

**5 रूद्र प्रतिकूल स्थिति में स्थित कुछ ग्रहों के बुरे प्रभाव से मुक्ति।**

**7 रूद्र महान भय से मुक्ति। 9 रूद्र एक वाजपेय यज्ञ का फल; और मानसिक शांति की प्राप्ति भी होती है।**

**11 रूद्र राजाओं की कृपा और अपार धन की प्राप्ति**

**33 रूद्र विषयों की कामना की प्राप्ति तथा शत्रु न होना।**

**77 रूद्र महान सुख का भोग।**

**99 रूद्र पुत्र, पौत्र, धन, धान्य, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति तथा मृत्यु से मुक्ति।**

**1 महारुद्र राजाओं की कृपा प्राप्त करना तथा महान धन का स्वामी बनना**

**3 महारुद्र असंभव कार्यो की पूर्ति.**

**5 महारुद्र विशाल भूमि का अधिग्रहण.**

**7 महारुद्र सात लोकों की प्राप्ति.**

**9 महारुद्र जन्म और मृत्यु से मुक्ति.**

**1 अतिरुद्र भगवान बनना**

**अभिषेक के लिए सामग्रीः** शुद्ध जल, दूध, गन्ने का रस, घी, शहद, पवित्र नदियों का जल, समुद्र का जल। वर्षा कराने के लिए शुद्ध जल से अभिषेक करना चाहिए। रोगों से मुक्ति और पुत्र प्राप्ति के लिए दूध से अभिषेक करना चाहिए। जातक को गायें भी प्रचुर मात्रा में प्राप्त होती हैं।

# द्वादश ज्योतिलिंग का महत्व



स्वामी मुक्तरथ

**सनातन** परंपरा में भगवान शिव से जुड़े 12 प्रमुख ज्योतिलिंगों की साधना-आराधना का अत्यंत महत्व है। पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिवजी जहां-जहां स्वयं प्रगट हुए, उन्हीं 12 स्थानों पर स्थित शिवलिंगों को पवित्र ज्योतिलिंगों के रूप में पूजा जाता है। इन 12 ज्योतिलिंगों के न सिर्फ दर्शन करने पर शिव भक्त को विशेष फल की प्राप्ति होती है बल्कि इनका महज प्रतिदिन नाम लेने मात्र से जीवन के सभी दुःख दूर हो जाते हैं। इन द्वादश ज्योतिलिंगों की पूजा सभी तरह के लौकिक तथा परलौकिक सुख देने वाली है।

## सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

**गुजरात** के सौराष्ट्र क्षेत्र में स्थित सोमनाथ ज्योतिर्लिंग पृथ्वी का पहला ज्योतिर्लिंग माना जाता है। शिवपुराण के अनुसार जब चंद्रमा को दक्ष प्रजापति ने क्षय रोग होने का श्राप दे दिया था, तब चंद्रदेव इसी स्थान पर तपस्या करके श्राप से मुक्त हुए थे। मान्यता है कि शिव के इस पावन धाम पर पूजा करने से साधक के क्षय, कोढ़ आदि रोग दूर हो जाते हैं। यहां पर देवताओं द्वारा बनवाया गया एक पवित्र कुण्ड भी है, जिसे सोमकुण्ड या पापनाशक-तीर्थ कहते हैं।

## मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग

**आन्ध्र प्रदेश** में कृष्णा नदी के तट पर श्रीशैल नाम के पर्वत पर स्थित इस ज्योतिर्लिंग का अत्यंत महत्व है। मान्यता है कि इस ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने मात्र से ही व्यक्ति को उसके सभी पापों से मुक्ति मिलती है। शास्त्रों में इस पावन शिव धाम की बड़ी महिमा बतायी गई है। महाभारत के अनुसार श्रीशैल पर्वत पर भगवान शिव का पूजन करने से अश्वमेध यज्ञ करने का फल प्राप्त होता है। शिव भक्तों का मानना है कि श्रीशैल के शिखर के दर्शन मात्र करने से ही साधक के सभी प्रकार के कष्ट दूर हो जाते हैं।

## महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग

**मध्य प्रदेश** स्थित सप्तपुरियों में से एक प्राचीन उज्जैन नगरी में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग की विशेषता है कि ये एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग है। जिनकी साधना-आराधना से जीवन से जुड़ी सभी प्रकार के भय दूर होते हैं। मान्यता है कि यहां पर शिव की साधना करने वाले साधक का काल भी कुछ नहीं कर पाता। यहां प्रतिदिन सुबह की जाने वाली भस्मारती विश्व भर में प्रसिद्ध है।

## ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग

मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र में शिव का यह पावन धाम स्थित है। इंदौर शहर के पास जिस स्थान पर यह ज्योतिर्लिंग है, उस स्थान पर नर्मदा नदी बहती है और पहाड़ी के चारों ओर नदी बहने से यहां ॐ का आकार बनता है। मान्यता है कि व्यक्ति इस पावन तीर्थ में पहुंचकर अन्नदान, तप, पूजा आदि करता है, वह सभी सुख को भोगते हुए शिवलोक में स्थान प्राप्त होता है। (शेष अंगले अंक में)

# ओम' भगवान शिव का बीज अक्षर है



**वह** शिवम(शुभ, शुभम), सुन्दरम(सुन्दर), कांतम (तेजस्वी) है। संतम शिवम अद्वैतम(माण्डूक्य उपनिषद)। मैं उस भगवान शिव के चरण कमलों में करोड़ों बार हाथ जोड़कर झुकता हूं जो अद्वैत हैं, जो अधिष्ठान हैं, या दुनिया और सभी मनों के लिए समर्थन हैं, जो सत-चित-आनंद हैं, जो शासक हैं, अंतर्यामिन, हर चीज का साक्षी (मूक गवाह), जो स्वयं-तेजमान, स्वयं-अस्तित्व और स्वयं-पूर्ण (परि-पूर्ण) है, जो आदिम अविद्या को हटाने वाला है और जो आदि-गुरु या परम-गुरु है या जगद-गुरु. शिव मंदिर के गर्भगृह के सामने स्थित बलिपीठ या वेदी क्या दशार्ती है? भगवान को पाने से पहले लोगों को अपने अहंकार और मेरापन (अहंता और ममता) को नष्ट कर देना चाहिए। यही महत्व है.

शिवलिंग के सामने स्थित नंदी या बैल क्या दशार्ता है? नंदी शिव के सेवक या द्वारपाल हैं। वह भगवान शिव का वाहन है। वह सत्संग का प्रतिनिधित्व करता है। यदि आप संतों की संगति करते हैं, तो आपको ईश्वर-प्राप्ति निश्चित है। संत तुम्हें उस तक पहुंचने का रास्ता दिखाएंगे। वे आपके रास्ते में आने वाले संकटों या जालों को हटा देंगे। वे आपके संदेहों को दूर करेंगे और आपके हृदय में वैराग्य, विवेक और ज्ञान का संचार करेंगे। अभय और अमरत्व के दूसरे किनारे तक पहुँचने के लिए सत्संग से बढ़कर कोई सुरक्षित नाव नहीं है। संतों का एक क्षण का सत्संग या संगति भी जिज्ञासुओं और सांसारिक विचारधारा वाले व्यक्तियों के लिए बहुत बड़ा आशीर्वाद है। सत्संग से उन्हें ईश्वर के अस्तित्व पर दृढ़ विश्वास हो जाता है। संत सांसारिक संस्कारों को दूर कर देते हैं।

कैलास पर्वत शिखर पर लीन दिखाई देते हैं। वह शांति, त्याग और दुनिया के प्रति उदासीनता का प्रतीक है। उनके माथे के मध्य में तीसरी आंख उनकी विनाशकारी ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करती है जो ढीली होने पर दुनिया को नष्ट कर देती है। नंदी उनके पसंदीदा हैं। वह द्वारपाल है। उन्हें सारी प्रकृति को शांत करते हुए देखा जाता है, ताकि भगवान अपनी समाधि में विघ्न न डालें। भगवान के पांच मुख, दस हाथ, दस आंखें, दो पैर हैं।

# शिव के शरीर पर सांप क्यों?



सुधांशु कुमार

**विश्व का कल्याण का मंत्र देते शिव**

सर्प जीव या व्यक्तिगत आत्मा है जो शिव, परमात्मा या सर्वोच्च आत्मा पर निर्भर है। पाँच फणों का अर्थ पाँच इंद्रियाँ या पाँच तत्व हैं, अर्थात, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। वे पाँच प्राणों का भी प्रतिनिधित्व करते हैं, जो शरीर में साँप की तरह फुंफकारते हैं। साँस लेना और छोड़ना साँप की फुसफुसाहट की तरह है। भगवान शिव स्वयं पाँच तन्मात्राएँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ और पाँच के अन्य समूह बन गए। व्यक्तिगत आत्मा इन तत्वों के माध्यम से सांसारिक वस्तुओं का आनंद लेती है। जब व्यक्ति इंद्रियों और मन पर नियंत्रण के माध्यम से ज्ञान प्राप्त करता है, तो वह भगवान शिव, परमात्मा में अपना शाश्वत विश्राम स्थान पाता है। यह भगवान शिव द्वारा अपने शरीर पर सर्प धारण करने का गूढ़ महत्व है।

भगवान शिव पूर्णतया निर्भय हैं। श्रुतियों का कथन है, ₹यह ब्रह्म निर्भय (अभयम्), अमर (अमृतम्) है।₹ सांसारिक लोग साँप को देखकर भी भयभीत हो जाते हैं लेकिन भगवान शिव साँपों को अपने शरीर पर आभूषण के रूप में धारण करते हैं। इससे पता चलता है कि भगवान शिव बिल्कुल निर्भय और अमर हैं। सामान्यतः नाग सैकड़ों वर्षों तक जीवित रहते हैं। भगवान शिव द्वारा नागों को धारण करना यह दशार्ता है कि वे शाश्वत हैं। नमः शिवाय, भगवान शिव का मंत्र है। 'ना' पृथ्वी और ब्रह्मा का प्रतिनिधित्व करता है; 'माँ' जल और विष्णु का प्रतिनिधित्व करती है; 'सी' अग्नि और रुद्र; 'वा' वायु और महेश्वर; 'या' आकाश और सदाशिव और जीव भी।

भगवान शिव का रंग श्वेत है। सफेद रंग का क्या महत्व है? वह चुपचाप शिक्षा देते हैं कि लोगों को शुद्ध हृदय रखना चाहिए और शुद्ध विचारों का पालन करना चाहिए और कुटिलता, कूटनीति, धूर्तता, ईर्ष्या, घृणा आदि से मुक्त रहना चाहिए।

वह अपने माथे पर तीन सफेद रेखा वाली भस्म या विभूति पहनते हैं। इस का क्या महत्व है?

वह चुपचाप सिखाते हैं कि लोगों को तीन अशुद्धियों को नष्ट कर देना चाहिए, अर्थात अनाव (अहंकार), कर्म (फल की आशा के साथ कार्य), और माया (भ्रम), और तीन इच्छाएँ या ईशान, अर्थात, जमीन-जायदाद की इच्छा, इच्छा स्त्री के लिए, सोने की इच्छा, और तीन वासनाएँ, अर्थात, लोकवासना, देहवासना और शस्त्रवासना, और फिर शुद्ध हृदय से उसे प्राप्त करें।

# कालातीत, यह मैं स्वयं हूं, शिवोहम ! शिवोहम ! शिवोहम !

स्वामी शिवानंद

**मुझमें ही संपूर्ण अस्तित्व है;**
**मुझमें यह खो गया है शिव,**
**कालातीत, यह मैं स्वयं हूं,**
**शिवोहम! सिवोहम! सिवोहम!**

कामदेव को पराजित करने वाले, शाश्वत आनंद और अमरता के दाता, सभी प्राणियों के रक्षक, पापों के विनाशक, देवताओं के भगवान, जो बाघ की खाल पहनते हैं, पूजा की वस्तुओं में सर्वश्रेष्ठ, भगवान शिव को नमस्कार है, जिनके माध्यम से उलझे बालों से बहती है गंगा

भगवान शिव शुद्ध, परिवर्तनहीन, गुणहीन, सर्वव्यापी पारलौकिक चेतना हैं। वह निष्क्रिय (निष्क्रिया) पुरुष है। प्रकृति उनकी छाती पर नृत्य कर रही है और रचनात्मक, संरक्षक और विनाशकारी प्रक्रियाएं कर रही है।

जब न प्रकाश है न अंधकार, न रूप है न ऊर्जा, न ध्वनि है न पदार्थ, जब कोई अभूतपूर्व अस्तित्व की अभिव्यक्ति नहीं है, तब अकेले शिव ही अस्तित्व में हैं। वह कालातीत, स्थानहीन, जन्महीन, मृत्युहीन, क्षयहीन है। वह विपरीत युग्मों से परे है। वह निर्विशेष पूर्ण ब्रह्म है। वह सुख-दुःख, अच्छाई-बुराई से अछूता है। उन्हें आँखों से नहीं देखा जा सकता लेकिन भक्ति और ध्यान के माध्यम से उन्हें हृदय के भीतर महसूस किया जा सकता है।

जब शिव को उनकी शक्ति के साथ पहचाना जाता है तो वे सर्वोच्च व्यक्तिगत भगवान भी हैं। तब वह सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ सक्रिय ईश्वर है। वह परम आनंद में नृत्य करता है और अपनी नृत्य गतिविधियों की लय के साथ सृजन, पालन और विनाश करता है।

वह अपने भक्तों के सभी बंधनों, सीमाओं और दुखों को नष्ट कर देते हैं। वह मुक्ति या अंतिम मुक्ति का दाता है। वह सार्वभौमिक आत्मा है। वह सभी प्राणियों का सच्चा स्वरूप है। वह श्मशान में, मृतकों के क्षेत्र में, जो संसार के लिए मर चुके हैं, वासी हैं।

वह देवों के देव, महादेव हैं। वह महान देवता महादेव हैं। वह पितरों के देवता (प्रजापति) हैं। वह सबसे विस्मयकारी और भयानक देवता, रुद्र हैं, जिनके हाथ में त्रिशूल है। वह सबसे आसानी से प्रसन्न होने वाले (असुतोष) हैं। वह सभी के लिए सुलभ है. यहाँ तक कि अछूत चांडाल और अनपढ़ देहाती भी उनके पास आ सकते हैं।

## प्रतीकों का दर्शन



भगवान शिव ब्रह्म के विनाशकारी पहलू का प्रतिनिधित्व करते हैं। ब्राह्मण का वह भाग जो तमो-गुण-प्रधान माया से घिरा हुआ है, भगवान शिव हैं जो सर्वव्यापी ईश्वर हैं और जो कैलास पर्वत पर भी रहते हैं। वह ज्ञान का भंडारा या भण्डार है। शिव बिना पार्वती या काली या दुर्गा स्वयं निर्गुण ब्रह्म हैं। माया-पार्वती के साथ वह अपने भक्तों की पवित्र भक्ति के उद्देश्य से सगुण ब्रह्म बन जाते हैं। राम के भक्तों को राम की पूजा करने से पहले 3 या 6 महीने तक भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए। राम ने स्वयं प्रसिद्ध रामेश्वरम में भगवान शिव की पूजा की थी। भगवान शिव तपस्वियों के भगवान और योगियों के भगवान हैं, जो अंतरिक्ष में (दिगंबर) वस्त्र धारण किए हुए हैं।

उनके दाहिने हाथ में रखा उनका त्रिशूल तीन गुणों-सत्व, रजस और तमस का प्रतिनिधित्व करता है। वह संप्रभुता का प्रतीक है. वह इन तीन गुणों के माध्यम से संसार का संचालन करता है। उनके बाएं हाथ में डमरू शब्द ब्राह्मण का प्रतिनिधित्व करता है। यह डट का प्रतिनिधित्व करता है जिससे सभी भाषाएँ बनी हैं। उन्होंने ही डमरू से संस्कृत भाषा का निर्माण किया।

अर्धचंद्र दशार्ता है कि उसने मन को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया है। गंगा का प्रवाह अमरता के अमृत का प्रतिनिधित्व करता है। हाथी प्रतीकात्मक रूप से गौरव का प्रतिनिधित्व करता है। उनका हाथी की खाल पहनना यह दशार्ता है कि उन्होंने अहंकार पर नियंत्रण कर लिया है। बाघ वासना का प्रतिनिधित्व करता है; उनका बाघ की खाल पर बैठना यह दशार्ता है कि उन्होंने काम पर विजय पा ली है। उनका एक हाथ में हिरण पकड़ना यह दशार्ता है कि उन्होंने मन की चंचलता को दूर कर दिया है। हिरण तेजी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर छलांग लगाता है। उनका नागों को धारण करना ज्ञान और अनंत काल को दशार्ता है। साँप बड़ी संख्या में वर्षों तक जीवित रहते हैं। वह त्रिलोचन हैं, तीन आंखों वाले, जिनके माथे के बीच में तीसरी आंख, ज्ञान की आंख है।

## स्पीड न्यूज

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

घाघरा। थाना क्षेत्र के छोटा अजियातू निवासी श्यामसुंदर महली (30) की मौत पाइन पोखरा में डूबने से रविवार को हो गयी। वह अपनी खेत में काम करने गया था। जहां से करीब 2 बजे घर लौट रहा था, इसी दौरान रास्ते में रुक कर तालाब में हाथ पैर धोने गया और फिसल कर डूब गया। ग्रामीणों ने परिजनों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद घाघरा थाना को जानकारी दी गयी। पुलिस शव बरामद कर थाना ले आयी।

### रक्तदान कर मरीजों की जीवन रक्षा की



**गुमला।** मिशन बदलाव सदस्यों ने रविवार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में मरीजों की जीवन रक्षा को लेकर रक्तदान किया। जिसमें थैलसीमिया से पीड़ित बच्चों को ब्लड की जरूरत को मिशन बदलाव सदस्यों ने पूरा किया। मिशन बदलाव के बिनय गोप को जब पता चला कि सभी बच्चों को रक्त की जरूरत है तो उन्होंने ने अपने सामाजिक ग्रुप अहीर सेना में भी ब्लड के लिये अपील की।

### चार को पतंजलि मनायेगा जड़ी बूटी दिवस



**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान की बैठक राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। योग कक्षा के बाद 4 अगस्त को आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण जी के जन्मदिवस पर लोहरदगा में जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाई जाएगी। जिसमें आसपास मौजूद औषधीय पौधों एवं जड़ी बूटी के बारे में लोगों को पौधों के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी देकर औषधीय पौधे बांटे भी जायेंगे। बैठक में वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, समाजसेवी सतीश जायसवाल, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, योग शिक्षक सह पतंजलि के कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, किरण देवी एवं काफी संख्या में योग शिक्षक, योग प्रशिक्षु, अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### टांगी से हमले में जख्मी की रिम्स में मौत

**रायडीह।** प्रखंड के कुड़ोछतरपुर निवासी मंगलू उरांव (30) पिता हुंदू उरांव की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। ज्ञात हो कि 28 जुलाई को दो हजार रुपये चोरी के विवाद में छोटे भाई राम सेवर उरांव ने अपने ही बड़े भाई मंगलू उरांव को टांगी से मारकर घायल कर दिया था। जिसके बाद घायल मंगलू उरांव को सदर अस्पताल गुमला से बेहतर इलाज के लिए रिम्स भेज दिया गया था। रिम्स में इलाज के दौरान घायल मंगलू उरांव की मौत हो गई। इधर, पुलिस रामसेवर उरांव को 28 जुलाई को ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### साहुकारों को जमीन दिलाने पर रोष



**घाघरा।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा की बैठक रविवार को घाघरा प्रखंड के सलगी लाशडांड़ में अनिल उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड प्रशासन के प्रति ग्रामीणों ने काफी रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि लस्टांड़ गांव की जमीन जिसे कई पीढ़ियों से क्षेत्र के ग्रामीण जोत कोड़ कर आजीविका चलाते आ रहे हैं। उसे प्रखण्ड प्रशासन द्वारा जबरन साहुकारों को दाखिल दिलाना चाहती है। जबकि साहुकारों ने उक्त जमीन को सात वर्ष पहले ही चाईबासा की राठौड़ एण्ड कंपनी को बेच चुके हैं। उस कंपनी ने उक्त जमीन को वन एवं पर्यावरण व विभाग को सुपूर्द कर दिया है। तब से हमारी लड़ाई वन विभाग के साथ चल रही है। किसानों की बैठक में महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव, मजदूर यूनियन के सुरेश प्रसाद यादव, जीतेंद्र उरांव, चूयूं उरांव, बुधवा उरांव, मंगल उरांव, सुबोध उरांव, बिहारी उरांव, जीतन उरांव, फुलदेव उरांव, छोटेया उरांव, मांगे उरांव, डहरू उरांव, बिरिया उरांव, हरिया उरांव तथा बालमुकुंद गोप सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्क्रूटनी के बाद चैंबर चुनाव में बचे 21 उम्मीदवार, तीन का नामांकन पत्र रद्द



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के आम चुनाव हेतु प्राप्त सभी 24 नामांकन फॉर्म की रविवार को सातों चुनाव पदाधिकारियों की उपस्थिति में स्क्रूटनी किया गया। जिसमें कुल 21 नामांकन पत्र वैध पाये गये जबकि तीन नामांकन पत्र अपूर्ण मिले जिसे चुनाव पदाधिकारियों ने रद कर दिया। पूरे स्कूटनी कार्यक्रम की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई ताकि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती जा सके। अब गुमला चेंबर के आम चुनाव में 21 उम्मीदवार बच गए हैं। सोमवार को नाम वापसी का कार्यक्रम अपराह्न 3 से 4 बजे तक है। जो भी उम्मीदवार अपना नाम वापस लेना चाहते है। शंकर लाल साहु, सोनू एचडी वीडियो व दिनेश प्रसाद का नामांकन रद्द हुआ। यह जानकारी सहायक चुनाव पदाधिकारी अनमोल गुप्ता ने दी।

### रेड क्रॉस सोसाइटी की आमसभा संपन्न 12 कार्यसमिति सदस्यों का हुआ चयन



**गुमला।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा गुमला की आमसभा रविवार को एसडीओ सह उपाध्यक्ष सह निर्वाची पदाधिकारी भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी गुमला की अध्यक्षता में सदर अस्पताल गुमला के सभागार में हुई। इसमें सोसाइटी की गतिविधियों और कार्यों पर विचार विमर्श हुआ। कुछ सदस्यों ने सोसाईटी की गतिविधियों में अपनी सहभागिता के लिए इच्छा जाहिर की। इसके लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उन्हें जोड़ने का आग्रह किया गया ताकि किसी भी कार्यक्रम की जानकारी उन्हें हो सके। एसडीओ ने कहा कि आगे की नयी कमेटी इन सुझावों को शामिल करने का आश्वासन दिया।

# जेजेएमपी का पांच लाख का इनामी उग्रवादी सबजोनल कमांडर मनोज परहिया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के रमकंडा पुलिस ने छापामारी कर जेजेएमपी का पांच लाख का इनामी सबजोनल कमांडर मनोज परहिया को गिरफ्तार कर लिया है।

उसके पास से एक मोबाइल बरामद किया गया है। गिरफ्तार नक्सली जिले के रमकंडा थाना क्षेत्र के गोरेयाकरम गांव निवासी बताया जाता है। रंका एसडीपीओ संतोष कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर यह जानकारी दी है। एसडीपीओ ने बताया कि एसपी अंजनी कुमार झा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम गठित की गई। रमकंडा थाना क्षेत्र के ग्राम पटसर, चेटे, सूली, गोरेयाकरम के जंगल में नक्सली संगठन जेजेएमपी एवं उसके सदस्यों की मूवमेंट की सूचना पर छापामारी टीम ने 30 जुलाई को अहले सुबह 4:30 बजे छापामारी अभियान चलाया।

इस दौरान जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर मनोज परहिया को पकड़ने में पुलिस सफल रही। एसडीपीओ ने बताया कि जेजेएमपी संगठन के सक्रिय क्रियावादी मनोज परहिया के विरुद्ध झारखंड सरकार ने गिरफ्तार करने पर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। इसका पुराना अपराधिक इतिहास भी है। इससे पहले वह टीएसपीसी संगठन के लिए भी काम किया था।

छापामारी टीम में एसडीपीओ सहित रंका थाना प्रभारी रामजी महतो, रमकंडा थाना प्रभारी शिवनलाल कुमार गुप्ता आदि दल बल के साथ मौजूद थे।

## अपमानित करने पर तेली समाज ने किया भाजपा का पुतला दहन

- असभ्य और निर्लज पदाधिकारियों के समाज विरोधी बयान के लिए भाजपा से निष्कासित कर करें दंडित : तेली समाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गुमला जिला के द्वारा रविवार को स्थानीय टावर चौक पर तेली समाज को अपमानित करने पर भाजपा का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में तेली समाज के लगभग तीन सौ की संख्या में लोग शामिल हुए। पुतला दहन से पूर्व समाज के जिलाध्यक्ष दिलीप नीलेश के नेतृत्व में पालकोट रोड स्थित भामाशाह चौक से टावर चौक तक जुलूस निकाली गई। जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों ने भाजपा विरोधी नारे लगाये। तत्पश्चात टावर चौक पहुंचकर भाजपा का पुतला फूंका गया।



टावर चौक में पुतला दहन करते तेली समाज के लोग।

ज्ञात हो कि 2 जुलाई को पोद्दार धर्मशाला में तेली समाज की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अपर महामंत्री श्री दीनदयाल साहू ने राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में कहा था कि भाजपा तेली समाज का 99% वोट लेती है किंतु आजतक तेली समाज को कोई भागीदारी नहीं दी है। इसलिए अब भागीदारी नहीं तो वोट नहीं की बात कही थी।

- इस वक्तव्य का प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर जिला भाजपा के नेताओं ने तेली समाज पर असभ्य टिप्पणी की और छूटभुइये एवं नकाबपोश जैसे शब्दों से अपमानित किया था। इस अपमान का प्रतिकार पूरे झारखंड के सभी जिले में शुरू हो गया है। अब तेली समाज ने प्रतिकार के माध्यम से एक कठोर संकल्प ले लिया है कि भाजपा के असभ्य एवं निर्लज्जता से परिपूर्ण पदाधिकारियों को समाज विरोधी ब्यानों के लिए उसे दंडित कर निष्कासित किया जाय। नहीं तो तेली समाज आगे की रणनीति पर भाजपा के बारे में सोचने के लिए स्वतंत्र है। पुतला दहन में समाज के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश, नवनियुक्त जिला संरक्षक गोपाल कुमार, जिला महामंत्री बिनोद साह, जिला उपाध्यक्ष महेश लाल एवं पवन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## पलामू सुखाड़ की दहलीज पर, सरकार हो जाये तैयार : कर्नल

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू में जुलाई महीना समाप्त होने के बाद भी आवश्यकता से मात्र 25 प्रतिशत ही बारिश होना साक्षात अकाल सुखाड़ का लक्षण प्रदर्शित करता है। अभी तक धान का आच्छादन जिले में तकरीबन पांच प्रतिशत ही हुआ है। परन्तु सुखाड़ प्रबंधन के नाम पर अभी तक सरकार की कोई तैयारी नजर नहीं आ रही है। उक्त बातें किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से कही। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक नदी से चारो तरफ घिरे होने के बावजूद पलामू की ज्यादातर भूमि असिंचित है। उक्त भूमि को सिंचाई हेतु किसानों ने वैकल्पिक व्यस्था बनाते हुए जमीन में काफी मात्रा में डीप बोर कराने की वजह से जलस्तर बहुत नीचे चला गया है जिससे पेयजल की किल्लत होने लगी है। वर्ष 2022- 23 के सूखे के दंश से पलामू की जनता की जनता उबर भी नही पाई थी। सरकार ने जनता के साथ जितना सुखाड़ का मुआवजा देने का वादा किया था अभी तक नही दिया और फिर से लगातार दूसरे वर्ष किसान फिर से अकाल सुखाड़ की चपेट में आने वाले हैं। आद्रा नक्षत्र के बीतने के महीनों बाद भी धान का बिचड़ा अभी तक नहीं लगाया गया है जो स्पष्ट रूप से अकाल का दस्तक है।

अभी तक किसानों ने धान का बिचड़ा लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 5 प्रतिशत ,दलहन की खेती लक्ष्य के विरूद्ध 25 प्रतिशत, तेलहन 21 प्रतिशत तथा मोटा अनाज लक्ष्य के विरूद्ध 18 प्रतिशत का ही रोपा कर पाए हैं।

## पत्ता तोड़ने जंगल गयी महिला पर तीन लोगों ने किया जानलेवा हमला

- हमले के बाद बेहोश होकर महिला गिरी रही गड्ढे में, दूसरे दिन परिजनों को मिली

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के रमजा निवासी करमू सोरेंग की 30 वर्षीय पत्नी उर्मिला सोरेंग पर जंगल में तीन लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। महिला शुक्रवार को जंगल पत्ता तोड़ने गई हुई थी। हमले में महिला के सर पर गंभीर चोट लगी थी। जिसे वह बेहोशी की हालत में जंगल के एक गड्ढे से मिली। जिसके बाद गंभीर स्थिति में महिला को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डॉक्टरों की देखरेख में घायल महिला का इलाज जारी है। घटना के संदर्भ में घायल महिला के पति करमू सोरेंग ने बताया कि शुक्रवार शाम



लगभग 4 बजे घर से एक किलोमीटर दूर जंगल में सखुवा पत्ता तोड़ने के लिए गई हुई थी। जिसके बाद देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर काफी खोजबीन की गई और कुछ पता नहीं चल पाया वहीं शनिवार को खोजते हुए जंगल पहुंचे तो देखा कि एक गड्ढे में बेहोशी की हालत में महिला पड़ी हुई थी।

## शहीद एसपी के नाम पर पेसरार पुस्तकालय का हुआ नामकरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** एसपी कार्यालय के समक्ष शहीद एसपी अजय कुमार सिंह के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा पेसरार में स्थापित पुस्तकालय का नाम शहीद एसपी अजय कुमार सिंह के नाम पर नामकरण किया गया। जिसका उद्घाटन शहीद एसपी के माता पिता, एडीजी वायरलेस आरके मल्लिक, एडीजी अभियान संजय आनंद राव लाठकर, पीडीजे राजेंद बहादुर पाल, डीसी वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में दोनों एडीजी द्वारा शहीद के माता पिता को शॉल और



मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एएसपी दीपक कुमार पांडे, एसडीपीओ बीएन सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, सभी इंस्पेक्टर और सभी थाना के थाना प्रभारी सहित जिले के पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### बाइक से गिरकर तीन युवक घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र कुलमंडा मोड में अचानक कुत्ता के दौड़ जाने से बाइक सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर गिर गये। जिसमें रायडीह बक्सपुर निवासी 19 वर्षीय नीरज खलखो को गंभीर चोट लगी है जबकि 18 वर्षीय आशीष तिर्की व अनुज लकड़ा (18) को हल्की चोटें आई है। घटना के उपरांत हल्की चोटें आई दोस्तों ने नीरज को बाइक में बैठा कर गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है।

### वार्ड सदस्यों ने मनाया बाल तस्करी निषेध दिवस



**जारी।** प्रखंड के सभी पांच पंचायतों में रविवार को वार्ड सदस्यों ने लोहरदगा ग्राम स्वराज संस्थान ने बाल तस्करी निषेध दिवस मनाया। जिसमें फील्ड फैसिलिटेटर श्रवण भगत और नीलम बेक ने बाल तस्कारी के बारे में विस्तारित रूप से ग्रामीणों को जानकारी देते हुए इसके रोकथाम में सहयोग की अपील की। वही बाल तस्करी मामले में होने वाले कानून कार्रवाई की भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।

### पत्नी से विवाद होने पर पति ने खाया कीटनाशक

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के बरांग निवासी पवन महतो ने पत्नी से हुए विवाद के बाद घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। जिसके बाद स्थिति खराब होने पर परिजन सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में पवन का इलाज जारी है। परिजन ने बताया कि दोनों पति-पत्नी के बीच कुछ बात को लेकर काफी विवाद हो गया था। जिसके बाद आवेश में आकर पवन ने कीटनाशक खा लिया।

### भाईचारगी की सीख देता है मुहर्रम : जब्बार



**भंडरा।** हुसैनी मोहर्रम कमेटी भंडरा ने रविवार को भंडरा बाजार टांड़ में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता करायी। जिसमें उदरंगी, बलसोता, कुम्हारिया, तेतरपोका, भैसमुंदो, कुरसे, निगनी, निरहू-चरहु, बांधटोली, अंबेरा, सहित 32 गांव के अखाड़ों ने भाग लेकर एक से बढ़कर एक हैरत अंगेज खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न गांवों से पहुंचे मोहर्रम कमेटी द्वारा आकर्षक ताजिया व निशान ताजिया के साथ मेला टांड़ पहुंचे थे। उद्घाटन मुख्य अतिथि मो अब्दुल जब्बार व विशिष्ट अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, झामुमो नेता जफर इकबाल, मो सहबाज आलम आदि मौजूद थे।

## हुसैनाबाद पुलिस ने 55 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब किया जप्त

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर शनिवार की देर शाम 55 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसकी जानकारी देते हुए हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि एसडीपीओ सह आईपीएस अधिकारी पूज्य प्रकाश को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के बेनीकाला पंचायत के सिरहा गांव में अवैध रूप से शराब का करोबार किया जा रहा है। आईपीएस अधिकारी के निर्देश पर एसआई जिम्मी हंसदा के नेतृव में एक छापेमारी दल का गठन कर इसके सत्यापन के लिए सिरहा गांव भेजा गया। छापेमारी दल जब सिरहा गांव निवासी अयोध्या उपाध्याय के घर के पास पहुंची तो पुलिस को देखते बिहारी बीघा गांव निवासी नितीश तिवारी अंधेरा का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला। जब घर की तलाशी ली गईं तो एक कमरे में 55 कार्टून अंग्रेजी शराब जब्त किया। जिसमे ब्लू स्ट्रोक की 180 एमएल की 2640 बोतल शराब पाया गया। धंधेबाज नितीश तिवारी के खिलाफ अवैध रूप से शराब बिक्री करने वा उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू हुयी।

### दो को गुमला के ज्वंलत मुद्दों को लेकर प्रदर्शन

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल (जेएनडी) रांची के तत्वावधान में मानसून सत्र के दौरान 2 अगस्त को विधानसभा के समक्ष होने वाली आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन में गुमला जिला के प्रमुख ज्वलंत सवालों को उठायी जायेगी। आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन की शुरूआत जगन्नाथ मंदिर रांची के पास से प्रारंभ होकर विधानसभा की ओर जायेगी। जिसमें गुमला को अविलंब रेल लाइन से जोड़ने, रोजगार विहीन गुमला-लोहरदगा के सीमांत पर एल्युमिनियम कारखाना का निर्माण कराने, कतरी जलाशय में बनी घटिया नहर निर्माण की जांचोपरांत कार्रवाई करने आदि शामिल हैं।

## आशा लकड़ा को राष्ट्रीय सचिव बनाने पर दी जा रही है बधाई

- प्रधानमंत्री और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति जताया अभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिला के कतरी पंचायत के एक छोटे से गांव चूरहु से निकलकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर सामाजिक उत्थान के लिए सदैव प्रयासरत रहने वाली आदिवासी महिला भाजपा नेत्री आशा लकड़ा को भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर गुमला जिला भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करती है। जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने विकास पुरुष पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और झारखंड भाजपा के प्रभारी श्री लक्ष्मीकांत वाजपेई को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि सभी कद्दावर नेताओं के नेतृत्व में राज्य के 14 सीटों पर भाजपा का परचम लहरायेगा। मोदी जी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, सांसद सुदर्शन भगत आदि शामिल हैं।

## मणिपुर हिंसा के विरोध में आदिवासी संगठनों ने निकाला आक्रोश मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** मणिपुर में बीते लंबे समय से आदिवासी समुदाय के साथ हो रही हिंसा व दो युवतियों के साथ घटित अमानवीय घटना के विरोध में रविवार को चंदवा में आदिवासी संगठनों एवं संस्थाओं के द्वारा रोषपूर्ण प्रदर्शन करते हुए जनाक्रोश मार्च निकाली गयी। मार्च की शुरूआत स्थानीय मिशन प्रांगण से हुई, जो इंदिरा चौक होते पुनः मिशन प्रांगण पहुंच कर सम्पन्न हो गई। मार्च की अगुवाई विश्व आदिवासी दिवस आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमन सुनील सोरेंग,



शीतमोहन मुंडा, स्टीफन मिंज, विनय खलखो ,जितेंद्र सिंह, विनोद भगत, फादर इमानुएल केरकेट्टा, फादर जोसेफ एक्का, लाल बिहारी उरांव, अनूप कुमार बड़ाईक, कुलदीप लकड़ा आदि लोग कर रहे थे। जन आक्रोश मार्च में शामिल सैकड़ों की संख्या में युवतियों-महिलाओं व लोगो ने केंद्र की मोदी सरकार व मणिपुर सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। इस दौरान मणिपुर में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाकर आदिवासी समाज के साथ हो रहे हिंसा को रोकने, मणिपुर के मुख्यमंत्री को तत्काल इस्तीफा देने, दो युवतियों के साथ घटित अमानवीय घटना में संलिप्त लोगो की तत्काल गिरफ्तारी करने समेत कई मांगे की गई। वक्ताओं ने कहा कि मणिपुर पिछले 3 माह से हिंसा की आग में झुलस रहा है वहीं देश के प्रधानमंत्री अपने चुनावी धुन में मस्त हैं। आदिवासी समाज के साथ हो रहे हैं हिंसा को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मौके पर प्रदीप उरांव, राजेश लकड़ा, इस्डोर तिग्गा, दीपक टोप्पो, बीरबल उरांव, अनिल लाकड़ा, सुरेश नाथ लोहरा, जगदीश एक्का, सिस्टर नीलम, सुचिता टोपनो, अनुपा मिंज, एंजेला सोरेंग, निर्मला बैक, क्लीमेंसिया लकरा, कलारा खलखो, सुषमा तिर्की समेत सैकड़ो लोग शामिल थे।

## तिलैया पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ सात युवकों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** ब्राउन शुगर के नशा व व्यापार मामले में कोडरमा पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। मामले में एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर एएसपी प्रवीण पुष्कर ने जिले के पुलिस बल के साथ तिलैया थाना के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी कर कुल सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में गौरीशंकर मुहल्ला झुमरीतिलैया निवासी शिवम सिंह, सोनू कुमार, सूरज कुमार, भादोडीह झुमरीतिलैया निवासी निवासी मो सहजाद, अरमान वारसी, गुमो झुमरीतिलैया निवासी मो इरफान व सागर क्लीनिक सुभाष चौक झुमरीतिलैया निवासी मो साहिल शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने लगभग 27 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद करते हुए जब्त किया है। गौरतलब है कि सभी गिरफ्तार आरोपी 22 से 25 वर्ष के युवा बताए जा रहे हैं, जिनमें से कुछ पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी भी शामिल हैं। इस नशे की जद्द में युवाओं का आना कहीं न कहीं चिंतित करने वाला विषय है। वहीं पुलिस सूत्रों की माने तो मामले में अब भी ब्राउन शुगर का मुख्य सप्लायर को पुलिस गिरफ्तार करने में विफल साबित हुई है।

# रांची के सुशांत मिश्रा का चयन मुंबई इंडियंस के यूके कैंप में



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने वाले 21 वर्षीय सुशांत मिश्रा का चयन मुंबई इंडियंस के अनकैप्ड (इंडिया) प्लेयर- यूके कैंप के लिए किया गया है। सुशांत और रॉबिन मिंज रांची से 1 अगस्त को मुंबई जाएंगे और वहां से अपने टीम के साथ 2 अगस्त को यूके के लिए प्रस्थान करेंगे। सुशांत मूल रूप से दरभंगा जिले के रहने वाले है, लेकिन वे परिवार के साथ रांची में रहते हैं। हरमू यूथ क्रिकेट क्लब से खेलने वाले बाएं हाथ से तेज गेंदबाज और बाएं हाथ के बल्लेबाज सुशांत मिश्रा को सन राइजर्स हैदराबाद से बेस प्राइस 20 लाख पर जोड़ा था। सुशांत के पिता समीर मिश्रा ने बताया कि सुशांत को बचपन से ही क्रिकेट में काफी रूची रही. 11 साल की उम्र से ही क्रिकेट खेलना शुरू किया। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रोल मॉडल मानने वाले सुशांत खुद तेज रफ्तार के साथ इन स्विंग बॉलिंग करते है। रांची के रहने वाले 21 वर्षीय सुशांत मिश्रा ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत कि ओर से शानदार प्रदर्शन कर सुर्खियां बटोरी थीं।

वर्तमान में सुशांत रांची रेलवे में कार्यरत हैं। सुशांत के पापा समीर मिश्रा और मां ममता मिश्रा समेत जेएससीए प्रेसिडेंट संजय सहाय, सचिव देवाशीष चक्रवर्ती, आरडीसीए सचिव शैलेन्द्र कुमार, जेएससीए के आजीवन सदस्य और हरमू यूथ क्रिकेट क्लब के सचिव संजय पांडे, संरक्षक विनय सिंह, बबलू पांडेय, राजीव सिंह, अर्चित आनंद और अमरेंद्र सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ढेरों शुभकामनाएं दी।

## बृज भूषण का दावा, 22 राज्य इकाईयों ने उनकी बैठक में हिस्सा लिया

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निवर्तमान अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह ने दावा किया कि 25 में से 22 राज्य इकाईयों ने रविवार को उनके द्वारा बुलाई गयी एक बैठक में हिस्सा लिया और साथ ही उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को महासंघ के चुनावों के लिए विभिन्न पदों पर उनके उम्मीदवारों की घोषणा 31 जुलाई को की जायेगी। नामांकन भरने की अंतिम तारीख सोमवार तक है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने स्पेनिश हॉकी महासंघ-अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट जीता

**एजेंसी**

**टेरासा (स्पेन)।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने 100वीं वर्षगांठ स्पेनिश हॉकी महासंघ-अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट जीत लिया है। भारतीय टीम ने रविवार को मेजबान स्पेन के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज कर टूनार्मेंट अपने नाम किया।

मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से वंदना कटारिया ने 22वें मिनट, मोनिका 48वें मिनट और उदिता ने 58वें मिनट में गोल किया। मेजबान टीम का कोई खिलाड़ी गोल नहीं कर पाया और भारत ने 3-0 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारतीय महिला टीम टूनार्मेंट में अपराजित रही है। भारतीय महिला टीम ने अपने पिछले मैचों में इंग्लैंड के साथ 1-1 और स्पेन के साथ 2-2 से ड्रा खेला था। इसके बाद इंग्लैंड को 3-0 से हराया।



रविवार को खेले गए आखिरी मुकाबले के पहले क्वार्टर में दोनों टीमों की ओर से कोई गोल नहीं आया। दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने जबरदस्त आक्रमण किया। वंदना कटारिया ने 22वें मिनट में गोल कर भारतीय टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। हाफ टाइम तक भारतीय टीम 1-0 से आगे रही।

तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों की ओर से गोल का प्रयास किया गया, लेकिन गोल नहीं हो पाया। चौथे एवं अंतिम क्वार्टर में भारतीय टीम ने दो गोल दागे। पहले 48वें मिनट में मोनिका ने गोल कर बढ़त 2-0 की। इसके बाद खेल के अंतिम क्षणों में उदिता ने 58वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। स्पेन की ओर से कोई खिलाड़ी गोल नहीं कर पाया। इस तरह भारतीय महिला टीम ने 3-0 से यह मैच जीत लिया।

## लंका प्रीमियर लीग-2023: जर्सी का अनावरण

**कोलंबो।** कोलंबो स्ट्राइकर्स ने लंका प्रीमियर लीग 2023 के लिए अपनी जर्सी का अनावरण कर दिया है। जर्सी को इंडियन सिंगर गुरु रंधावा के एक शानदार कार्यक्रम में लॉन्च किया गया। कोलंबो स्ट्राइकर्स के मालिक सागर खन्ना के जर्सी का अनावरण करने से पहले भारतीय गायक ने कोलंबो स्ट्राइकर्स टीम और प्रबंधन के लिए प्रदर्शन किया। जर्सी के बारे में टीम के मालिक सागर खन्ना ने कहा, गुलाबी और बैंगनी रंग हमेशा दुनिया भर में स्ट्राइकर्स टीमों के लिए संयोजन रहे हैं। गुलाबी रंग जुनून का प्रतीक है, जबकि बैंगनी रंग स्वतंत्रता का प्रतीक है। यह जर्सी खिलाड़ियों को जुनून के साथ खेलने की याद दिलाएगी और उन्हें निश्चित रूप से अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी मिलेगी।

# भारतीय वॉलीबॉल टीम अर्जेंटीना रवाना विश्व चैंपियनशिप में लेगी हिस्सा

**एजेंसी**

**ऊना।** भारतीय अंडर-19 (लडके) विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए सनजॉन (अजेर्टीना) रवाना हो गई है। फेडरेशन इंटरनेशनल दि वॉलीबॉल द्वारा यह विश्व चैंपियनशिप करवाई जा रही है। भारतीय वॉलीबॉल टीम अजेर्टीना के शहर सनजॉन में 2 से 11 अगस्त तक होने वाली विश्व चैंपियनशिप भाग लेगी।

इससे पहले भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 15 से 30 जुलाई तक सरदार पटेल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ गुजरात भावनगर में हुआ। टीम के मुख्य कोच सतीश शर्मा ने बताया कि भारतीय टीम विश्व चैंपियनशिप में पदक लेकर लौटेगी। उन्होंने कहा कि टीम ने बेहतर सुविधाओं के बीच जमकर अभ्यास किया है। युवाओं में जीत को लेकर काफी उत्साह है।

सतीश शर्मा ने बताया कि भारतीय टीम गुजरात में कड़ी मेहनत कर रही है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि लडकों की युवा और प्रतिभवान टीम पदक लेकर ही भारत लौटेगी। अंडर-19 भारतीय वॉलीबॉल टीम में सतीश शर्मा मुख्य कोच, सहायक कोच प्रमोद सिंह व पीसी पांड्या शामिल हैं। मुख्य कोच सतीश शर्मा की अगुवाई में विदेशी धरती पर प्रदर्शन करने गई भारतीय वॉलीबॉल टीम को युवा सेवा एवं खेल विभाग के निदेशक राजीव कुमार, उपनिदेशक सुबोध रमोल, जिला खेल अधिकारी अनुराग वर्मा और विभाग के सभी प्रशिक्षकों ने शुभकामनाएं दी हैं।

घोषित अंडर-19 वॉलीबॉल भारतीय टीम में गौरव सिंह व अनुज कुमार सिंह (सैटर), युवराज प्रताप सिंह व उदय भानु प्रताप सिंह (यूनिवर्सल), ए रनलिन गिप्सन, नमित एम.एन व दिग्विजय सिंह (ब्लॉकर), महेंद्र धुर्वे, रविंद्र प्रताप सिंह, निकोलस चाको थॉमस, आदित्य दामहे (अटैकर) व जे. जीवन कुमार (लिब्रो) को शामिल किया गया।

## एक नजर में

### होटल के नियम तोड़ने पर भारतीय जूनियर निशानेबाजों की शिकायत

**नयी दिल्ली।** भारतीय निशानेबाजी दल के कुछ सदस्यों ने हाल में चांगवोन में तीसरी विश्व जूनियर चैंपियनशिप के दौरान उस होटल के नियमों का उल्लंघन किया जहां वे ठहरे थे। इस घटना की शिकायत 90 सदस्यीय दल के साथ गए अधिकारियों से की गई है। भारतीय टीम के साथ गए एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि होटल के स्वागत कक्ष ने एक घटना की जानकारी दी जिसमें एक महिला निशानेबाज को पुरुष निशानेबाज के कमरे में पाया गया। इसके अलावा होटल के कुछ कमरों में सामान को नुकसान के मामले भी सामने आए।

### जीव मिल्खा सिंह सीनियर ओपन में संयुक्त 11वें स्थान पर

**पोर्थकॉवल (वेल्स)।** भारत के अनुभवी गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने तेज हवाओं के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे दिन इवन पार 71 का स्कोर बनाया जिससे वह सीनियर ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में संयुक्त 11वें स्थान पर पहुंच गए। जीव (69-77-71) का कुल स्कोर चार ओवर है लेकिन वह शीर्ष पर काबिज एलेक्स सेज्का (68-71-74) से केवल चार शॉट पीछे हैं।

### भारत ने विवि खेलों में चौथा स्वर्ण पदक जीता

**नयी दिल्ली।** अमन सैनी और प्रगति की कम्पाउंड मिश्रित तीरंदाजी टीम ने रविवार को चीन के चेंगदू में विश्व विश्वविद्यालय खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया जो भारत का इस प्रतियोगिता में चौथा सोने का पदक रहा। अमन और प्रगति ने रोमाचंक फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया के सुआ चो और सेउंग्युन पार्क को 157-156 से हराया।

### सीआरपीएफ खिलाड़ियों ने भारत के लिए जीते पांच स्वर्ण और एक रजत पदक

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के खिलाड़ियों ने कनाडा के विनिपेग में ह्यवर्ल्ड पुलिस और फायर गेम्सह्ण के शुरूआती दिन भारत के लिए पांच स्वर्ण पदक और एक रजत पदक जीते। लुवांगथेम गुनाओ और एम धीरेन सिंह ने पुरुषों के ह्यफिजिक एंड बाडीबिल्डिंग वर्ग में दो स्वर्ण पदक दिलाये जबकि रितु रानी ने महिलाओं की 59 किग्रा कुश्ती स्पर्धा में एक और सोने का तमगा हासिल किया।

### विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप से चूक सकती है भारतीय मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम

**नयी दिल्ली।** भारत की चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले टीम हंगरी के बुडापेस्ट में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेने से चूक सकती है क्योंकि वह रविवार को कोलंबो में श्रीलंका राष्ट्रीय चैंपियनशिप में सत्र के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार करने में विफल रही। भारतीय टीम अभी विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर है और क्वालीफाइंग समय रविवार को खत्म हो गया। सत्रह अगस्त को होने वाली स्पर्धा में 16 टीम हिस्सा लेंगी।

## बिहार की खबरें

### महिला की हत्या के दो आरोपित गिरफ्तार

**किशनगंज।** पुलिस ने महज 48 घंटे के अंदर हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिले के कोढोबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत हसनाबाद गांव स्थित बांस झाड़ से 28 जुलाई को महिला का शव मिला था। महिला के भाई ने जीजा इमाजुद्दीन, उसकी सौतन मंजरी खातून, खैरुल, सामीरून निशां के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस ने मंजरी खातून और समीरून को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी डॉ. इनाम उल हक मेंगनु ने रविवार को बताया कि अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### नालंदा में आई फ्लू ने दी दस्तक

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में विगत एक सप्ताह से प्रतिदिन कुछ न कुछ मरीज आई फ्लू को लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं ।कृष्णा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ रजनीश रंजन ने बताया कि इससे घबराने की जरूरत नहीं है ।मौसम में नमी के कारण आंखों का संक्रमण फैलता है, आंख से संबंधित एडिनोवायरस के कारण आंखें लाल हो जाती है, साथ ही आंखें सूजी और चढ़ी हुई दिखती है,आंखों से पानी चिपचिपा पदार्थ निकलने, आंखों में जलन महसूस होना, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता सहित कई परेशानियां देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच अवश्य कराएं ।यह बीमारी संक्रमण से फैलती है। किसी को आई फ्लू है तो उसके संपर्क में आने से बचें ।अपने हाथ बार- बार साबुन और पानी से धोएं, अपनी आंखों को छूने से बचे ।यदि आपको वायरल कंजेक्टिवाइटिस है तो दूसरे के साथ तौलिया, वास क्लॉथ या आंखों का मेकअप साझा करने से बचें ।उपरोक्त कुछ भी लक्षण होने पर निकटवर्ती चिकित्सालय में संपर्क कर डॉक्टर की सलाह से एंटीबायोटिक आई ड्रॉप का इस्तेमाल करें।

### चाइल्ड ट्रैफिकिंग के खिलाफ गांवों में चला जागरुकता अभियान

**अररिया।** जिले के विभिन्न प्रखंडों के दस गांवों में रविवार को चाइल्ड ट्रैफिकिंग के प्रति आम जनमानस को जागरूक किया गया। जिले के कुसांकाटा, अररिया, सिकटी, नरपतगंज एवं फारबिसगंज के चयनित दस गांवों में जागरण कल्याण भारती, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एसएसबी 52वीं एवं 56वीं बटालियन ने जागरुकता कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों और धर्म गुरुओं के साथ स्कूली बच्चों ने समाज में स्थापित सारी कुव्यवस्था के खिलाफ शपथ लिया। जागरण कल्याण भारती के संजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के 2021 के आंकड़ों से पता चलता है की देश में हर घंटे नौ बच्चे लापता होते हैं जबकि रोजाना आठ बच्चे ट्रैफिकिंग के शिकार होते हैं। रिपोर्ट बताता है कि 2021 में देश 77 हजार 535 बच्चे लापता हुए। सरकार और प्रवर्तन एजेंसियां पुरी मुस्तैदी से बच्चों की ट्रैफिकिंग रोकने के प्रयास में जुटी हुई है लेकिन इस संगठित अपराध को देश में पुरी तरह से खत्म करने के लिए एक कड़े एंटी ट्रैफिकिंग कानून की सख्त जरूरत है। इसलिए सरकार संसद में एंटी ट्रैफिकिंग बिल शीघ्र पास कराएं। उन्होंने कहा कि अररिया जिले के पांच प्रखंड के कुल 51 गांवों को जिला प्रशासन के सहयोग से बाल विवाह मुक्त, बाल श्रम मुक्त, मानव तस्करी मुक्त, बाल यौन शोषण मुक्त जनवरी 2024 तक बनाने का संकल्प लिया गया है।

### एम्स मुद्दे पर सहरसा बंद का भाजपा ने दिया समर्थन : डॉ आलोक रंजन

**सहरसा।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को विधायक डॉ आलोक रंजन के आवास पर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सिद्धार्थ सिंह सिद्धु,शिव भूषण सिंह एवं मनोज यादव मौजूद थे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए डॉ रंजन ने कहा कि एम्स निर्माण संघर्ष समिति द्वारा सहरसा में आयोजित सर्वदलीय बैठक में सभी लोगों ने 31 जुलाई को शांतिपूर्ण सहरसा बंद का निर्णय लिया है। हम अपने पार्टी के साथ शांतिपूर्ण सर्वदलीय सहरसा बंद का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि सहरसा के अधिकार और हक की लड़ाई के लिए एकजुट होकर इस शांतिपूर्ण बंदी में शामिल होकर इसे मजबूती प्रदान करें। साथ ही अपने हक की लड़ाई के लिए हम लोग साथ हैं और राज्य की जिद्दी सरकार को या आभास दिलाएं की अगर हमारी हकमारी हुई तो हम चुप नहीं बैठेंगे।

# युवक की हत्या कर सड़क किनारे फेंका शव, पुलिस ने किया बरामद

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** जिले के चकिया थाना क्षेत्र के दुबौलिया कोठी से सटे लखना पोखर के समीप रविवार को अहले सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि अज्ञात अपराधियों ने युवक को पहले चाकू मारी फिर गोली मारकर हत्या कर दी है। सड़क किनारे पड़े युवक के शव को देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव की पहचान के लिए कार्रवाई में जुटी है।

मृतक रसमंडल गांव निवासी हरिओम सहनी (30) है। जो बैसहां गांव स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। घटना की सूचना मिलने के बाद परिजन में कोहराम मचा है।



जानकारी के अनुसार हरिओम सहनी का आपराधिक इतिहास रहा है। वह हाल में ही हत्या के एक मामले में जेल से छूट कर आया था।

मृतक के भाई उमेश सहनी ने बताया कि बैशहां गांव के एक व्यक्ति उसके साथ जेल में था। जेल से बाहर आने के बाद उसने हरिओम को जान से मारने की धमकी दी थी। उसने अपने दो अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर मेरे भाई को घर से बुलाकर ले गया और उसकी हत्या कर दी। बताया कि घटना के बाद भागने के क्रम में उन लोगों ने अपनी बाइक छोड़ दी और मेरे भाई का बाइक लेकर फरार हो गया।

चकिया डीएसपी सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परिजन जिस पर हत्या का आरोप लगा रहे हैं वह और मृतक एक हीं गांव के हैं। घटनास्थल से गोली का एक खोखा बरामद हुआ है। परिजनो के बयान पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

# लोकसभा का चुनाव इंडिया बनाम एनडीए होगा : लालू यादव

**एजेंसी**

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि बाबा साहब के विचारों वाले दल इंडिया के तहत एकजुट हो रहे। हमलोग जल्द ही महाराष्ट्र में इकट्ठा होने वाले हैं। वह रविवार को वन एवं पर्यावरण मंत्री तेजप्रताप यादव के आवास पर आयोजित छात्र राजद भारत की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

लालू यादव ने कहा बिहार में कांग्रेस, जदयू और राजद एक साथ मिलकर सरकार चला रहे हैं। 2024 का चुनाव नजदीक आ गया है। एक उम्मीदवार के खिलाफ एक खड़ा होगा चुनाव में। लोकसभा चुनाव इंडिया बनाम एनडीए होगा। हमलोग महाराष्ट्र में इस पर चर्चा करेंगें। दिल्ली मैं जा रहा हूं। मतभेद भुलाकर एकजुट रहना है।

प्रधानमंत्री पर प्रहार करते हुए लालू यादव ने कहा कि नरेन्द्र मोदी संविधान को मिटाना चाहते हैं लेकिन देश की अखंडता को हम मिटने नहीं देंगे। उन्होंने छात्र नौजवानों से पूरे देश में पंचायत स्तर पर घूमने की बात कही। लालू ने कहा कि पंचायत स्तर पर बाबा साहब के विचारों को पहुंचाया गया। अब बूथ स्तर तक पहुंचाएंगे। युवाओं को देश को बचाना है। इसे युवाओं को आजादी की लड़ाई की तरह ही लड़ाई लड़नी है। लोग जेल के अंदर जाते हैं बाहर आते हैं। जेल की परवाह नहीं करते। देश के ताने बाने को बरकरार रखना है। मौके पर तेजप्रताप यादव को सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दिल्ली और झारखंड में डीएसएस का कार्यक्रम कराया जाए। आरएसएस वाले आप लोगों से घबराते हैं। लालू ने कहा कि बिहार में सूखा पड़ गया है। किसानों को खेती करने में परेशानी हो रही है। इसके मद्देनजर बिहार सरकार ने राहत का ऐलान किया है।

## विपक्षी सांसद पश्चिम बंगाल भी जायें, जहां चुनावी हिंसा में सौ से अधिक लोग मारे गये : सुशील मोदी

**पटना।** मणिपुर के वर्तमान माहौल को जानने के लिए विपक्षी गठबंधन के नेताओं के वहां जाने पर पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने तंज कसा। उन्होंने रविवार को यहां कहा कि विपक्षी गठबंधन के सांसदों को पश्चिम बंगाल भी जाना चाहिए, जहां पंचायत चुनाव के दौरान हुई व्यापक हिंसा में 100 से ज्यादा कार्यकर्ता मारे गए और महिलाओं के साथ बर्बरता हुई। वहां भाजपा के ही नहीं, कांग्रेस, माकपा के भी लोग हिंसा का शिकार हुए और लोकतंत्र का चीरहरण हुआ।

मोदी ने कहा कि बंगाल की चुनावी हिंसा रोकने के लिए कोलकाता हाईकोर्ट को हस्तक्षेप करना पड़ा और केंद्र सरकार को वहां केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों की टुकड़ियां भेजनी पड़ीं। इसके बावजूद विपक्षी सांसदों ने केवल मणिपुर को टार्गेट किया। उन्होंने कहा कि हत्या, बलात्कार और बर्बर घटनाएं राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी हुईं लेकिन विपक्षी गठबंधन ने इन राज्यों के पीड़ितों से जाकर मिलना जरूरी नहीं समझा। साथ ही कहा कि मणिपुर के मुद्दे पर एक सप्ताह से बाधित संसद को अब विपक्षी गठबंधन के लोग चलने दें, ताकि जनहित के विधायी कार्य पूरे हो सकें।

सुशील मोदी ने कहा कि जब लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति मिल गई है, तब सदन को ठीक से चलने देना चाहिए।

## नाबालिग की दुष्कर्म और हत्या मामले के आरोपी के घर की खुदाई शुरू

**एजेंसी**

**बेगूसराय।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा पंचायत-एक स्थित छोटेखुट गांव में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में ग्रामीणों की शिकायत के बाद एसपी के निर्देश पर रविवार से आरोपी गुड्डू सिंह के घर की खुदाई शुरू कर दी गई है।

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा आरोपी के संबंध में तरह-तरह की बात बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी मानव तस्कर का कारोबार करता है। यहां विभिन्न जगहों से बच्चियां लाई जाती है लेकिन वह वापस नहीं लौटती, दो बार किसी तरह बच्ची जान बचाकर भाग भी चुकी है।



इसलिए गुड्डू सिंह के घर की खुदाई करने से कई नर कंकाल बरामद होने की संभावना है।

तेघड़ा डीएसपी डॉ. रविन्द्र मोहन प्रसाद ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद आरोपी के आवास की खुदाई की जा रही है। प्रशासन को आवास और आसपास जहां-जहां शंका हुई, वहां-वहां खुदाई की जा रही है। पहले बिल्डिंग के नीचे बेसमेंट में खुदाई की जा रही है। अभी किसी तरह का कोई अवशेष बरामद नहीं किया गया है।

उल्लेखनीय है कि छोटखूंट गांव निवासी एक दस वर्षीय बच्ची 24 जुलाई को अपने पड़ोसी गुड्डू सिंह के यहां मेहंदी तोड़ने गई थी। लेकिन वहां से वह गायब हो गई, काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला तो लोगों ने गुड्डू सिंह पर शंका जाहिर किया। पुलिस इस मामले में मौन रही। 27 जुलाई को एसपी के जाने तथा परिजनों की आशंका पर पुनः जांच शुरू किया गया।

उसके बाद घर के बेसमेंट में दस फीट नीचे गाड़ कर छुपाए गए उक्त बच्ची का शव बरामद किया गया। पुलिस ने हत्या करने एवं शव को छुपाने में सहयोग करने वाले छह लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया। पॉलिथीन में लिपटे अर्धनग्न शव के चेहरे को जहां तेजाब से झुलसा दिया गया था, वही गला रस्सी से दबाया गया था। घटना के बाद लोगों में काफी आक्रोश था तथा उसी दिन से पूरे कैंपस के खुदाई की मांग की जा रही थी।

## बिहार के सीमाई क्षेत्रों में घुसपैठ के खिलाफ कठोर कानून बनाने का केंद्र व राज्य सरकार पर दबाव बनायेगी विहिप

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** विश्व हिंदू परिषद उत्तर बिहार की तीन दिवसीय प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक का रविवार को समापन हो गया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मंथन हुआ।

समापन सत्र को सम्बोधित करते हुए विहिप के राष्ट्रीय महामंत्री मिलिंद परांडे



ने बिहार के सीमांचल क्षेत्रों में बढ़ रहे जनसंख्या असंतुलन पर चिंता जताते हुए कहा कि रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण बिहार के छह जिले में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए हैं। यह बिहार सरकार के तुष्टिकरण का परिणाम है। इसके खिलाफ कठोर कानून बनाने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार पर दबाव बनाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि लव जेहाद, धर्मांतरण व सीमाई क्षेत्र में बढ रही जनसंख्या असंतुलन के मद्देनजर गांव-गांव में हिंदू सुरक्षा समिति गठित की जाएगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य क्षेत्र में चल रहे 4500 सेवा प्रकल्पों की संख्या भी बढायी जायेगी। इन प्रकल्पों के जरिए समाज के वंचित समाज को मुख्यधारा से जोड़ा जायेगा। इसके अलावा विश्व हिंदू परिषद कानूनी क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए देशभर में लीगल सेल का गठन कर रहा है, जिसमें अवकाश प्राप्त जस्टिस, सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालय के बड़े वकीलों को जोड़ा जा रहा है।

परांडे ने कहा कि जेहादी हिंसा, धर्मांतरण व लव जिहाद के विरुद्ध बजरंग दल 26 सितंबर से 8 अक्टूबर तक देशव्यापी शौर्य यात्रा निकालेगी। नवंबर माह से कुटुंब प्रबोधन प्रकल्प के तहत संतों का देशव्यापी प्रवास होगा। इसके माध्यम से समाज में जातिगत भेदभाव को समाप्त कर हिन्दू भावना को जागृत किया जायेगा। समापन के अंतिम दिन उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों से आए कार्यकताओं के बीच नई जिम्मेवारी की भी घोषणा की गई।

इस मौके पर क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद कुमार, क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल, प्रांत संगठन मंत्री नागेंद्र समर्थ, प्रांत अध्यक्ष कृष्णदेव झा, प्रांत मंत्री राजकिशोर सिंह, बिहार-झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता, प्रांत संपर्क प्रमुख सह विभाग मंत्री राणा रणवीर सिंह सहित कई केंद्रीय, क्षेत्रीय और प्रांतीय पदाधिकारी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## धनबाद में वज्रपात से एक युवक की मौत

**धनबाद।** शहर के सरायढेला थाना क्षेत्र अंतर्गत सूगियाडीह में शनिवार की देर रात वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतक का नाम चन्दन यादव था। शनिवार घर में घुसे पानी निकालने के लिए वह बाहर निकला था। इसी दौरान तेज आवाज के साथ वज्रपात हुआ। जिससे चंदन यादव का शरीर बुरी तरह झुलस गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बोकारो : बेटी ने पिता को दी मुखाग्नि

**बेरमो।** बोकारो-बेरमो के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी संजीत सिंह (45 वर्ष) के निधन के बाद रविवार को उनकी पुत्री अनन्या सिंह ने चास गरगा नदी श्मशान घाट पर मुखाग्नि देकर समाज में एक मिसाल कायम की है। पुत्री द्वारा मुखाग्नि दिए जाने का गवाह उनकी शव यात्रा में शामिल बोकारो-बेरमो के दर्जन भर लोग बने। वहीं पुत्री ने पिता को मुखाग्नि देकर पुत्र धर्म निभाया। समाजसेवी संजीव सिंह का शनिवार को दिल्ली के मैक्स अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था।

## विधायक सुखराम ने किया बास्केटबाल कोर्ट का उदघाटन

**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय में रविवार को विधायक सुखराम उरांव ने बास्केटबाल और बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सुखराम उरांव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बंदगांव के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गिरिजानन्द किस्कु, जिला परिषद सदस्य बसंती पुरती उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक ने कहा विद्यालय में पढ़ाई के साथ खेलकूद का भी माहौल होना चाहिए। कहा कि खेलकूद से शरीर स्वास्थ्य रहता है।

## सिंदरी के वरिष्ठ संस्कृत शिक्षक का निधन

**सिंदरी ।** एफसीआइएल सिंदरी के पूर्व संस्कृत शिक्षक सह प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत ठाकुर का आकस्मिक निधन रविवार को लगभग ग्यारह बजे सुबह हृदयाघात से हो गया है। उन्हें गंभीर स्थिति में असर्फी अस्पताल ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना घटी है। असर्फी अस्पताल के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। उनका पार्थिव शरीर उनके आवास जे 9 में रखा गया है। डॉ के के ठाकुर विद्यापति परिषद सिंदरी के संरक्षक भी थे। सिंदरी चेम्बर ऑफ कामर्स अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, कोषाध्यक्ष दिलीप रिटोलिया व लायंस क्लब सिंदरी कल्ब एडमिनिस्ट्रेटर प्रशांत पाण्डेय ने उन्हें सिंदरी की धरोहर बताते हुए श्रद्धांजलि दी है। डॉ ठाकुर अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री छोड़ गये हैं।


## AFFIDAVIT

I, Anita Kumari w/o Afroj Ansari, R/o VIll. Arsandey, P.O. Boreya, P.S. Kanice, Diatt. Ranchi do hereby sol emnly affirm & declare as followe:-
1.That I am worlding am Constable/GD in CIS being No. 06 19900 23
2. That due to mistake my son's name Was Written as "Alkama Afroj Ansari in my Service book, whereas as per Aadhar No.7225 5312 8915 and Birth Certificate his correct name is"Wasim Andari" and his correct date of birth is 28/10/2011.
3. That this Affidavit is made for correcting the name of my said son in my Service book as "Wasim Ansari " instead of "Alkama Afroj Ansari" for future records/reference.
4. That the above statementsis true &correct.
Sworn & Signed at Ranchi on 20-5-23.
The deponent named above whohas been identified by Sri B.N . Dutta Advocate,Ranchi is true &correct.


# होटल ताज में आतंकियों से लड़नेवाले कमांडो की वीरता सुन मुग्ध हुए श्रोता

### सैनिक शौर्य सम्मान सह प्रतिभा सम्मान समारोह

खबर मन्त्र ब्यूरो



### शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में उन वीर नारियों को और उनके परिवार को सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने पति, पुत्र को मांभारती के सेवा में खोया है। शहीद गणेश हांसदा की माता कपरा हांसदा, पिता एवं भाई। शहीद किशन दुबे की माता जगमाया देवी एवं भाई। शहीद लेफ्टिनेंट कमांडर मनोरंजन के पिता नवीन कुमार। शहीद मनोज कुमार की पत्नी सुनीता एवं पिता। शहीद श्रीनिवास की पत्नी पदमा राव। शहीद जितेंद्र कुमार की पत्नी दुर्गावती देवी। शहीद मनोहर कुंकल की पत्नी शोभा कुंकल और लेफ्टिनेंट कमांडर ए आर बासु। इस मौके पर पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।

**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद, पूर्वी सिंहभूम और सैल्युट तिरंगा झारखंड द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में सैनिक शौर्य सम्मान सह प्रतिभा सम्मान का आयोजन साकची स्थित राजेंद्र विद्यालय ऑडिटोरियम में किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा और विशिष्ट अतिथि के रूप में एन.एस.जी कमांडो सह पूर्व विधायक दिल्ली कैंट सुरेंद्र सिंह जी उपस्थित रहे। वही सम्मानित अतिथियों में भारतीय जनता पार्टी व्यावसायिक प्रकोष्ठ, झारखण्ड प्रदेश के संयोजक नीरज सिंह, स्थानीय युनिट 220 फील्ड रेजिमेंट के सूबेदार अनार सिंह, ब्रिगेडियर रणविजय सिंह जिलाध्यक्ष वेटरन बृजकिशोर सिंह, भारतीय जनता पार्टी जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष गुंजन यादव सैल्यूट तिरंगा झारखण्ड के झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष रंजन चौधरी सैल्यूट तिरंगा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के तस्वीर पर माल्यार्पण कर और अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभागार में मौजूद सभी अतिथियों और आए हुए लोगों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर शुरूवात किया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री नीरज सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत कर विषय प्रवेश किया। नीरज सिंह ने कहा कि जो सैनिक युद्ध के मैदान में लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होते हैं वह कभी मरते नहीं एवं उनके द्वारा किये कार्य और देश की सुरक्षा में दिए योगदान के कारण उनका इतिहास स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता हैं और पूरा देश उन्हें हमेशा याद रखता है। और साथ ही उनका सम्मान भी करता है। उन्होंने कहा कि यह सैनिक शौर्य सम्मान कारगिल दिवस के उपलक्ष्य पर मनाया गया और हमारे भारतीय सेनाओं (थल जल और नभ) के जवान हर कठिन से कठिन परिस्थितियों में हमेशा हम सबके लिए देश की सुरक्षा को समर्पित रहते हैं। उनके लिए और उनके सम्मान में इस तरह का आयोजन का हिस्सा बनना एक हम जैसे सिविल समाज के लिये सौभाग्यशाली पल है। कार्यक्रम में आये हुए विशिष्ट अतिथि पूर्व एन.एस.जी कमांडो सह पूर्व विधायक दिल्ली कैंट सुरेंद्र सिंह ने लोगों को सम्बोधित करते हुए अपने कार्यकाल में भारत में हुए आतंकवादी घटनाओं के बारे में जिक्र करते हुए 2008 में 26/11 मुंबई ताज होटल अटैक के बारे में लोगों को बताया। उन्होंने अपनी आपबीती सुनाते हुए कहा कि किस प्रकार से वहां आतंकवादी होटल के अंदर छुप कर लगातार पुलिस के जवान और सेना के जवानों पर गोलियों और हैंड ग्रेनेड से हमले कर रहे थे जिसके बाद एन एस जी कमांडोज को मोर्चा संभालने आदेश सरकार की ओर से दिया गया। हमें हेलीकॉप्टर द्वारा एयर ड्रॉप कर वहां भेजा गया जिसके बाद होटल में कई कमरों के होने के कारण समझ नहीं आ रहा था कि आतंकवादी कहां छुपे बैठे हैं। मगर हम मजबूत इरादे पक्के जज्बे के साथ हम आगे बढ़े और कई जगहों के सर्च के दौरान रूम खोलते हीं हम पर हमला हुआ जिसमें हमारे कुछ साथी घायल हुए। इसी दौरान तलाशी के वक्त एक रूम का दरवाजा खोलते हीं एक आतंकवादी द्वारा मुझ पर हैंड ग्रेनेड फेंका गया उस वक्त बचाव के लिए कोई जगह नहीं होने के कारण मैंने एक फ्लोर से निचले फ्लोर पर छलांग लगा दी और उनके साथ लड़ता रहा इसी क्रम में होटल के बार काउंटर के पीछे छुपे आतंकवादी ताबड़तोड़ गोलियां चला रहे थे जिसके बाद हमने रणनीति के तहत उन्हें भी ढेर किया इस दौरान मुझे गोली भी लगी मगर अपनी जान की परवाह किये बिना मैंने अपने कमांडो चाकू से दो लोगों पर प्रहार कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया और पाकिस्तान के भेजे आतंकियों के मंसूबे को नाकाम किया।

## सैनिकों के लिए रिव्यू हो रहा वन रैंक वन पेंशन स्कीम : सुरेंद्र सिंह



**जमशेदपुर।** एनएसजी के पूर्व कमांडों और आप के दो बार विधायक रहे सुरेंद्र सिंह अब भाजपा के नेता हैं। यहां होटल दयाल में एक संवाददाता सम्मेलन में खबर मन्त्र के सवाल पर उन्होंने कहा कि वन रैंक वन पेंशन मामले में मोदी सरकार ने त्वरित कदम उठाया था किन्तु इसका लाभ अधिकारियों को दे दिया गया और जवानों को जो लाभ मिलना था वह नहीं मिला। हमारी निरंतर लड़ाई अब पीएम के ध्यान में है और सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन का लाभ दिलाने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं। हमें पूरा भरोसा है कि पीएम पूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन का लाभ अवश्य देंगे। सुरेंद्र सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि सुरक्षा के मोर्चे पर देश आत्मनिर्भर हुआ है बल्कि दुश्मन देशों के खिलाफ आक्रामक कदम भी उठा रहा है। पाकिस्तान से लेकर चीन तक के बोर्डर पर भारतीय सेना का मनोबल देखते ही बन रहा है। कश्मीर में धारा 370 हटाना एक बड़ी उपलब्धि है और अब वहां के नौजवान पत्थर नहीं फैंकते बल्कि हाथ में तिरंगा लहरा रहे हैं। हम लोग सैल्यूट तिरंगा के बैनर तले हाल में ही कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहरा कर लौटे हैं। यहां तक कि डल झील के हर शिकारे पर तिरंगा हमलोगों ने बांधा किन्तु किसी ने विरोध नहीं किया। अब घोटाले की खबर बीते दिनों की बात हो गयी है। 9/11 को जब हमलोग होटल ताज में दाखिल आतंकवादियों से लड़ने गये तो सुविधाएं कम थी किन्तु आज न सिर्फ देश के विभिन्न भागों में एनएसजी के सेंटर खुल गए हैं बल्कि जवानों को आधुनिक हथियार एवं मॉडर्न प्रशिक्षण से लैश कर दिया गया है।

## लौहनगरी की लिसा को मिला भोजपुरी फिल्मों में ब्रेक



**जमशेदपुर।** फिल्म व वीडियो एलबम के क्षेत्र में लौहनगरी तेजी से उभर रहा है। यहां के कलाकार बॉलीवुड से लेकर भोजपुरी फिल्म व म्यूजिक इंडस्ट्री में अपनी धमक बना रहे हैं। वह चाहे प्रियंका चोपड़ा हो या फिर तनु श्री दता। अब शहर की एक और युवा प्रतिभा लिसा वर्मा जबरदस्त इंट्री की है। सोनारी की रहने वाली लिसा वर्मा भोजपुरी वीडियो व म्यूजिक इंडस्ट्री में तेजी से अपनी पहचान बनायी है। हाल ही में उनकी एक वीडियो एलबम रिलीज हुई है। जिसमें भोजपुरी के स्टार गायक अरविंद अकेला उर्फ कल्लू के साथ नजर आ रही है। इस एलबम का नाम ' शिव के मन भावे' है।

## खुशबू वीरांगना सावन क्वीन, सुनंदा रनरअप




**जमशेदपुर ।** अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन के द्वारा जमशेदपुर के टिस्को बिष्टुपुर क्लब हाउस में सावन के रंग परंपराओं के संग कार्यक्रम का आयोजन हुआ' आयोजन में सावन की प्रसिद्ध कजरी और झूले के साथ वीरांगनाओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी बढ़ चढ़कर भाग लिया ' आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा की पूर्व महानगर अध्यक्ष श्रीमती नीरू सिंह तथा सम्मानित अतिथि के रुप में 50बार रक्तदान करने वाली आदित्यपुर की वीरांगना कमलेश सिंह उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरांगना प्रभा सिंह ने किया। संचालन सुषमा सिंह, स्वागत भाषण सरोज सिंह और धन्यवाद ज्ञापन नीलू सिंह ने किया ' रिंकू सिंह ने सावन माह के महत्व को संगीत में प्रस्तुत किया। आयोजन में निर्णायक मंडल के द्वारा प्रतिस्पर्धा के बीच मानगो की नवविवाहिता खुशबू सिंह को सावन क्वीन का खिताब दिया गया ।आशियाना सनसिटी की सुनंदा सिंह दुसरे और गोलमुरी की पूर्णिमा सिंह तीसरे स्थान पर रहीं । कजरी प्रतियोगिता में रेखा सिंह को प्रथम, रिंकू सिंह द्वितीय और कंचन सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ।

# कोयलांचल में बनेगा 100 बेड का नया अस्पताल

### 5.5 एकड़ जमीन बीसीसीएल ने सौंपी

खबर मन्त्र संवाददाता



विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह गुरुवार 7 अक्टुबर 22 को झरिया विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सहित अन्य समस्या पर बीसीसीएल के प्रभारी सीएमडी पीएस प्रसाद के साथ वार्ता की । विधायक ने एक मांग पत्र सौपकर अस्पताल के लिए जमीन का अनापत्ति प्रमाण पत्र का मांग की । विधायक ने सीएमडी को देये पत्र में कहा है को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया हेतु जेलगोरा में प्रशासन द्वारा खाता संख्या 107, प्लाट नबंर 264 रकबा 5 .50 एकड जमीन का चयन किया गया है . इस सबंध में अंचलाधिकारी झरिया द्वारा पत्रांक संख्या 1524 दिनांक 5 अक्टूबर के माध्यम से लोदना महाप्रबंधक से उक्त जमीन पर अस्पताल बनाने को लेकर अनापत्ति प्रमाण पत्र का मांग की है । विधायक ने सीएमडी से एन ओसी दिलाने का मांग की। बीसीसीएल का सीएसआर मद से क्षेत्र में जनकल्याणकारी कार्यों की रूपरेखा तैयार कर जल्द से जल्द अमल करने को लेकर विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने सीएमडी से मांग की । जिस पर सीएमडी ( प्रभारी) पीएस प्रसाद ने जल्द ही उचित कदम उठाने का बात कही।

**झरिया।** झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह का प्रयास लाया रंग । सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का रास्ता साफ। कोयला मंत्रालय ने दिया हरा झंडा। लाखों की आबादी को स्वास्थ्य सुविधा का मिलेगा लाभ। अब निजी अस्पताल में जरुरत मंद मरीजों को नहीं लगाना होगा चक्कर । साथ हर बिमारी का सरकारी अस्पताल में जरूरत मंद मरीज का इलाज के लिए रहेगे चिकित्सक। मलमास खत्म होने के साथ ही अस्पताल बनाने का काम होगा शुरू। झारखंड सरकार के आदेश पर प्रबंध सह कार्यपालक अभियंता धनबाद की टीम द्वारा जेलगोड़ा स्टेडियम के पीछे ढाई एकड़ जमीन चिनिहत कर की मापी का कार्य शुरू किया गया । उक्त स्थल पर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 10 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से 100 बेड का अस्पताल बनाया जाना तय है । उक्त कार्य को एक वर्ष की अवधि में पूरा करने के लिए गौतम कंस्ट्रक्शन को जिम्मेवारी दी गई है जोड़ापोखर क्षेत्र में एक मात्र स्वास्थ्य केंद्र चासनाला है ,जो काफी दूर है जेलगोड़ा में स्वास्थ्य केंद्र खुल जाने के बाद क्षेत्र के मरीजों को काफी फायदा मिलेगा भूमि चिन्हित करने वालो में कार्यपालक अभियंता बिहारी प्रसाद ने कहा कि अस्पताल के निर्माण में सरकार के दिशा निर्देश का पालन करते हुए गुणवक्ता में ध्यान दिया जाएगा ताकि क्षेत्र की जनता को सुख सुविधा से लैस अस्पताल मुहैया कराया जायेगा।

# पूरणचंद की मनायी गयी 22वीं पुण्यतिथि



पूरणचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** अखिल भारतीय तैलिक महासभा गढ़वा के तत्वावधान में अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता के नेतृव में टंडवा स्थित पूरनचन्द चौक पर पूरणचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई।

मौके पर पूर्व मंत्री रामचन्द्र केशरी ने कहा कि पूरनचद ग़रीबों मजदूरों की आवाज थे। वे सम्पूर्ण जीवन आम लोगों के हक के लिए लड़ते रहे। पलामू, गढ़वा के लिए कई उल्लेखनीय काम उन्होंने किया। बहुत गौरव की बात है कि ऐसे महापुरुष की मूर्ति पलामू, गढ़वा जिला में स्थापित है। अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि पूरनचंद विपरित परिस्थितियों में भी गरीबों के लिए समर्पित रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से संरक्षक सतीश प्रसाद गुप्ता, विजय कुमार केशरी, सूरज गुप्ता, लल्लु प्रसाद गुप्ता, संदीप गुप्ता, धनंजय प्रसाद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, मुन्ना कश्यप, मनोज साव, आनंद गुप्ता, गौतम गुप्ता, विजय गुप्ता, अजय गुप्ता, सावित्री देवी, रवि, राजू गुप्ता, सोनू गुप्ता, प्रदीप केशरी आदि उपस्थित थे।

### पेज 1 का शेष

#### आज पेश होगा अनुपूरक बजट...

**नेता के बिना एनडीए धार दिखाने को तैयार :** सूत्रों का दावा है कि विपक्षी एनडीए ने बगैर नेता प्रतिपक्ष के ही इस बार भी सदन के अंदर अपनी धार दिखाने को तैयार है। जबकि, सत्ता पक्ष के लोगों ने भी विपक्ष के एक-एक वाजिब सवाल का सदन में जवाब देने की रणनीति बना ली है। भाजपा ने सुभाष मुंडा हत्याकांड की सीबीआइ जांच की मांग को लेकर शनिवार को जोरदार तरीके से प्रदर्शन किया था। आजसू के साथ मिलकर विधि-व्यवस्था, स्थानीय व नियोजन नीति व भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर हमलावर मूड में है। पार्टी के एक वरिष्ठ विधायक ने कहा कि सत्ताधारी दलों को हर ज्वलंत सवालों का जवाब देने को विवश किया जायेगा। इसमें भ्रष्टाचार के अलावा बांग्लादेशी घुसपैठिये, अपराध, शिक्षक नियुक्ति आदि मुद्दे शामिल हैं।

#### रूस पर यूक्रेन का ड्रोन अटैक...

यूक्रेन के दो ड्रोन को मार गिराया गया है, जबकि दो, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण द्वारा दबाये गये। मॉस्को के मेयर ने टेलीग्राम पर कहा कि ड्रोन हमले के बाद शहर के दो कार्यालय टावरों के अगले भाग थोड़े क्षतिग्रस्त हुए हैं। रविवार को हुआ हमला हाल के ड्रोन हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है, जिसमें यूक्रेन की सीमा के पास क्रेमलिन और रूसी शहर भी शामिल हैं। फरवरी 2022 में मॉस्को द्वारा पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से रूस द्वारा कब्जा किये गये देश के क्षेत्र को वापस लेने के लिए वे कई हफ्तों तक यूक्रेनी जवाबी कार्रवाई में लगे रहे।

#### अवैध तरीके से संचालित...

यहां से नौ करोड़ की एफसीआरए फंडिंग, 23 लाख की सरकारी फंडिंग और अन्य डोनेशन के प्रमाण मिले हैं। लेकिन सभी बच्चे सरकारी केजीवीके स्कूल में पढ़ते हैं। **यौन उत्पीड़न का मामला भी आया था सामने :** प्रियंक कानूनगो ने बताया कि रांची में वर्ष 2022 में तथाकथित समाजसेवी व पूर्व आइएएस ऑफिसर से जुड़ी संस्था द्वारा अवैध रूप से रेनबो बालगृह का संचालन किया जा रहा है। बालगृह में बच्ची के साथ यौन प्रताड़ना और मामले को दबाने के प्रयास का सामने आया था। कानूनगों ने कहा कि इस मामले को लेकर उन्होंने मुकदमा भी दर्ज कराया था और इसकी सरकारी फंडिंग बंद करा करा दी गयी थी। बच्चों को वहां से दूसरी जगह शिफ्ट करने का निर्देश दिया था। इसके बावजूद जब राज्य बाल संरक्षण आयोग की टीम औचक निरीक्षण करने पहुंची तो पाया कि सरकारी स्कूल में रेनबो बालगृह का संचालन किया जा रहा है। **बाल गृह में पायी गयीं कई गड़बड़ियां :** रेनबो बालगृह अवैध ढंग से नगड़ी के राजकीयकृत विद्यालय भवन में संचालित किया जा रहा है। रजिस्ट्रेशन नहीं होने के बावजूद भी बालगृह गलत तरीके से सरकारी सुविधाएं प्राप्त कर रहा है। बालगृह में 17 बोतल कोरेक्स कफ सिरप मिला है, जो बिना डॉक्टर के पर्चे के मंगवाया गया है। एक 19 वर्षीय बालक बाल मजदूरी में शामिल मिला।

#### पेड़ लगायें, पानी बचाने के...

**जल संरक्षण पर जोर :** जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए देश के विभिन्न इलाकों में हो रहे प्रयासों का जिक्र किया और देशवासियों से इन अभियानों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। मन की बात की 103वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए मोदी ने सावन के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इस वजह से देश के ज्योतिर्लिंगों में श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ भी हो रही है। बारिश का यही समय वृक्षारोपण और जल संरक्षण के लिए भी उतना ही जरूरी होता है। हमारे देशवासी पूरी जागरूकता और जिम्मेदारी के साथ जल संरक्षण के लिए नये-नये प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने कहा, 'मैं चाहूंगा कि हम सभी पेड़ लगाने और पानी बचाने के इन प्रयासों का हिस्सा बनें। **आस्था और परंपरा :** सावन माह का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि देश के लोगों की आस्था और यहां की परंपराओं का एक पहलू और भी है कि ये जीवन को गतिशील बनाती हैं। सावन में भगवान शिव की आराधना के लिए लाखों-करोड़ों भक्त कांवर यात्रा करते हैं। इन दिनों 12 ज्योतिर्लिंगों बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। हर साल पिछला रिकॉर्ड टूट जाता है। काशी में हर साल 10 करोड़ से ज्यादा पर्यटक पहुंच रहे हैं। इससे लाखों लोगों का रोजगार भी मिल रहा है। यह सब हमारे सांस्कृतिक जनजागरण का परिणाम है। मोदी ने कहा, 'हम न केवल अपनी विरासत को अंगीकार करें, बल्कि उसे जिम्मेदारी से साथ विश्व के सामने प्रस्तुत भी करें। **सउदी अरब सरकार को धन्यवाद :** पीएम ने कहा कि वह सऊदी अरब सरकार का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उसने बिना महरम हज यात्रा पर गयी महिलाओं के लिए विशेष रूप से महिला समन्वयकों की नियुक्ति की। केंद्र सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय ने वर्ष 2018 में 45 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को बिना महरम हज यात्रा पर जाने की अनुमति दी थी।

## सिखों के अधिकार सुरक्षित रखने का प्रयास करूंगा : सरयू

खबर मन्त्र ब्यूरो



प्रतिनिधिमंडल का मांग पत्र स्वीकार करते विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** सिखों के दूसरे बड़े तखत और गुरु गोविंद सिंह जी की जन्मस्थली तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब प्रबंधन कमेटी में झारखंड के सिखों के अधिकार पूर्व की भांति बनाए रखने को हर संभव उपाय करने का आश्वासन जमशेदपुर पूर्वी के विधायक एवं पूर्व मंत्री सरयू राय ने सिख प्रतिनिधिमंडल को दिया। विधायक सरयू राय ने आश्वस्त किया कि वे झारखण्ड विधानसभा में इस सवाल को उठाने के साथ ही व्यक्तिगत स्तर से झारखंड एवं बिहार राज्य के मुख्य सचिव तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखेंगे, जिससे इसका सम्मानजनक हल निकले और आबादी के अनुसार झारखंड को ज्यादा प्रतिनिधित्व मिले। सिख प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर सिखों के अधिकार सुरक्षित संरक्षित रखने का आग्रह किया और बताया कि साल 1956 के संविधान के अनुसार दक्षिण बिहार निर्वाचन क्षेत्र में मताधिकार का प्रयोग झारखंड के सिख गुरुद्वारों के प्रधान करते रहे हैं। लेकिन अब बिहार सिख प्रतिनिधि बोर्ड, बिहार के दक्षिणी बिहार भौगोलिक क्षेत्र के 15 गुरुद्वारा समिति झारखंड के 115 गुरुद्वारा समितियों को मतदान के अधिकार से वंचित रखना चाहते हैं और इसलिए कानूनी कदम भी उठा रहे हैं। सिख प्रतिनिधिमंडल का तर्क था कि बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के द्वारा झारखंड राज्य का निर्माण हुआ है, उसके बाद भी झारखंड के सिख सभा मताधिकार का प्रयोग करते रहे हैं।

## बाबासाहेब की प्रतिमा का अनावरण

**केतार।** केतार बाजार स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आदमकद कांस्य धातु की प्रतिमा का अनावरण रविवार को भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न कुमार सिंह, जेएनयू के प्रोफेसर डॉ लक्ष्मण यादव, अनवारण समिति के सयोजक अजय वर्मा ने किया। तत्पश्चात लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में डॉ. भीमराव अम्बेडकर, गौतम बुद्ध, करीब दास की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अतिथियों को 21 किलो के फूल माला से सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विनय रत्न कुमार सिंह ने बाबा साहेब की प्रतिमा लगाने के दौरान जेल गए पांच लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं दिल्ली से आए प्रोफेसर डा. लक्ष्मण यादव ने कहा कि आज बाबा साहेब की प्रतिमा का अनावरण हुआ है। आगे आप सभी कमिटी को ज्योति बाई फुले के नाम से पुस्कालय खोलने की जरूरत है। ताकि बाबा डॉ भीमराव अम्बेडर की बातों को घर घर पहुंचाया जा सके। इस दौरान बिरहा कलाकार ओमप्रकाश दीवाना ने समय समय पर लोगों का मनोरजन कर डॉ अम्बेडकर की जीवनी पर गायन के मायम से लोगों को जागृत किया। मौके पर बीडीओ मुकेश मछुआ, थाना प्रभारी संतोष कुमार, सब इंस्पेक्टर संजय हेम्ब्रम, खरौंाी थाना प्रभारी अभय कुमार, बिंदु राम, अजय वर्मा, जीतन राम, विनोद कुमार, शम्भू सिंह, शिवकुमार सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## एकता व सौहार्द में ही पर्व त्यौहार की सार्थकता है : मिथिलेश ठाकुर

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** हजरत इमाम हसन-हुसैन की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हसन-हुसैन और यजीद की सेना के बीच जंग हुई थी। जिसमें इस्लाम की रक्षा के लिए हजरत इमाम हसन-हुसैन ने अपनी जान की कुर्बान दी थी। इसलिए मुहर्रम महीने के 10वें दिन मुहर्रम को मनाया जाता है। उक्त बातें स्थानीय विधायक प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के द्वारा मुहर्रम के अवसर पर बीती रात कर्बला के मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि कोई भी त्योहार अपने अपने घरों में मनाया जा सकता है। लेकिन पूर्वजों द्वारा सामूहिक रूप से त्योहार मनाने का मुख्य उद्देश्य था कि लोग आपस में मिलजुल कर त्योहार मनाए। साथ ही मिलजुल कर रहे। लेकिन आज छोटी-छोटी बातों पर लोग एक दूसरे से उलझ जाते हैं। इससे बचने की जरूरत है। छोटी-छोटी बातों पर लोगों को नहीं उलझना चाहिए। हम सभी लोग एकजुट होकर रहे, तभी ऐसे पर्वों की सार्थकता सार्थक साबित होगी। उन्होंने कहा कि यदि हमारी नियत नेक होगी तो हम सभी कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे। कोई भी पर्व, त्योहार तभी सफल होगा, जब हम एकजुट रहेंगे। झामुमो जिलायक्ष तनवीर आलम ने कहा कि इस्लाम महीना की शुरूआत और अंत दोनों कुर्बानी से शुरू होती है। रामनवमी पूजा समिति जनरल के अध्यक्ष मुरली श्याम सोनी ने कहा कि किसी को गंगा-जमुनी तहजीब देखना है तो वे गढ़वा आकर देखें। यहां सभी लोग आपस मिलजुल कर कोई भी पर्व-त्यौहार मनाते हैं।

स्पीड न्यूज

## पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की हालत में मामूली सुधार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की हालत में मामूली सुधार हुआ है, लेकिन रविवार सुबह भी उनकी स्थिति नाजुक बनी रही। यहां एक निजी अस्पताल में भट्टाचार्य का इलाज कर रहे चिकित्सकों ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि 79 वर्षीय भट्टाचार्य के रक्त में ऑक्सीजन सांद्रता में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन वह अब भी इनवेसिव वेंटिलेशन (यांत्रिक श्वसन) पर हैं।

## केरल : डकैतों ने साढ़े चार करोड़ रुपये लूटे

**पलक्कड़ ।** केरल में पलक्कड़ जिले के निकट पुथुसेरी में डकैतों के एक गिरोह ने एक राजमार्ग पर एक कार सवार यात्रियों पर हमला किया और उनके पास से साढ़े चार करोड़ रुपये की नकदी लेकर फरार हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार तड़के हुई। उसने बताया कि डकैतों के एक गिरोह ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बड़ा ट्रक खड़ा कर कार को रोका और लूटपाट की।

## उमेश पाल हत्याकांड में विजय मिश्रा गिरफ्तार

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के सनसनीखेज उमेश पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद के वकील और वांछित आरोपी विजय मिश्रा को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस उपायुक्त (नगर) दीपक भूकर ने बताया कि उमेश पाल हत्याकांड में वांछित मिश्रा को धूमनगंज थाने की पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया।

## कश्मीर के कुलगाम में सेना का जवान लापता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले से सेना के एक जवान के लापता होने की खबर है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अचथल इलाके के रहने वाले जावेद अहमद वानी शनिवार शाम को लापता हो गए थे।

## छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल

**नयी दिल्ली।** वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रविवार शाम तक छह करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए जा चुके थे। यह संख्या पिछले साल 31 जुलाई तक दाखिल किए गए आईटीआर के आंकड़े को पार कर गई है। वेतनभोगी वर्ग और ऐसे लोग जिन्हें अपने खातों का ऑडिट कराने की जरूरत नहीं है, उनके लिए आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

## रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की मेजबानी करेगा सऊदी अरब

**दुबई।** यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच सऊदी अरब अगस्त की शुरुआत में एक शांति वार्ता की मेजबानी करेगा, जिसमें भारत भी शामिल हो सकता है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बहरहाल, सऊदी अरब और यूक्रेन ने अभी इस वार्ता की पुष्टि नहीं की है। अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि यह शिखर वार्ता लाल सागर के बंदरगाह शहर जेद्दा में होगी।उन्होंने बताया कि शिखर वार्ता में यूक्रेन के साथ ही ब्राजील, भारत, दक्षिण अफ्रीका और कई अन्य देश हिस्सा लेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के एक उच्च स्तरीय अधिकारी के भी बैठक में शामिल होने की संभावना है। अधिकारी के मुताबिक, इस आयोजन की तैयारियां कीव संभाल रहा है। उन्होंने कहा कि रूस के वार्ता में भाग लेने की संभावना नहीं है। सबसे पहले इस शांति वार्ता की जानकारी द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने दी थी। उसने वार्ता से जुड़े राजनयिकों के हवाले से बताया था कि शांति वार्ता पांच-छह अगस्त को होगी और लगभग 30 देश इसमें हिस्सा लेंगे।

# पीएसएलवी-सी56 ने सात उपग्रहों को किया लांच

## अंतरिक्ष में कचरे को कम करने के प्रयास में जुटा है इसरो

▸▸ अगस्त के अंत या सितंबर की शुरुआत में एक और पीएसएलवी होगा प्रक्षेपित



एजेंसी

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन(इसरो) ने एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन में अपने सबसे ताकतवर प्रक्षेपण वाहन पीएसएलवी-सी56 के माध्यम से रविवार को श्रीहरिकोटा की एसएचएआर रेंज के स्पेसपोर्ट से प्राथमिक पेलोड डीएस-एसएआर ( एक रडार इमेजिंग अर्थ ऑब्जर्वेशन) उपग्रह सहित सिंगापुर के सात उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। इसरो ने ट्वीट कर कहा कि पीएसएलवी-सी56/डीएस-एसएआर मिशन पूरी तरह पूरा हुआ। साढ़े पच्चीस घंटे की उलटी गिनती के बाद, 228 टन वजन उठाने वाले 44.4 मीटर लंबे चार चरण वाले वाहन ने 0630 बजे प्रथम लॉन्च पैड से शानदार ढंग से उड़ान भरी।

इसरा के अध्यक्ष सोमनाथ ने कह कि कहा कि पीएस4 चरण के तहत रॉकेट को निचली कक्षा में वापस लाए जाने के पीछे का कारण अंतरिक्ष में कचरे की समस्या को कम करना है। सोमनाथ ने मिशन नियंत्रण केंद्र में कहा कि (यह प्रयोग) अंतरिक्ष में बिताए जाने वाले चरण की अवधि कम करने के इरादे से किया जा रहा है।

पीएसएलवी -सी56/डीएस-एसएआर, एसटी इंजीनियरिंग, सिंगापुर के लिए न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) का समर्पित वाणिज्यिक मिशन है। लगभग 25 मिनट की उड़ान अवधि के बाद, सभी सात उपग्रहों को सटीक कक्षा में स्थापित किया गया। पीएसएलवी-सी56 ने 21 मिनट की उड़ान अवधि के बाद सबसे पहले प्राथमिक पेलोड, डीएस-एसएआर (एक 360 किलोग्राम रडार इमेजिंग पृथ्वी अवलोकन उपग्रह) को 5 डिग्री झुकाव और 535 किमी ऊंचाई पर एक निकट-भूमध्यरेखीय कक्षा (एनईओ) में स्थापित किया। बाद में चार मिनट की अवधि में सिंगापुर के सभी छह सह-यात्री उपग्रह - न्यूलियन, ओआरबी -12 स्ट्राइडर, गैलासिया -2, स्कूब- द्वितीय , आर्केड और वेलॉक्स-एएम को उसी क्रम में कक्षा में स्थापित किया गया। एसडीएससी-श्रीहरिकोटा से यह इसरो का 93वां मिशन है। इसके साथ ही इसरो अब तक 531 विदेशी सैटेलाइट लॉन्च कर चुका है। पीएसएलवी-सी56 किसी एक विदेशी ग्राहक के लिए चौथा समर्पित प्रक्षेपण है। पीएसएलवी-सी56 को सी 55 के समान स्ट्रैप-ऑन मोटर्स के बिना, इसके कोर-अलोन मोड में कॉन्फिगर किया गया है। यह पीएसएलवी की 58वीं और इसके कोर अलोन कॉन्फि गरेशन की 17वीं उड़ान है। इसरो ने कहा कि सभी उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के बाद रॉकेट के ऊपरी चरण (चौथे चरण) को इसकी कम कक्षीय जीवन सुनिश्चित करने के लिए निचली कक्षा में रखा जाएगा। पीएस4 को बायीं ओर का उपयोग करके 300 गुणा 300 किमी की निचली पृथ्वी वृत्ताकार कक्षा में ले जाया जाएगा।

मिशन के बाद मिशन नियंत्रण केंद्र के वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए इसरो के अध्यक्ष एस.सोमनाथ ने कहा कि प्राथमिक उपग्रह डीएस-एसएआर सहित सभी सात 7 उपग्रहों को पीएसएलवी-सी56 द्वारा सटीक कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। उन्होंने कहा कि मैं इस मिशन के लिए और इसरो में लगातार विश्वास बनाए रखने के लिए सिंगापुर सरकार और एनएसआईएल के ग्राहकों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि इस बार हमें यह बिल्कुल सही कक्षा मिली है। उन्होंने कहा कि इसरो के पास इस मिशन का और भी रोमांचक चरण होगा। श्री सोमनाथ ने कहा कि पीएसएलवी सी56 का चौथा चरण (पीएस4 ), जो अब 535 किमी की गोलाकार कक्षा में है, को 300 किमी की निचली कक्षा में वापस लाया जाएगा। उन्होंने कहा किहम इसे नियंत्रित तरीके से लो अर्थ सर्कुलर पर लाएंगे और इसमें लगभग डेढ़ घंटे का समय लगेगा।

श्री सोमनाथ ने कहा कि इसरो अगस्त के अंत या सितंबर की शुरूआत में एक और पीएसएलवी मिशन के साथ वापस आएगा। उन्होंने कहा कि अगले साल की शुरूआत में पीएसएलवी का औद्योगीकरण किया जाएगा और उन्होंने इस साल के लिए आगामी मिशनों की घोषणा की।

## कोलकाता के चिड़ियाघर में खुलेगा संरक्षण प्रजनन केंद्र

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोलकाता के न्यू टाउन में स्थित चिड़ियाघर में जल्द ही संरक्षण प्रजनन केंद्र खुलेगा।चिड़ियाघर के अधिकारियों के अनुसार हरिनाले नामक प्रजनन केंद्र आगामी चार महीनों में शुरू हो जाएगा।पश्चिम बंगाल चिड़ियाघर प्राधिकरण के शासी निकाय ने इस केंद्र की शुरूआत किये जाने को मंजूरी दे दी है और इसका काम जोरों पर है।केंद्र में विभिन्न प्रकार के पक्षियों का प्रजनन किया जायेगा जिनमें विदेशी पक्षी, लुप्तप्राय प्रजातियों के पक्षी आदि शामिल हैं।

चिड़ियाघर के इकाई प्रभारी विवेक ओझा ने बताया कि इसमें लुप्तप्राय प्रजाति पेंटेड स्टॉर्क (विशेष तरह के सारस) के प्रजनन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम इसे शिक्षा और संरक्षण प्रजनन केंद्र कह रहे हैं क्योंकि स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को इस जगह का दौरा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# शहीदों के सम्मान में चलेगा मेरी माटी, मेरा देश अभियान

## प्रधानमंत्री ने मन की बात में किया एलान

▸▸ 15 अगस्त से पहले शुरू होगा कार्यक्रम : मोदी
▸▸ लाखों पंचायतों में स्थापित होंगे विशेष शिलालेख
▸▸ देशभर से मिट्टी लाकर दिल्ली में बनेगी अमृत वाटिका



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को घोषणा की कि देश के शहीदों के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस से पहले ह्यमेरी माटी, मेरा देश अभियान शुरू किया जाएगा। मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 103वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए मोदी ने कहा कि हर जगह अमृत महोत्सव की गूंज है। 15 अगस्त पास ही है तो देश में एक और बड़ा अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहीद वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए मेरी माटी मेरा देश अभियान शुरू होगा। देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वालों की याद में पूरे भारत में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और लाखों ग्राम पंचायतों में विशेष शिलालेख भी स्थापित किए जाएंगे। मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत देशभर में अमृत कलश यात्रा आयोजित की जाएगी। मोदी ने कहा, देश के गांव-गांव से, कोने-कोने से 7,500 कलशों में मिट्टी लेकर यह अमृत कलश यात्रा देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। यह यात्रा अपने साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से पौधे लेकर भी आएगी। उन्होंने कहा कि कलश में आई माटी और पौधों के साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। मोदी ने कहा, यह अमृत वाटिका एक भारत-श्रेठ भारत का भी बहुत ही भव्य प्रतीक बनेगी। मैंने पिछले वर्ष लाल किले से अगले 25 वर्षों के अमृतकाल के लिए पंच प्रण की बात की थी।इस अभियान में हिस्सा लेकर हम इन पंच प्रणों को पूरा करने की शपथ भी लेंगे।

### मिट्टी हाथ में लेकर शपथ लेते हुए सेल्फी डालें

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से देश की पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ लेते हुए अपनी सेल्फी वेबसाइट युवा डॉट गॉव डॉट इन पर अपलोड करने की अपील की।

### इस साल भी हर घर तिरंगा में बढ़-चढ़कर लें हिस्सा

उन्होंने कहा कि हमें इस बार भी फिर से, हर घर तिरंगा फहराना है, और इस परंपरा को लगातार आगे बढ़ाना है। इन प्रयासों से हमें अपने कर्तव्यों का बोध होगा। देश की आजादी के लिए दिए गए असंख्य बलिदानों का बोध होगा। आजादी के मूल्य का एहसास होगा।इसलिए, हर देशवासी को इन प्रयासों से जरूर जुड़ना चाहिए।

## पेट्रोल और डीजल का मुनाफा जनता के बीच बांटे सरकार : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार सस्ती दर पर पेट्रोल और डीजल का आयात कर देश में उसे महंगे दाम पर बेचकर भारी मुनाफा कमा रही है और इस कमाई का फायदा देश की जनता को मिले इसलिए कीमत कम से कम 35 प्रतिशत तक की कम की जानी चाहिए।कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश रविवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल पर मुनाफाखोरी कर रही है और पिछले एक साल में कच्चा तेल 35 प्रतिशत तक सस्ता हुआ है लेकिन पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं घटाए गए। उन्होंने कहा कि देशवासी महंगाई और बेरोजगारी की मार झेलते हुए आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार देशवासियों की खून-पसीने की कमाई लूटने में लगी है। कच्चे तेल की कीमत कम होने के बावजूद उसका लाभ देशवासियों को देने की बजाए सरकार पेट्रोल और डीजल पर निर्दयी तरीके से टैक्स लगाकर सस्ते में ईंधन को महंगे में बेचकर मुनाफाखोरी कर रही है।

# मणिपुर में हालात बहुत गंभीर : चौधरी

### हजारों लोग बेघर हो गये हैं : आइएनडीआइए



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने रविवार को आरोप लगाया कि मणिपुर में अनिश्चितता और भय व्याप्त है तथा केंद्र और राज्य सरकार वहां बहुत गंभीर स्थिति से निपटने के लिए कोई मजबूत कदम नहीं उठा रही है। विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया का एक प्रतिनिधिमंडल दो दिवसीय दौरे के बाद हिंसा प्रभावित मणिपुर से लौट आया है। इंडिया गठबंधन ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले तीन महीने से जारी मणिपुर जातीय संघर्ष जल्द हल नहीं किया गया, तो यह देश के लिए सुरक्षा समस्याएं पैदा कर सकता है। इससे पहले, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के 21 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने इंफाल में राजभवन में मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की और यात्रा के दौरान अपनी टिप्पणियों पर एक ज्ञापन सौंपा। लोकसभा में कांग्रेस के नेता चौधरी ने पूर्वोत्तर राज्य से लौटने के बाद यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि मणिपुर के लोगों के मन में डर और अनिश्चितता है। मणिपुर में स्थिति बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में काफी अनिश्चितता है। हजारों लोग अपने घरों से बेघर हो गए हैं। उन्हें नहीं पता कि वे अपने घरों में कब लौटेंगे। खेती ठप हो गई है।

उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि कुकी और मेइती के बीच विभाजन को कैसे पाटा जाएगा। चाहे वह केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार, सरकार द्वारा कोई मजबूत कदम नहीं उठाया गया है।

## सावन में अक्षरा सिंह का नया गाना 'अक्षरा बम' हुआ रिलीज



**मुंबई।** भोजपुरी के सुपरस्टार अभिनेत्री और सिंगर अक्षरा सिंह ने सावन के महीने में अपना नया गाना अक्षरा बम रिलीज किया है। यह गाना वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड भोजपुरी के ऑफिशियल यू-ट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसमें अक्षरा हरे रंग के लिबास में भगवान शिव की भक्ति से ओतप्रोत नजर आ रही हैं। इस गाने ने शिव भक्तों पर अपना जादू चला दिया है और यह तेजी से वायरल हो रहा है। अक्षरा सिंह आज भोजपुरी की हस्ताक्षर मानी जाती हैं, जिसकी वजह से उनके गानों और फिल्म्स का लोगों को बेसब्री से इंतजार होता है। अक्षरा जब भी कोई नया प्रोजेक्ट लेकर आती है, तो सबके दिलों पर छा जाती है। उसी क्रम में उनका यह गाना भी है। इसको लेकर अक्षरा सिंह में कहा कि अक्षरा बम सिर्फ मेरा गाना नहीं, भगवान शिव के तमाम भक्तों का गाना है। इसलिए सभी इसे खूब सुने और प्यार व आशीर्वाद दें। अक्षरा सिंह ने कहा कि इस गाने में मैंने भगवान की स्तुति की है, जो दर्शकों और श्रोताओं को सावन के उत्सव में भक्ति भाव से ओत-प्रोत कर देगा।

## पूर्व सीएम पृथ्वीराज चव्हाण को धमकी

**मुंबई।** महात्मा गांधी के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए हिंदुत्व नेता संभाजी भिड़े की गिरफ्तारी की मांग करने वाले महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण को ईमेल के जरिए धमकी मिली है, जिसके बाद इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

चव्हाण के सहयोगी ने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता की पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक समीर शेख ने बताया कि रविवार को सतारा जिले के कराड शहर में प्राथमिकी दर्ज की गई। इससे पहले, चव्हाण के सहयोगी ने बताया था कि कांग्रेस के नेता ने शनिवार रात ईमेल पर धमकी मिलने के बाद कराड शहर में थाने में शिकायत दर्ज कराई है। चव्हाण कराड दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

# सात कंपनियों का मार्केट कैप 77,434 करोड़ घटा

### रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, टीसीएस, आइसीआइसीआइ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आइटीसी और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में आयी गिरावट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 77,434.98 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान आईटीसी और एचडीएफसी बैंक को हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 524.06 अंक या 0.78 प्रतिशत के नुकसान में रहा। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और बजाज फाइनेंस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। वहीं इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल का मूल्यांकन बढ़ गया। समीक्षाधीन सप्ताह में आईटीसी का बाजार पूंजीकरण 26,192.05 करोड़ रुपये घटकर 5,83,732.19 करोड़ रुपये रह गया।

एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 22,747.89 करोड़ रुपये के नुकसान से 12,40,322.63 करोड़ रुपये पर आ गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 12,127.47 करोड़ रुपये घटकर 4,47,298.52 करोड़ रुपये रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 5,818.43 करोड़ रुपये के नुकसान से 17,10,076.74 करोड़ रुपये और टीसीएस का 5,214.15 करोड़ रुपये टूटकर 12,27,739.80 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में 4,417.23 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 6,07,369.34 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 917.76 करोड़ रुपये के नुकसान से 6,96,495.74 करोड़ रुपये पर आ गई।

इस रुख के उलट भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 5,643.3 करोड़ रुपये बढ़कर 5,00,369.30 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। इन्फोसिस के मूल्यांकन में 4,129.44 करोड़ रुपये का उछाल आया और यह 5,56,271.03 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 981.71 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,800.72 करोड़ रुपये रही।

## जुलाई में एफपीआइ ने 45365 करोड़ किया निवेश

**नयी दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की लिवाली का सिलसिला जुलाई में भी जारी है। इस महीने में अबतक एफपीआई ने भारतीय शेयरों में शुद्ध रूप से 45,365 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ऐसा लगता है कि एफपीआई की लिवाली की रफ्तार अब सुस्त पड़ रही है। फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले पिछले दो कारोबारी सत्रों में विदेशी निवेशक बिकवाल रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने आगे ब्याज दर में और बढ़ोतरी का संकेत दिया है और ब्याज दर घटाने की संभावना से इनकार किया है।

# एलओसी पर बना स्वदेशी तेजस का नया ठिकाना



▸▸ घाटियों में उड़ान भरने के लिए एलसीए बेड़े को अग्रिम मोर्चे पर ले जाया गया
▸▸ कारगिल युद्ध के दौरान लांचिंग बेस में से एक था वायुसेना का यह अग्रिम एयरबेस अवंतीपोरा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के साथ सीमा पर घाटियों में उड़ान का अनुभव लेने के लिए स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस को जम्मू और कश्मीर में स्थानांतरित कर दिया है। केंद्रशासित प्रदेश में उड़ान और अन्य अभियानों में अनुभव प्राप्त करने के लिए एलसीए बेड़े को अग्रिम मोर्चों पर ले जाया गया है, जहां बेड़े के पायलट व्यापक उड़ान भर रहे हैं। इन विमानों के लिए फिलहाल अवंतीपोरा फॉरवर्ड एयरबेस पर ठिकाना बनाया गया है। भारतीय वायुसेना के केंद्रशासित प्रदेश में कई अड्डे हैं, जो चीन और पाकिस्तान सहित दोनों मोर्चों पर संचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं। वायुसेना अनूठे इलाके में उड़ान भरने का अनुभव लेने के लिए जम्मू-कश्मीर और लद्दाख सहित उत्तरी क्षेत्र में अपने लड़ाकू विमानों को ले जाती रहती है। वायुसेना अधिक से अधिक क्षमताओं को जोड़कर स्वदेशी एलसीए तेजस लड़ाकू विमान का पुरजोर समर्थन कर रही है। वायुसेना ने एलसीए तेजस की दो स्क्वाड्रन का संचालन शुरू कर दिया है, जबकि 83 मार्क-1ए के लिए एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिनकी डिलीवरी अब से कुछ साल बाद होने वाली है।वायु सेना ने तेजस के लिए तमिलनाडु में 45 स्क्वाड्रन 'फ्लाइंग डैगर्स' और 18 स्क्वाड्रन 'फ्लाइंग बुलेट्स' सुलूर एयर बेस पर बनाई हैं, जो तेजस लड़ाकू विमान के प्रारंभिक परिचालन मंजूरी (आईओसी) और अंतिम परिचालन मंजूरी (एफओसी) वेरिएंट से सुसज्जित हैं। अब वायु सेना की नजर एलसीए मार्क-2 और पांचवीं पीढ़ी के उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) पर भी है। स्वदेशी एलसीए तेजस को पहले से ही पाकिस्तानी और चीनी संयुक्त उद्यम जेएफ-17 फाइटर जेट की तुलना में कहीं अधिक सक्षम माना जाता है। हैमर जैसी मिसाइल से लैस होकर तेजस उनसे कहीं अधिक उच्च श्रेणी में होगा। कश्मीर की वादियों में एलसीए तेजस के उड़ान भरने की पुष्टि तब हुई, जब भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान ने एओसी-इन-सी एयर मार्शल पीएम सिन्हा के अवंतीपोरा फॉरवर्ड एयरबेस के दौरे के बारे में एक ट्वीट साझा किया, जहां उन्हें तेजस एमके-1 लड़ाकू विमान की जांच करते देखा गया। वायुसेना का यह अग्रिम एयरबेस कारगिल युद्ध के दौरान लॉन्चिंग बेस में से एक था।

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने भी हाल ही में एक फॉरवर्ड फाइटर बेस के कर्मियों के साथ बातचीत करके उनकी उच्च परिचालन तैयारियों को सराहा है। इससे पहले अगस्त, 2020 में दावा किया गया था कि जून, 2020 में गलवान झड़प और उसके बाद वास्तविक एलएसी पर चीन के साथ सीमा गतिरोध के मद्देनजर वायु सेना ने तेजस लड़ाकू विमानों को पश्चिमी सीमा पर एक फॉरवर्ड एयरबेस पर रखा था।

VERMA PRESS ®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !